ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 13 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 02 जून 2023 • वर्ष-29 • अंक-226 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

सारा अली खान ने ट्रोलर्स को दिया करारा... पेज 10 पर



## सीएम हेमंत बोले, जोहार परियोजना पोर्टल में होंगे कई और बदलाव

# योजनाओं में न बरतें कोई लापरवाही

### मुख्यमंत्री ने जोहार परियोजना पोर्टल पर अपलोड योजनाओं की समीक्षा की

### अधिकारी फील्ड विजिट कर योजनाओं की जमीनी हकीकत जानें



### मुख्य रूप से इन परियोजनाओं की हुई समीक्षा

सुवर्णरिखा बहुउद्देशीय परियोजना, 37800 मेगावाट पतरातू सुपर थर्मल पावर स्टेशन के लिए संचरण योजना, संपूर्ण गोड्डा आरडब्ल्यूएसएस के अंतर्गत बोरियो (संपूर्ण प्रखंड) साहेबगंज जिला अंतर्गत गुमानी बराज योजना, गोड्डा एवं सुंदर पहाड़ी रूरल पाइप वॉटर सप्लाई स्कीम सहित झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, एशियन डेवलपमेंट बैंक संपोषित झारखंड अर्बन वॉटर सप्लाई इंप्रूवमेंट प्रोजेक्ट मेदिनीनगर निगम, विद्यासागर एवं जामताड़ा प्रखंड अंतर्गत सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना, कांटा टोली (रांची) फ्लाईओवर निर्माण परियोजना, सरैयाहाट प्रखंड सरैयाहाट ग्रामीण जलापूर्ति योजना, बाघमारा रूरल वॉटर सप्लाई स्कीम फेज-क्क बरलंगा- नेमरा-कसमार-खैराचातर पथ निर्माण कार्य, धोबा-धोबिन-खरपोश-बेनिसागर पथ निर्माण कार्य, रांची जिला अंतर्गत नेवरी विकास विद्यालय से बूटी मोड़, कोकर चौक-कांटा टोली- नामकोम आरओबी तक पथ निर्माण कार्य, साहिबगंज जिला अंतर्गत रांगा सिमरा-हिरन-डुमील श्रीरामपुर-इलाकी भोरबंध- सिमलघाब पथ निर्माण कार्य योजनाओं सहित कई विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति में तेजी एवं योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिया।

### जोहार परियोजना पोर्टल पर अपलोड योजनाएं

उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में 30 मई तक जोहार परियोजना पोर्टल पर 1138 योजनाओं की जानकारी है । इसमें 931 योजनाओं का शिलान्यास हो चुका है जबकि 207 योजनाओं को मंत्रिमंडल की स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं, 595 योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है।

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि गुड गवर्नेंस के लिए जरूरी है कि योजनाएं तय समय पर पूरी हों। योजनाओं में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाए। विशेषकर बजट में विभिन्न विभागों के लिए जो बजटीय प्रावधान किए जाते हैं, उसके अनुरूप कार्यों में गति होनी चाहिए। इसके लिए अधिकारियों को पूरी जवाबदेही और गंभीरता से कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में विभागों के प्रधान सचिव, सचिव के साथ उच्च स्तरीय बैठक में जोहार परियोजना पोर्टल पर अपलोड योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज जोहार परियोजना पोर्टल की पहली समीक्षा हुई। इसमें कई बदलाव करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने विभागों के प्रधान सचिव और सचिव को कहा कि वे हर महीने अपना शेड्यूल तय करें। इसमें कम से कम तीन से चार दिन फील्ड विजिट को शामिल करें, ताकि साइट पर उन्हें तमाम योजनाओं का जमीनी हकीकत मालूम हो और उसी हिसाब से आगे की रणनीति तय की जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी योजनाएं कई विभागों से जुड़ी होती हैं। ऐसे में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल हो, ताकि उसका क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो सके। उन्होंने विभागीय सचिवों से कहा कि वे तमाम योजनाओं की प्रॉपर मॉनिटरिंग करें, ताकि उसमें अगर किसी प्रकार का व्यवधान या समस्या आए तो उसका समाधान निकाला जा सके। इसका यह फायदा होगा कि योजनाएं समय पर पूरी हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने विभागीय सचिवों को कहा कि वे अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का आकलन करते हुए उसकी विस्तृत समीक्षा करें, ताकि उसका क्रियान्वयन सही तरीके से हो और तमाम चीजें सुचारू पूर्वक आगे बढ़ सकें। कई योजनाएं समय पर पूरी नहीं हो पाती है। योजनाओं में विलंब से उसका लागत भी बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए योजनाओं की लगातार निगरानी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाएं धरातल पर उतर रही है या नहीं । योजनाओं की प्रगति किस स्तर पर है । गुणवत्ता के साथ कार्य हो रहे हैं या नहीं। इसका अब लाइव वेरिफिकेशन किया जाएगा । सूचना प्रौद्योगिकी के सहयोग से इसकी व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत तमाम योजनाओं की साइट से उसकी प्रगति की जानकारी ली जाएगी। आप सभी अधिकारी इसके लिए अपनी तैयारी पूरी कर लें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तमाम योजनाओं की टाइमलाइन तय करें। इसके तहत योजनाओं को लेकर डीपीआर तैयार करने, टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने, कार्य की शुरूआत और उसके पूर्ण होने का समय निर्धारित हो। यदि योजनाओं में विलंब होता है तो किस स्तर पर कितना विलंब हुआ, इसकी भी रूपरेखा तय होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि वे अपनी कार्यशैली में बदलाव लाएं और पूरी जवाबदेही के साथ अपने कार्यों को सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## दिव्यांगों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं

# उनकी क्षमता को पहचान कर प्रेरित करें : राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि प्रतिभा की कोई सीमा नहीं होती। यह शारीरिक और मानसिक सीमाओं से परे है। वास्तव में कई दिव्यांग व्यक्तियों ने विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण कौशल और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया है। दिव्यांगों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। हमें उनमें निहित अद्वितीय क्षमताओं को पहचान कर उनके अनुरूप कार्य करने के लिए उन्हें प्रेरित करना चाहिए। राज्यपाल गुरुवार को रांची के श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति केंद्र के नये भवन का उद्घाटन के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वप्रथम 'दिव्यांग' शब्द के उपयोग का सुझाव दिया था। हम इस पहल के लिए प्रधानमंत्री के आभारी हैं। उन्होंने दिव्यांगों को सशक्त बनाने के लिए कई पहल की हैं। हमारे प्रधानमंत्री दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं। राज्यपाल ने कहा कि दिव्यांगों ने रूढ़िवादिता को तोड़ते हुए खेल से लेकर कला, शिक्षा से लेकर उद्यमिता तक में अपनी क्षमता साबित की है। हमने पैरालंपिक में एथलीटों द्वारा उल्लेखनीय प्रदर्शन को देखा है । उनके दृढ़ संकल्प और अद्वितीय कौशल ने दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित किया है। साथ ही कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी दिव्यांगजनों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पेंटिंग, मूर्तिकला, संगीत, नृत्य या कविता के माध्यम से उनकी रचनात्मक प्रतिभा की उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। राज्यपाल ने सहायता समिति के कार्यों की सराहना भी की। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, सांसद संजय सेठ और विधायक समरी लाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### अब्दुल हमीद ने रांची पीआईबी में संयुक्त निदेशक का पदभार संभाला

**रांची।** भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी अब्दुल हमीद ने गुरुवार को पत्र सूचना कार्यालय, रांची में संयुक्त निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया। हमीद इससे पूर्व आकाशवाणी रांची में समाचार सेवा प्रभाग के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। भारतीय सूचना सेवा में 35 वर्ष से अधिक के कार्यकाल में हमीद ने दिल्ली, कोलकाता, गंगटोक, गुवाहाटी, इंफाल एवं रांची में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रमुख विभागों पीआईबी, आकाशवाणी, प्रकाशन विभाग, दूरदर्शन, सीबीसी में अपनी सेवाएं दी हैं। पीआईबी रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि हमीद की योग्यता एवं अनुभव का लाभ पीआईबी, रांची को मिलेगा। इस मौके पर पीआईबी रांची के कार्यालय प्रमुख ओंकार नाथ पांडेय एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर भी मौजूद थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा सहित सात आरोपित कोर्ट में हुए पेश



**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा सहित सात गुरुवार को ईडी कोर्ट में उपस्थित हुए। मामले में ईडी की ओर से इनकम टैक्स के तत्कालीन डिप्टी डायरेक्टर डॉ प्रभा कांत की गवाही हुई। उनकी गवाही शुक्रवार को भी जारी रहेगी। मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, विनोद कुमार सिन्हा, विकास सिन्हा, कोलकाता के कारोबारी विजय जोशी, अनिल बस्तावडे और मनोज पुनमिया अदालत के समक्ष पेश हुए। मामले में मधु कोड़ा के अधिवक्ता चंद्रभानु और पांडे नीरज राय ने जिरह किया। उल्लेखनीय है कि मधु कोड़ा जब मुख्यमंत्री थे तब उनके मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों और उनके सहयोगियों पर करोड़ों रुपये की अवैध कमायी करने का आरोप लगा है।


# सीआईडी ने जामताड़ा से साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी ) के रांची साइबर थाना ने जामताड़ा जिले के करमाटांड थाना क्षेत्र के फोफनाद गांव से साइबर अपराधी करण मंडल को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से चार मोबाईल फोन, चार सिमकार्ड, एक एटीएम और एक पासबुक बरामद किया गया है। सीआईडी के एसपी एस कार्तिक ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि यह मामला आईसीआईसीआई बैंक के जरिये दर्ज कराया गया था। बैंक के विभिन्न खाताधारकों को अज्ञात साइबर अपराधी की ओर से फिशिंग एसएमएस भेजे जाने के आरोप लगाया गया था। इस एसएमएस के जरिये लोगों को एकाउंट, पेन कार्ड अपडेट करने के नाम पर मालिसियस फेक एंड्राइड (एपीके) फाइल भेजा रहा है। जो प्रथम दृष्ट्या आईसीआईसीआई बैंक के इंटरनेट बैंकिंग से मिलता जुलता फेक एप्लीकेशन जैसा पाया गया। एसपी ने बताया कि यह फेक एप्लीकेशन इंस्टॉलेशन के वक्त उपयोगकर्ता के मोबाईल से एसएमएस रिसीव कर सेंड करने का परमिशन मांगता है, ताकि यह इंटरनेट बैंकिग से संबंधित सिस्टम को इंटरसेप्ट कर सके। यह एप्लीकेशन सेंसिटिव इनफार्मेशन जैसे पेन कार्ड, मोबाईल नंबर, एकटीएम कार्ड नंबर, आईडी पासवर्ड एसएमएस के माध्यम से साइर अपराधियों के पास चला जाता है। इसके जरिये साइबर अपराधी ठगी करता है। मामले के अनुसंधान के क्रम में भारतीय साइर अपराध समन्वय केंद्र , गृह मंत्रालय से सहयोग प्राप्त कर इस अपराध शैली का तकनीकी रुप से अनुसंधान करते हुए साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अज्ञात नंबर से कॉल आने पर अपनी निजी जानकारी साझा ना करें। साथ ही किसी भी लिंक या एसएमएस पर क्लिक ना करें। साइकर अपराधी का शिकार होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

# झारखंड के 80 विद्यालयों के नाम के साथ जुड़ेगा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस




**रांची।** झारखंड की हेमंत सरकार स्कूलों के नाम बदल रही है। इस बदलाव को लेकर विरोध तेज होने लगा है। लोहरदगा में नदिया हिंदू हाई स्कूल का नाम बदलकर डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस कर दिया गया। रामरुद्र प्लस टू हाईस्कूल चास के भी नाम बदले जाने का विरोध हो रहा है। झारखंड सरकार ने 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के नाम के साथ अब सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस जोड़ने की बात की है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा पिछले दिनों आदेश जारी किया गया था। शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार, कुछ स्कूलों के नाम बदले गये हैं। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने नदिया हिंदू उच्च विद्यालय का नाम बदले जाने पर आपत्ति जताई है। नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय की स्थापना आजादी से पहले सन 1931 में की गई थी। स्कूल की स्थापना घनश्याम दास बिड़ला और स्थानीय लोगों ने मिलकर की थी। इस विद्यालय में स्थापना समय से ही हिंदू-मुस्लिम एवं सभी धर्मों के लोग एक साथ आपसी भाई-चारे के साथ पढ़ते हैं। तब से इस विद्यालय का नाम नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय रहा है। तत्कालीन बिहार सरकार ने जब स्कूल का अधिग्रहण कर इसे सरकारी विद्यालय के रूप में मान्यता दी तो नाम नहीं बदलने की शर्त पर ही विद्यालय को स्थानीय लोगों ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### इन विद्यालयों के पुराने नाम में किये गये बदलाव

- आरके प्लस टू गर्ल्स हाईस्कूल गढ़वा नाम से आरके हटाया गया।
- गवर्नमेंट सीडी गर्ल्स हाईस्कूल झुमरीतिलैया नाम से सीडी हटाया।
- एसएसएलएनटी गवर्नमेंट गर्ल्स प्लस टू स्कूल धनबाद से एसएसएलएनटी हटाया गया।
- अपग्रेड प्रोजेक्ट गर्ल्स प्लस टू स्कूल नावाडीह में रामरुद्र जोड़ कर स्कूल को चास में बताया।
- एसएस गर्ल्स हाईस्कूल रामगढ़ कैंट से एसएस हटाया।
- जिला स्कूल हजारीबाग विद्यालय से जिला हटाया गया।
- पाकुड़ राज प्लस टू स्कूल से राज शब्द हटाया गया।
- गवर्नमेंट नदिया हिंदू हाई स्कूल लोहरदगा से हिंदू शब्द हटाया गया।
- रामरुद्र प्लस टू हाईस्कूल चास से रामरुद्र शब्द हटा कर शुरू में एलएनटी जोड़ा गया।
- झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने इस फैसले की निंदा की है।

# दस हजार घूस लेते कर्मचारी गिरफ्तार

### अपने ही सीसीएल कर्मचारी से मांगी घूस

### एसीबी ने प्लान बनाकर पकड़ा


**चरही।** सीसीएल हजारीबाग एरिया के चरही रेलवे साइडिंग इंचार्ज को एसीबी की टीम ने रंगे हाथ 10 हजार रुपए घूस लेते पकड़ा है। सीसीएल हजारीबाग एरिया चरही के रेलवे साइडिंग कर्मी श्याम मांझी ने एसीबी से शिकायत की थी। उसने एसीबी को बताया था कि साइडिंग इंचार्ज विजय प्रसाद मेहता मुझसे 10 हजार रुपए घूस मांग रहे हैं। एसीबी ने रंगे हाथों इसे पकड़ने की योजना बनाई। एसीबी की टीम ने करवाई करते हुए बुधवार का दिन तय किया। एसीबी की टीम ने श्याम मांझी को केमिकल लगा हुआ 10 हजार रुपए दिया। बुधवार को जब श्याम मांझी विजय प्रसाद मेहता को 10 हजार रुपए घूस देने गया, जैसे विजय प्रसाद मेहता ने केमिकल लगा हुआ रुपया अपने हाथ मे पकड़ा। एसीबी की पांच सदस्यीय टीम ने उसे धर दबोचा। एसीबी के लोगों ने साइडिंग इंचार्ज का हाथ जब में पानी डाला तो उनका हाथ लाल हो गया। रेलवे साइडिंग पर ही एक कमरे में एसीबी की टीम ने शिकायतकर्ता के समक्ष साइडिंग इंचार्ज से लगभग 3 घंटे से पूछताछ की।

### रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी रंगे हाथों गिरफ्तार

**खूंटी।** एसीबी रांची की टीम ने गुरुवार को खूंटी तहसील कार्यालय के कर्मचारी और राजस्व उप निरीक्षक अरविंद बिहारी दास को पांच हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपित कर्मचारी ने हूटार गांव निवासी काली महतो से किसी कार्य के लिए पांच हजार रुपये की मांग की थी। काली महतो ने इसकी जानकारी एसीबी को दी थी।

**महंगाई** — 100 यूनिट तक बिजली उपभोग करने वालों को मिलती रहेगी सब्सिडी

# बिजली दर में 6.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी, प्रति यूनिट पांच पैसे देना होगा



**रांची, मुख्य संवाददाता।** झारखंड विद्युत नियामक आयोग ने गुरुवार को बिजली के टैरिफ पर बदलाव संबंधी आदेश जारी कर दिया। आदेश के साथ ही एक जून से बिजली के उपभोक्ताओं को अधिक दर पर भुगतान करना होगा। आयोग ने वर्तमान बिजली दर में 6.50 % की बढ़ोतरी की। अब शहरी व ग्रामीण आम उपभोक्ताओं को 5 पैसा प्रति यूनिट तक की बढ़ोतरी की गयी है । इसके साथ ही फिक्स चार्ज में भी शहरी कंज्यूमर के लिए 25 रुपए और ग्रामीण कंज्यूमरों के लिए फिक्स चार्ज में 30 रूपया की बढ़ोतरी की गयी है। हाईटेंशन स्पेशल सर्विस (फर्नेस इंडस्ट्रीज, लोहा गलाने के इंस्ट्रीज) की बिजली 35 पैसे सस्ती की गयी है, जबकि इंडस्ट्रीज एरिया के बिजली दरों में इजाफा किया है। हाई और लो टेंशन इंडस्ट्रीज सप्लाई बिजली दर में 15 पैसे की बढ़ोतरी की गयी है। गौरतलब है कि जेबीवीएनएल ने वित्तिय वर्ष 2021-22 के लिए 25 पैसा से 75 पैसा प्रति यूनिट बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया था।

**रेलवे व मिलिट्री सर्विस की बिजली भी महंगी**

रेलवे और मिलिट्री सर्विस की बिजली भी महंगी हो गयी है, वहीं आयोग ने सिंचाई एवं कृषि कार्य के कंज्यूमरों को राहत दिया है। इसमें कोई बढ़ोतरी नहीं की गयी। लेकिन फिक्स चार्ज को 20 रूपया से बढ़ाकर 40 रूपए किया गया है। नए बिजली टैरिफ 2021-22 की घोषणा झारखंड विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन जस्टिस अमिताभ कुमार गुप्ता, मेंबर तकनीकी अतुल कुमार और मेंबर विधि महेंद्र प्रसाद ने गुरूवार को की। उन्होंने बताया कि कि जेबीवीएनएल ने 17 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया था, लेकिन जनसुनवाई के बाद इसे साढ़े छह प्रतिशत तक बढ़ोतरी को मंजूरी प्रदान की। ये भी उपभोक्ताओं के लिए राहत की बात -यदि उपभोक्ता बिल तिथि के 5 दिनों के भीतर भुगतान करता है, तो उपभोक्ता को बिल के भुगतान पर 2 प्रतिशत की तत्काल छूट मिलेगी।

### अभी यह है बिजली दर

| श्रेणी- | वर्तमान दर | वर्तमान फिक्स दर |
|---|---|---|
| घरेलू (ग्रामीण) | 5.75 | 20 |
| घरेलू (शहरी | 6.25 | 75 |

### अभी ऐसे मिल रहा है सब्सिडी का लाभ

| कैटगरी | वर्तमान दर | सब्सिडी (प्रति यूनिट) |
|---|---|---|
| घरेलू ग्रामीण | 5.75 | 4.25 |
| घरेलू शहरी | 6.25 | 2.75 |

### इस तरह मिल रहा है उपभोक्ताओं को सब्सिडी

100-200 यूनिट पर सब्सिडी 2.75 रुपया

201-400 यूनिट पर सब्सिडी 2.05 रुपया

क्या है 2021-22 का टैरिफ (प्रति यूनिट दर)

श्रेणी-वर्तमान दर-वर्तमान फिक्सड चार्ज(मासिक)-प्रस्तावित दर-प्रस्तावित फिक्सड चार्ज(मासिक)

घरेलू(ग्रामीण)-5.75- 20-5.80-50 ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# गुमला में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो लाख का इनामी नक्सली ढेर



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत आंजन-मड़वा जंगल में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के दस्ते के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ में कुख्यात नक्सली राजेश उरांव मारा गया। राज्य सरकार ने उस पर दो लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। गुमला के एसपी डॉ. एहतेशाम वकारीब ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि इस क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर रंथु उरांव का दस्ता भ्रमणशील है। ये लोग किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना के बाद उनके नेतृत्व में जिला पुलिस ने नक्सलियों के विरुद्ध सर्च अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि गुरुवार की सुबह आंजन मड़वा जंगल में नक्सलियों ने पुलिस को लक्ष्य कर फायरिंग की। इसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग शुरू कर दी। करीब एक घंटे तक चली मुठभेड़ के बाद अपनी स्थिति कमजोर होती देख सारे नक्सली घने जंगल का फायदा उठाते हुए भाग निकले। मुठभेड़ के बाद चलाये गये सर्च अभियान में पुलिस ने नक्सली राजेश उरांव का शव मिला। साथ ही हथियार, गोली व अन्य सामान बरामद किया गया। फिलहाल, नक्सलियों की तलाश में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

NEWS इन ब्रीफ

## अगलगी में एक लाख रुपये से अधिक का नुकसान

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार पंचायत के बरवाडीह गांव में गुरुवार को एक घर में अचानक आग लग गई। भुक्तभोगी के अनुसार इसमें एक लाख रुपए से अधिक की सम्पति जलकर राख हो गयी। यह घटना चार बजे के आस पास की बताई जाती है। जानकारी के अनुसार बरवाडीह गांव के मंगल यादव के घर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग विकराल रूप ले लिया। और इसमें अनाज, कपड़ा, बर्तन व मवेशियों का चारा भी जलकर राख हो गया। इस घटना की सूचना ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया अमरेंद्र कुमार ठाकुर को दी। उन्होंने इसकी सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के साथ आग बुझाने में जुट गया।

## छत से गिरकर युवक घायल ,रेफर

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी रामजी मेहता का 35 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार मेहता छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने तत्काल उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल मे भर्ती कराया। जहां ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# मां दुर्गा मंदिर के स्थापना दिवस पर दुगोला कार्यक्रम का आयोजन



**सतबरवा।** प्रखंड के धावाडीह में मां दुर्गा मंदिर की स्थापना दिवस पर बुधवार को दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह,प्रमुख रीमा देवी ,उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस मौके पर व्यास गुड्डू हलचल मगध बिहार तथा रामाशंकर सिंह बिहार के बीच भोजपुरी गीत संगीत का मुकाबला हुआ । दोनों ब्यास भोजपुरी में एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किये। इस मौके पर पूजा कमेटी के अध्यक्ष उमेश यादव ,पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव,संजय यादव, भाजपा अनुसूचित जनजाति के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बिजली आपूर्ति अनियमित होने से नगरवासियों का जीना मुहाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** भीषण गर्मी ने छतरपुर के लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। लो वॉल्टेज और अनियमित बिजली आपूर्ति से लोग खासे परेशान हैं। इन समस्याओं के बावत नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविन्द गुप्ता चुनमुन ने विद्युत आपूर्ति प्रमंडल छतरपुर के कार्यपालक अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है। श्री अरविंद ने मांग पत्र में दिए गए जिन समस्याओं की ओर कार्यपालक अधिकारी का ध्यान अकृष्य कराया है उसमें कहा गया है कि नगर पंचायत अंतर्गत पड़ने वाला मसिहानी गांव एक बड़ा इलाका है जहां के लोग नियमित बिजली बिल जमा करते हैं लेकिन उनके गांव की बिजली व्यवस्था सेपरेट ट्रांसफार्मर नहीं होने से अत्यंत लचर है। नतीजन लोगों को लो वॉल्टेज और अनियमित विद्युत आपूर्ति के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनके द्वारा यह भी कहा गया कि कुछ महीने पूर्व सैकड़ो लोगों ने उनके नेतृत्व में हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन विभाग को सौंप कर समस्या के निराकरण की मांग की थी लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं दूसरे मामले में कहा गया है कि नगर से सटे महुआलेवा गांव में भी आजादी के बाद से ही बिजली नहीं पँहुची है, नतीजन गांव के लोग आदम जमाने मे जीने को विवश हैं। इस आशय का ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन भी कुछ महीने पूर्व उनके नेतृत्व में विभाग को दिया था लेकिन अभी तक उसके समाधान के दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई है। साथ ही ज्ञापन में यह मांग भी किया गया है कि नगर के लोग पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं होने से परेशान हैं। भीषण गर्मी में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। उन्होंने ने यह भी कहा कि बिजली विभाग को लोगों की परेशानी को देखते हुए समस्याओं के निराकरण के बाबत संज्ञान लेना चाहिए। वरना लोग आंदोलन करने को विवश हो जाएंगे। वहीं इस सम्बंध में विद्युत कार्यपालक अधिकारी और कनीय अभियंता ने समस्याओं के निराकरण की बाबत संवेदनशीलता के साथ आश्वस्त किया है कि समस्याओं के निराकरण की दिशा में विभाग द्वारा जल्द ही सकात्मक पहल की जाएगी।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ पलामू एसीबी की बड़ी कार्रवाई

# प्रधान सहायक 10 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**2019 में वेलकम बोर्ड का कराया था निर्माण**

**नियमतः यह राशि एक वर्ष के बाद मिल जानी थी**

**कार्य पूर्ण करने के चार साल बाद भी जमानत राशि वापस नही की गयी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पलामू एसीबी की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने विश्रामपुर नगर परिषद के प्रधान सहायक अनिल कुमार को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी की यह कार्रवाई गुरुवार के दोपहर एक बजे की बतायी जा रही है। एसीबी के अधिकारियों ने बताया कि नप के संवेदक ओमकारनाथ सिंह ने लिखित शिकायत दर्ज करायी थी। शिकायत में ओमकारनाथ सिंह ने कहा था कि 2019 में वेलकम बोर्ड का निर्माण कराया था। जिसकी जमानत राशि 41 हजार 688 रुपये नप कार्यालय में जमा था। नियमतः यह राशि एक वर्ष के बाद मिल जानी थी। लेकिन कार्य पूर्ण करने के चार साल बाद भी जमानत राशि वापस नही की गयी। जमानत राशि के निकासी हेतु कई बार नप कार्यालय का चक्कर लगाये।लेकिन अनिल कुमार ने राशि निर्गत नही की। राशि निर्गत करने के एवज में वह 10 हजार रुपये बतौर रिश्वत मांग रहा था। अनिल कुमार यह रिश्वत सहायक नगर आयुक्त के नाम पर मांग रहा था।ओमकारनाथ सिंह के शिकायत का जब जांच किया गया तो वह सही मिला। जिसके बाद गुरुवार को अनिल कुमार को 10 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। साथ मे उसका सहयोगी चालक जितेंद्र बहेलिया भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों को गिरफ्तार कर एसीबी की टीम मेदिनीनगर स्थित कार्यालय ले गयी। जहां उनसे पूछताछ की जा रही है।

## पाटन में जन जागरण अभियान कल से

**पाटन ।** बीजेपी पाटन मंडल के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल के अवसर विधानसभा स्तरीय जन जागरण अभियान का माननीय लोकप्रिय विधायक पुष्पा देवी एवं भाजपा नेता पूर्व सांसद पलामू मनोज कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया जाएगा सभी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्य सभी मोर्चा के अध्यक्ष कार्यसमिति सदस्य सभी पंचायत संयोजक सहसंयोजक सभी बुथ अध्यक्ष पाटन मंडल में निवास करने वाले प्रदेश के पदाधिकारी जिला कार्यसमिति सदस्य मंडल प्रभारी के साथ साथ छतरपुर विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है। **कार्यक्रम इस तरह निर्धारित किया गया है :** 2 जून 2023सिक्की में सुबह 9:00 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस, हिसरा बरवाडीह समय 9:30 बजे जनजागरण अभियान का शुभारंभ, 11:00 बजे पड़वा प्रखंड अंतर्गत ग्राम बासु मे प्रेस कॉन्फ्रेंस विधायक पुष्पा देवी एवं भाजपा नेता पूर्व सांसद मनोज कुमार के द्वारा की जाएगी।

## गोवर्धन योजना को लेकर कृषक जागरुकता अभियान



**हरिहरगंज।** आत्मा पलामू की ओर से प्रखंड सभागार पिपरा में गोवर्धन योजना को लेकर कृषक गोष्ठी का आयोजन सह जागरूकता अभियान चलाया गया। एक दिवसीय इस कार्यक्रम में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक संजय कुमार सिंह ने किसानों को गोवर्धन योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान पशु पालन करें, पशुओं के गोबर से उन्हें फायदा होगा। उन्होंने गोबर से होने वाले विभिन्न प्रकार के फायदे के बारे में बताते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य स्थानीय स्तर से लेकर देश स्तर तक गोबर के उपयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सरकार किसानों से गोबर खरीदने का काम करेगी और उस गोबर से बायोगैस बायो सीएनजी बनाते हुए इसे किसानों तक पहुंचाएगी। गोबर से किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि पशुओं के गोबर तथा अन्य पदार्थों से जैविक खाद बनाई जाएगी। इस योजना के तहत स्वच्छ भारत की परिकल्पना भी साकार होगी। क्योंकि पशुओं के गोबर एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों से जैविक खाद एवं बायोगैस सीएनजी बनाया जाएगा। बैठक में दर्जनों की संख्या में किसान मित्र, किसान तथा स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## पूर्व सांसद मनोज कुमार ने वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव से की मुलाकात

**पाटन।** छतरपुर पाटन विधानसभा क्षेत्र के जन समस्याओं को लेकर बुधवार को पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद मनोज कुमार के द्वारा झारखण्ड सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव से प्रोजेक्ट भवन रांची में मुलाकात कर पलामू जिले में व्याप्त जल संकट को दूर करने तथा पलामू जिले में एकल विद्यालय खोलने की मांग की गई । मौके पर साथ मे पाटन छतरपुर जिला परिषद के विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह भी मौजूद थे।

### पक्का मकान व चार पहिया वाहन वालों को मिला पीएम आवास

# मनातू में अभी भी लापरवाही के साथ कार्य कर रहे हैं अधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू ।** प्रखंड कर्मियों व पंचायत प्रतिनिधियों की मिलीभगत से प्रखंड में नियम कानून को धत्ता बताते हुए सुखी संपन्न व पक्का मकान वालों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ धड़ल्ले से दिया जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला डुमरी पंचायत के सिकनी गांव में आया हैं। सिकनी गांव में उमेश कुमार यादव पिता झगरू यादव का मनातू में पक्का मकान भी हैं और इनके नाम से चार पहिया वाहन भी हैं। बावजूद इसके नियम की अनदेखी कर प्रखंड कर्मियों व पंचायत प्रतिनिधियों की मिलीभगत से उमेश कुमार यादव को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दे दिया गया।उमेश कुमार यादव को पिछले 3 नवंबर को ही एफटीओ नंबर जेएच 3405006-011121 एफटीओ 768618 से बतौर प्रथम किस्त की राशि 40.000 रुपए भुगतान कर दिया गया जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए सर्व प्रथम लाभुक का चयन गांव के स्वंमसेवक के द्वारा जाँच कर की जाती हैं तत्पश्चात सही व योग्य पाए जाने पर आवास के लिए लाभुक का चयन किया जाता हैं। इस तरह प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने में स्वंसेवक और पंचायत सेवक की अहम भूमिका होती हैं, पर यहाँ स्वं सेवक व पंचायत सेवक दोनों द्वारा नियम विरुद्ध कार्य कर सुखी सम्पन्न व पक्का मकान वाला व चार पहिया वाला को प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए सुविधा शुल्क लेकर धड़ल्ले से किया जा रहा हैं।यह तो सिर्फ एक उदाहरण हैं इस तरह के कई मामले सभी गांव में जाँच पड़ताल करने पर मिल जायेंगे। मनातू प्रखंड विकास पदाधिकारी सचितानन्द महतो ने बताया की अगर ऐसा मामला है तो सरासर गलत है पक्का मकान वाला और चार पहिया वाले को व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं देना हैं इस जाँच कर करवाई की जाएगी।इस मामले में स्वयंसेवक और पंचायत सेवक ने बताया की मेरे पीरियड में नहीं की गई है मुझे कुछ मालूम नहीं है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

**शुद्धि पत्र**

पत्रांक – 471 गढ़वा/दिनांक – 01.06.2023

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित Advertisement ID- 298759, Ad Received on 31.05.2023 (WRD) अति अल्पकालीन निविदा आंमत्रण सूचना संख्या– 01-F2/2023-24 में क्रमांक–3 में तकनीकी कारण से आंशिक संशोधन किया गया है, जिससे BOQ की राशि 18,00,000.00 के स्थान पर 3,00,000.00 एवं Class of Contractor eligibility Class- 3 के स्थान पर Class- 4, Earnest Money- 6000.00, Cost of Tender Paper- 750.00, क्रमांक 1 से 11 तक का Date of Opening Tender- 08.06.2023 at 12.00 PM किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.298896 Minor Irrigation(23-24):D

**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक ............... दिनांक ......................

इच्छा से अभिव्यक्ति (EOI) सूचना संख्या 08/2023–24

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत गाँधी मैदान, मैरिन ड्राईव (टाउन हॉल) एवं अम्बेडकर पार्क (कुल 3 शौचालय) में निर्मित शौचालय का रख–रखाव किया जाना है। प्रति शौचालय 30,000 (तीस हजार) रू0 प्रतिवर्श के दर से भुगतान करना होगा। इच्छुक एजेन्सी एवं संवेदक दिनांक 08.06.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक कार्यालय में दर/कोटेशन जमा कर सकते है। कोटेशन के साथ निविदा शूल्क मो0 2,000/- रू0 (जो वापस नहीं किया जाएगा) एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 10,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। कोटेशन दिनांक 08.06.2023 को 2.00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशनदाता/प्राधिकृत व्यक्ति कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है।

नोट :– निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट पर एवं Website http//:udhd.jharkhand.gov.in के नोटिस पर अवलोकन किया जा सकता है। कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR.NO.298820 District(23-24):D

**जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गुमला**

**शुद्धि-पत्र**

पी0आर0 सं0 298663

विज्ञापन सं0– 01/2022 के तहत गृह रक्षकों के नव–नामांकन हेतु दौड़ एवं शारीरिक जाँच परीक्षा के लिए स्थल पूर्व में पुलिस केन्द्र चन्दाली, गुमला प्रकाशित किया गया था, जिसे पुलिस केन्द्र, गुमला के स्थान पर निर्माणाधीन हॉकी स्टेडियम में आयोजित होना समझा जाय, जो पुलिस केन्द्र गुमला चन्दाली से सटे उत्तर में अवस्थित है। बाकी सारी प्रक्रिया पूर्ववत रहेगी।

पुलिस उपाधीक्षक (मु0)
–सह– जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,
गुमला

PR 298864 Home, Prison And Disaster Management (23-24)_D

**GOVERNMENT OF JHARKHAND URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR**
**E-PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT TERM NOTICE)**

| | Qnt. | REFERENCE NO. | SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आपदा अंतर्गत चापाकल अधिष्ठापन/नागरीक सुविधा मद | | | | | | | |
| 1 | 15 | UDD/NPB/14/2023-24 | Construction of Tubewell of 125x115 mm dia 75 Mtr with Instalation of India Mark II Is:15500 part -2/2004) handpump with Soakpit in Nagar Parishad, Bishrampur. | 1262892.00 | 25260.00 | 5000.00 | 60 Days |
| 6 | Date Of Publication Of Tender On Website | | | 31.05.2023 05:00 pm | | | |
| 7 | Date Start Of Submission Of Bids | | | 31.05.2023 05:00 pm | | | |
| 8 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | | | 09.06.2023 05:00 pm | | | |
| 9 | Date Of Bid Opening | | | 10.06.2023 03:30 pm | | | |
| 10 | Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | | | 10.06.2023 Till 01:00 pm at Bishrampur Thana | | | |
| 11 | Name & Address Of Office Inviting Tender | | | Nagar parishad Bishrampur | | | |
| 12 | Contact No. Of Procurement Officer | | | 9525633383 | | | |
| 13 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | | | 9771761820 | | | |

NOTE: - Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in& Notice Board office of the Nagar Praishad, Bishrmapur.

सहायक नगर आयुक्त
नगर परिषद विश्रामपुर

PR 298817 District(23-24)D

**समाहरणालय, लातेहार।**
(जिला भू–अर्जन शाखा)

–:आम सूचना:–

अंचल–मनिका जिला–लातेहार अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क–75 मार्ग के (पैकेज–*II*) उदयपुरा से भोगू सेक्शन के अन्तर्गत ***Design Ch.- 97+515 km*** से ***Ch.-147+ 540*** तक फोर लेन सड़क निर्माण में हितबद्व रैयतो को सूचित करना है कि अधिग्रहित भूमि से संबंधित राजस्व कागजात जामा करने हेतु तिथि एवं स्थान निर्धारित किया जाता है, जिसमें निम्नांकित 1. खतियान/निबंधित केवाला की प्रति 2. अद्यतन लगान रसीद की प्रति 3. आपसी सहमति पत्र 4. वंशावली अंचल कार्यालय द्वारा सत्यापित सभी राजस्व कागजात के साथ निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर जामा करना सुनिश्चित किया जाय, मौजावार तिथि निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | अंचल का नाम | तिथि | षिविर का स्थान | मौजा का नाम | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लातेहार | 05.06.2023 | मध्य विद्यालय, उदयपुरा | 1. उदयपुरा 2. कढीमा | |
| 2. | लातेहार | 06.06.2023 | मध्य विद्यालय, कुरा | 1. नावाडीह 2. कुरा | |
| 3. | लातेहार | 07.06.2023 | मध्य विद्यालय, पाण्डेपुरा | 1. पाण्डेपुरा | |
| 4. | लातेहार | 08.06.2023 | अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय, होटवाग | 1. डुडंगीकाला 2. डुडंगीखुर्द | |
| 5. | लातेहार | 09.06.2023 | मध्य विद्यालय, ईचाक | 1. ईचाक | |
| 6. | लातेहार | 10.06.2023 | अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय, होटवाग | 1. होटवाग 2. मतनाग 3.पतकी | |

उक्त संबंध में सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को ससमय उपस्थित होकर अधिग्रहित भूमि से संबंधित राजस्व कागजात जामा करना सुनिश्चित किया जाय।

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार।

PR 298872 Land Reforms(23-24)D

**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।**

ज्ञापांक ............... दिनांक ..................

इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना संख्या 07/2023–24

मेदिनीनगर नगर निगम के गाँधी उद्यान में निर्मित Cafeteria संचालित किया जाना है। जिसके लिए इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। Cafeteria, Hotel & Restaurant इत्यादि का अनुभव रखने वाले इच्छुक व्यक्ति मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक 07.06.2023 को 1:00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 50,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन उसी दिन अपराह्न 2:00 बजे नगर निगम कार्यालय में procurement समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें निगम सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है।

ह0/–
नगर आयुक्त
–सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 298819 District(23-24)D

**उपायुक्त का कार्यालय,लोहरदगा**
**(एन0आर0ई0पी0 शाखा)**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
NIT NO – 02 वर्ष 2023–24

1.विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– कार्यालय अवधि में दिनांक 10.06.2023 अपराह्न 1.00 बजे तक।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 12.06.2023 को 1:00 बजे अपराह्न तक।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 12.06.2023 को 1:30 बजे अपराह्न में।
5.निविदा प्राप्ति एवं परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान:– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लोहरदगा | पतराटोली आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का मरम्मति कार्य एवं बाला पेन्टिग कार्य। | 3,34,000.00 | 7000.00 | 500.00 | दो माह |
| 2 | लोहरदगा | अंबेडकर नगर आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का मरम्मति कार्य एवं बाला पेन्टिग कार्य। | 3,27,000.00 | 7000.00 | 500.00 | दो माह |
| 3 | लोहरदगा | सरना टोली आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का मरम्मति कार्य एवं बाला पेन्टिग कार्य। | 4,19,500.00 | 8500.00 | 500.00 | दो माह |
| 4 | लोहरदगा | गढ़ा टोली आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का मरम्मति कार्य एवं बाला पेन्टिग कार्य। | 3,51,000.00 | 7000.00 | 500.00 | दो माह |

2 ग्रामीण कार्य विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3 संवेदक का UCAN में निबंधन अनिवार्य है।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0इ0पी0,लोहरदगा

PR 298894 Lohardaga(23-24).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114**
**Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com**

ई0 प्रोक्योरमेन्ट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)

Tender Notice No.- DWSD/GAR/SVS-23/2022-23 Dated – 01.06.2023

| Sl. No. | Name of Work | Group No. | No. of Schemes | Estimated cost (in Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Tiwari Marhatia,** SVS under Garhwa Block | Gar-01 | 19 Nos | 2,11,25,488.00 | 4,23,000.00 | 10,000.00 | 06 Months |
| | Date & time of Tender Uploading on Website | 03.06.2023/12:30 P.M. | | | | | |
| | Date & time of Pre-bid Meeting | 05.06.2023/12:30 P.M. Office of the Rigional Chief Engineer, D.&S.D. Ranchi Zone, Ranchi. | | | | | |
| | Last date & time of Bid Submission | 10.06.2023/05:00 P.M. | | | | | |
| | Last date & time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard copy) | 12.06.2023/ 10:30 AM to 05:00 P.M. (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar (iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. | | | | | |
| | Date & time of Opening Tender | 13.06.2023/05:00 P.M. | | | | | |
| | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. | | | | | |
| | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. | | | | | |
| | Contact No. of Procurement office | 9973003856 | | | | | |
| | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 | | | | | |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 298883 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

## NEWS इन ब्रीफ

### व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कंकारी निवासी डोमन चौधरी उम्र 35 वर्ष जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि डोमन चौधरी को गुरुवार कि सुबह अपने घर के परिवार से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़ा होने के बाद डोमन घर में रखें जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है।

### आग से जलकर 60 वर्षीय महिला घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कनीराम चौकी निवासी पुष्पा देवी उम्र 60 वर्ष आग से जलकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह पुष्पा देवी अपने घर में पूजा कर रही थी। इसी दौरान वह तुलसी जी के पास रखें दिए से जलकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### ग्रामीणों ने आवारा कुत्तों से हिरण को बचाया, रेस्क्यू कर ले गया वन विभाग

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के तरहसी प्रखंड की मंझौली टू पंचायत के बेलाई गांव में गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने आवारा कुत्तों का निवाला बनने से एक नर हिरण को बचा लिया। सूचना मिलने पर वनकर्मियों ने हिरण का रेस्क्यू किया और पाटन रेंज कार्यालय में ले जाकर इलाज शुरू दिया है। बताया जाता है कि बेलाई गांव में गुरुवार की अहले सुबह किसान प्रवेश कुमार, उमेश पासवान, विक्रम महतो व सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू मेहता खेत पटवन के लिए जा रहे थे। इसी क्रम में उन्होंने देखा कि कुछ आवारा कुत्ते एक हिरण का शिकार करने के लिए दौड़ा रहे हैं। कुत्तों के हमले में हिरण का पिछला पैर का हिस्सा जख्मी नजर आया। ग्रामीणों ने साहस दिखाकर कुत्तों को खदेड़ा व हिरण को बचा लिया। बाद में इसकी सूचना वन विभाग को दी। एसीएफ रामसूरत प्रसाद के निर्देश पर मनातू वन क्षेत्र के प्रभारी वनपाल राकेश पांडे और जयप्रकाश रंजन, वनरक्षी संतोष कुमार, मुन्ना चौधरी मौके पर पहुंचे और हिरण का रेस्क्यू किया। साथ ही उसे इलाज के लिए पाटन वन क्षेत्र कार्यालय ले गए जहाँ उसका इलाज किया जा रहा है। बताया जाता है कि बेलाई गांव से सटा जंगली इलाका है और डैम भी है। संभावना है कि पानी की तलाश में हिरण जंगल से भटक कर आबादी वाले इलाके में आ गया होगा और फिर इस तरह की घटना हुई।

# श्याम बिहारी श्यामल के उपन्यास 'कंथा' का आया दूसरा संस्करण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वाराणसी प्रसिद्ध कथाकार श्याम बिहारी श्यामल के चर्चित उपन्यास ''कंथा'' ने हिंदी में पाठकों की घटती संख्या के शोर को गलत साबित किया है। महाकवि जयशंकर प्रसाद के जीवन-युग पर आधारित लगभग साढ़े पांच सौ पृष्ठों की इस कृति का इक्कीस महीनों के भीतर दूसरा संस्करण आ गया है। बीस वर्षों के श्रम से लिखी गई इस पुस्तक को हिंदी संसार ने हाथों-हाथ लिया है। पुस्तक देश भर में प्रमुख स्टालों के साथ ही ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर उपलब्ध है। श्यामल पलामू के मूल निवासी हैं और वाराणसी में रहकर लेखन-पत्रकारिता कर रहे हैं। उनका जन्म डाल्टनगंज के नावाटोली में हुआ था। पुस्तक की लेखकीय प्रति प्राप्त होने के बाद श्यामल ने गुरुवार को बताया कि दूसरा संस्करण परिवर्द्धित व अल्प परिवर्तित तो है किंतु संक्षिप्त नहीं। यह संपूर्ण, सर्वांग और पूर्ववत 544 पृष्ठों में है। पुस्तक का प्रकाशन राजकमल ने किया है। नए संस्करण में कोई मूल्य-वृद्धि नहीं की गई है। ''कंथा'' के लिए श्यामल को उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान का 'प्रेमचंद पुरस्कार' और राजस्थान का उत्तर प्रियदर्शी सम्मान मिल चुका है। कृति में सौ साल पहले का बनारस और तत्कालीन देश-काल कथांकित हुए हैं। इसमें महामना पं. मदनमोहन मालवीय, रवींद्रनाथ टैगोर, प्रेमचंद, जवाहरलाल नेहरू, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' , मैथिलीशरण गुप्त, महादेवी वर्मा, पं. गोविंद वल्लभ पंत, संपूर्णानंद, रायकृष्ण दास और विनोदशंकर व्यास आदि जैसे व्यक्तित्व बतौर पात्र चित्रित हुए हैं।

## हाई स्कूल के नवनियुक्त शिक्षकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के निदेशानुसार स्थानीय मुख्यमंत्री एक्सीलेंस जिला स्कूल मेदिनीनगर के प्रशाल में 180 नवनियुक्त उच्च विद्यालय के शिक्षकों को दस दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का संचालन पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री अनिल कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण के आठवें दिन शिक्षक-सह-शिक्षाविद परशुराम तिवारी ने प्रशिक्षु शिक्षकों से संवाद कर अपना अनुभव साझा कर कहा कि जानने के लिए सीखना, अस्तित्व के लिए सीखना व सह अस्तित्व के लिए सीखना शिक्षा के चार प्रमुख स्तंभ हैं। इस राह पर चलकर ही विद्यार्थी सही मायने में शिक्षा प्राप्त कर पाते हैं। वस्तुतः सह अस्तित्व की सीख शिक्षा का मूल प्रतिफल है। इसलिए शिक्षकों को सजग होकर शिक्षण कार्य करना चाहिए। वहीं ए.पी.ओ.जान मुथू ने समग्र शिक्षा अभियान की गतिविधियों,पाठ योजना ,कक्षा संचालन, स्व अध्ययन एवं बच्चों के साथ शिक्षकों के लगाव तथा अभिभावकों की भागीदारी पर चर्चा कर कहा कि शिक्षकों की सफलता इस बात है कि वे बच्चों को सीखने के लिए कितना प्रेरित कर पाते हैं। इस मौके पर समग्र शिक्षा अभियान के विकास कुमार दूबे, शादाब हुसैन,आमोद सिन्हा व शिक्षक विजय कुमार ठाकुर व अन्य मौजूद थे।




## पुलिस ने गनके जंगल से बरामद किया महिला का शव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के गनके जंगल में गुरुवार की पूर्वाहन एक नवविवाहिता का शव पेड़ पर फंदे से लटका बरामद किया गया। महिला की पहचान ललिता देवी (21 वर्ष) पति रवि रंजन ठाकुर के रूप में हुई है। महिला का ससुराल सुआ गांव में है। ललिता ने अंतरजातीय विवाह किया था। उसका मायके लातेहार में है। सूचना मिलने पर उसके मायके पक्ष के लोग डालटनगंज के लिए रवाना हो गए हैं। पुलिस शुरूआती छानबीन में मामले को आत्महत्या मान कर जांच में जुटी हुई है। पारिवारिक परेशानी में आत्महत्या करने की आशंका व्यक्त की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार ललिता सुबह 8.30 बजे अपने ससुराल से निकली थी। उसे 9 बजे गनके में देखा गया था। ग्रामीणों का कहना है कि ललिता अपने पास रस्सी भी रखी थी और उसी समय से संभावना व्यक्त की जा रही थी कि वह सुसाइड करने के लिए निकली है। हालांकि किसी ने ललिता को टोका नहीं और ना ही रोकने की कोशिश की।सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और डेड बॉडी को कब्जे में लिया। साथ ही पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में भेज दिया है। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। मायके पक्ष के लोगों को भी जानकारी दे दी गई है। उनके बयान के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।। घटनास्थल नेशनल हाईवे 39 से 1 किलोमीटर और मृतका के ससुराल से 4 के किलोमीटर दूर है। ग्रामीणों से जानकारी मिली है कि ललिता और रवि रंजन ठाकुर की शादी 4 महीने पहले हुई थी।

# ग्रामीण कौशल योजना को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

### दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत 3000 दीदीयों को प्रशिक्षण देना है: उपायुक्त

### सभी दीदियों को प्रशिक्षण करीब 70 अलग-अलग कैटेगरी में दिया जाना है



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जेएसएलपीएस की ओर से गुरुवार को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना को लेकर स्थानीय नगर भवन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ पलामू उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, उप विकास आयुक्त रवि आनंद,पांकी विधायक शशिभूषण मेहता, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते डीपीएम विमलेश शुक्ला और सांसद प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलन कर किया। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत बेहतर कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उदय कुमार, लालमणि देवी, वंदना देवी, मोहम्मदगंज प्रखंड के बीपीएम दीपक सिंह, नौडीहा बाजार प्रखंड के बीपीएम प्रदीप खलखो, बीपीएम अरविंद कुमार को प्रशस्ति पत्र दिया गया। ये सभी दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत जेएसएलपीएस के माध्यम से अधिक संख्या में लोगों को प्रशिक्षण दिलवाकर रोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यशाला में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना एक महत्वकांक्षी योजना है जो पूरे देश में लागू है। इसके तहत जिले में 3000 दीदियों को प्रशिक्षण देना है। सभी दीदियों को प्रशिक्षण करीब 70 अलग-अलग कैटेगरी में दिया जाना है। दीदियों को प्रोत्साहित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जो व्यक्ति खेती से जुड़ा हो,जो रोजी- रोटी से जुड़ा हो आप उसका प्रशिक्षण लें ताकि आप अपना और अपने घर-गृहस्थी का विकास कर सके। हमे पूरी उम्मीद है कि जिले में लोग दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना का लाभ शत प्रतिशत लेंगे।वहीं उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि आज के समय में बेरोजगारी मुख्य समस्या है जिसका निदान दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के द्वारा बहुत हद तक संभव है। इस योजना का लाभ लेकर आप अपने व अपने परिवार के लिए रोजी-रोटी की व्यवस्था कर सकते हैं। पांकी विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि यह केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना गांव व कस्बों के लिए बेहद लाभकारी है। लोग इस योजना का लाभ लेकर अपने गांव व कस्बों में ही रोजगार की व्यवस्था कर पा रहे हैं।कार्यशाला में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के अलावे डीडीसी रवि आनंद, पांकी विधायक शशिभूषण मेहता, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, डीपीएम विमलेश शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि, सदर बीडीओ, पड़वा बीडीओ, सभी बीपीएम, सहिया दीदी, जेएसएलपीएस कर्मी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### सदर प्रखंड की तीन पंचायतों में मनाया गया प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस



**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लंबित लक्ष्य को पूरा कराने के उद्देश्य से 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया जा रहा है। इसी के तहत आज उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने सदर प्रखंड अंतर्गत सरजा, पोलपोल व लहलहे पंचायत में लंबित आवासों का भौतिक रूप से निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने लंबित आवासों के लाभुकों से सीधा संवाद स्थापित कर आवास निर्माण में आ रही परेशानियों को सुना एवं समाधान हेतु मौके पर ही संबंधितों को निर्देशित भी किया। उन्होंने लहलहे पंचायत भवन में बैठक कर आगामी 30 जून तक लंबित सभी आवासों को कैसे पूर्ण किया जा सके इस दिशा में कार्ययोजना तैयार की।मौके पर बीडीओ अमिताभ भगत,समेत अन्य उपस्थित रहे।

## बरसात में सभी लोग लगाये एक-एक पेड़ : शर्मिला वर्मा



**मेदिनीनगर।** पलामू में लगातार बढ़ती गर्मी को देखते हुए वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा ने आमजनों से अपील की है कि 'घर - घर तिरंगा' अभियान की जगह इस बरसात 'घर- घर पौधा' अभियान चलना चाहिए। ताकि इस प्रचंड गर्मी से राहत मिल सके। सुबह होते ही सूरज की तपिश असहनीय होने लग रही है जिस वजह से रोजी रोटी की तलाश में मजबूरन घर से बाहर निकलने वाले लोग एवं पशु पक्षी हलकान परेशान हैं। पानी की बूंद बूंद के लिए इंसान और पशु पक्षियों को तरसते देखा जा सकता है। इंसान तो इंसान है, उसके पास जुगाड़ टेक्नोलॉजी है वो किसी तरह अपनी भूख और प्यास मिटा लेता है पर मूक पशु पक्षियों की हालत बहुत ही बदतर है। जो कि अपनी पीड़ा व्यक्त तक नहीं कर सकते। कुछ संवेदनशील लोगों ने अपने घर के बाहर इनके लिए नाद, बाल्टी या टब में पानी की व्यवस्था की है पर यह पर्याप्त नहीं। ऐसे में ये निरीह पशु पक्षी इधर से उधर भटकते दिखते हैं और प्यास से व्याकुल होकर बहुत बार दम तोड़ देते हैं। हम सभी अगर ठान लें कि इस बरसात अपने घर या आसपास की जमीन पर कम से कम एक पौधा लगाएंगे और उसकी रक्षा करेंगे तो काफी हद तक इससे गर्मी से राहत मिल सकती है। अपने अपने घरों में बरसात के पानी के संरक्षण की व्यवस्था कर लेने से पानी का लेयर नीचे नहीं जाएगा और भीषण जल संकट से भी हमें मुक्ति मिलेगी। वरना वो दिन दूर नहीं जब लोग यहां से पलायन करने लगेगें और पलामू रेगिस्तान में तब्दील हो जाएगा। पलामू को रेगिस्तान होने से बचाना है तो हर घर पेड़ लगाना होगा।

## महिला पहलवानों के समर्थन में मजदूर यूनियनों का धरना




**मेदिनीनगर।** 28 मई को पुलिस के द्वारा महिला पहलवानों के साथ किए गए क्रूर अत्याचार के खिलाफ भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी और और महिला पहलवानों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर स्थानीय मेदिनीनगर स्थित छहमुहान पर एटक और एकटू से संबंधित मजदूर यूनियन के द्वारा 1 जून यानी गुरुवार को धरना का आयोजन किया गया। इस धरने में भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) के रंगकर्मी एवं भाकपा माले के नेता उपस्थित थे। धरने में एटक और एकटू के नेताओं के साथ झारखंड राज्य दिहाड़ी मजदूर यूनियन एवं रसोईया संघ के कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित थे। धरना कार्यक्रम की शुरूआत इप्टा के रंगकर्मी प्रेम प्रकाश की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। मजदूर यूनियनों का यह धरना का कार्यक्रम 9:00 सुबह से 12:00 दिन तक चला। यूनियन के कार्यकर्ता चिलचिलाती धूप में टेंट के नीचे बैठे रहे। झारखंड राज्य दिहाड़ी मजदूर यूनियन के महासचिव राजीव कुमार ने धरना में उपस्थित तमाम लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार नफरत, हिंसा और झूठ के आधार पर राजनीति करने वाली फासीवादियों की सरकार है। महिला पहलवानों ने भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर दुष्कर्म का आरोप लगाया और जिस प्रकार से इस आरोप के बाद प्रधानमंत्री खामोश रहे उससे यही प्रतीत होता है कि हमारा प्रधानमंत्री दुष्कर्म करने वालों के साथ के साथ खड़ा है। ऐसा प्रधानमंत्री देश को रसातल में ले जाएगा। धरना के दौरान अन्य वक्ताओं ने आंदोलनरत महिला पहलवानों के साथ एकजुटता जाहिर करते हुए कहा कि देश का प्रधानमंत्री श्रीमान मोदी जी झूठे हैं, दुराचारियों का साथ देने वाले हैं, महिला विरोधी हैं और संविधान विरोधी भी। क्योंकि महिला पहलवानों ने कुश्ती संघ के अध्यक्ष तथा भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। वह आरोपी नई संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में अपनी सीट पर बैठकर मुस्कुरा रहा था और मोदी जी उद्घाटन कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति होने का पाखंड रच रहे थे। दूसरी तरफ ठीक उसी दिन महिला पहलवानों के साथ दिल्ली पुलिस के द्वारा क्रूर अत्याचार किया जा रहा था। मोदी जी खामोश थे। इस धरना के माध्यम से वक्ताओं ने दुष्कर्म करने वाले बृजभूषण शरण को गिरफ्तार करने तथा महिला पहलवानों को न्याय देने की मांग कर रहे थे। वक्ताओं में रसोईया संघ के अनीता देवी, सीतापति देवी, सरोज देवी, मैना कुंवर उषा देवी, माले के नेता रामराज पासवान रामराज पासवान, कपिलदेव प्रजापति शामिल थे। इस क्रम में अध्यक्षता कर रहे प्रेम प्रकाश ने सच का साथ देने की अपील करते हुए इप्टा के संजीव कुमार संजू, घनश्याम कुमार, भोला एवं कपिल देव प्रजापति के साथ मिलकर झूठ से टक्कर लेने को सच्चाई जोश में आई है ये हक की लड़ाई है ये हक की लड़ाई गीत प्रस्तुत किया। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए युवा कवि घनश्याम कुमार ने महिला पहलवानों के समर्थन में एक कविता प्रस्तुत किया। कविता का शीर्षक था चीर हरण से सुशोभित संसद। कार्यक्रम के अंत में माले नेता रविंद्र भूईंया ने धन्यवाद प्रेषित करते हुए धरना पर बैठे तमाम लोगों से अपील किया कि पाखंडी मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए अपनी एकजुटता कायम रखने की जरूरत है। आज जो हम सबों के दिल में मोदी सरकार के प्रति आग लगी है उसे आग को जिंदा रखना भी जरूरी है। इसी के साथ प्रेम प्रकाश ने महिला एकता जिंदाबाद, महिला पहलवानों को न्याय देना होगा और भाजपा सांसद बृज भूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करना होगा का नारा बुलंद करते हुए धरना कार्यक्रम का समापन किया गया।

## बिहार कुम्हार (प्रजापत्ति) समन्वय समिति का महासम्मेलन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बिहार के कुम्हारों ने 31 मई को बापू सभागार पटना में एक राजनैतिक जागृति महासम्मेलन का आयोजन किया। जिस में बिहार सरकार के मंत्री सहित फायर ब्रांड युवा नेता डॉक्टर कन्हैया कुमार ने शिरकत किया। बिहार कुम्हार (प्रजापत्ति) समन्वय समिति के बैनर से बापू सभागार में जमा हुए कुम्हारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा बिहार सरकार के आये अतिथि मंत्रियों को बोध करा दिया कि अगर हमारी मांगे नहीं मिली तो हम सभी सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे। बिहार कुम्हार (प्रजापत्ति) समन्वय समिति के आह्वान पर आए कुम्हारों ने अपनी मांगों को मिलने तक यह चट्टानी एकता बनाये रखने की एकमुश्त हामी भरी और कहा जरूरत पड़ी तो गांधी मैदान भर देंगे लेकिन अपना हक नहीं छोड़ेंगे। इस राजनैतिक जागृति महासम्मेलन में झारखंड उत्तर प्रदेश दिल्ली सहित अन्य राज्यों के नेताओं का आगमन हुआ और कहा कि यह लड़ाई सिर्फ बिहार के कुम्हारों की नहीं है बल्कि देश भर के कुम्हारों का है हम मिल कर लड़ेंगे।

## स्थानीय कांग्रेस भवन कार्यालय में समस्या समाधान पेटी उपलब्ध

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज दिनांक 1 जून 2023 को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस भवन कार्यालय में सरकार द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं को लाभ दिलाने के लिए पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के पहल पर जिला कार्यालय में जन समस्या समाधान पेटी उपलब्ध करायी गयी। जिसमें आम जनमानस जो योजना का लाभ लेने में समस्याएं आ रही है, जैसे कि जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, सड़क निर्माण, नाली गली निर्माण मरम्मती स्कूल पुस्तकालय आंगनबाड़ी केंद्र से संबंधित समस्याएं बिजली आपूर्ति से संबंधित समस्याएं वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, सर्वजन पेंशन यातायात समस्या, जमीन मोटेशन, केसीसी कृषि ऋण माफी संबंधी, आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री असाध्य बीमारी सहायता योजना, छात्रवृत्ति योजना, शहरी गरीब आवास योजना, यादी योजनाओं से संबंधित समस्याओं का निदान इस समाधान पेटी के माध्यम से किया जाएगा जिन किसी को भी इन योजनाओं को लाभ लेने में परेशानी हो रहा है वह अपना आवेदन पत्र इस समाधान पर्ची में डालेंगे और पलामू जिला कांग्रेस कमेटी इनके समस्याओं का समाधान के लिए उचित माध्यमों के द्वारा प्रयास करेगी। मौके पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष विनोद तिवारी शमीम अहमद राइम इंदु भगत मिथिलेश कुमार सिंह जितेंद्र कमलापुरी अशोक पासवान नसीम खान रिजवान खान राजेंद्र अग्रवाल शिवनाथ प्रसाद गुप्ता मिट्ठू खान राजीव रंजन देवांग शुक्ला हर्ष सहानी आफताब खान सौरभ पांडे शैलेश मेहता नफीस खान रविंद्र कुमार मनोज अग्रवाल खुर्शीद आलम मुख्तार आलम विकास पासवान भूमिती नारायण पाठक शशि रंजन पांडे साकेत सिंह जतरू उरांव अजय पांडे मिथिलेश मिश्रा आलोक सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** पंपलेट, हैंड बिल व वीडियों फिल्म दिखा कर लोगों को किया जागरूक

# मन का मिलन जागरूकता शिविर आयोजित

### पूरे जिले में 14 जून तक मन का मिलन पखवाड़ा के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा

### पखवाड़े में आकर मध्यस्थता द्वारा अपने लंबित मामले का शीघ्र निष्पादन करा सकते हैं



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशानिर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के निर्देशन में मन के मिलन पखवाड़ा के तहत गुरुवार को चैनपुर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया ।उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि मन का मिलन पखवाड़ा में आकर मध्यस्थता द्वारा अपने लंबित मामले का शीघ्र निष्पादन करा सकते हैं । उन्होंने बताया कि इससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में 14 जून तक मन का मिलन पखवाड़ा के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवधि में डालसा कार्यालय, फ्रंट ऑफिस, जिले के सभी लीगल एड क्लीनिक में मध्यस्थता के बारे में लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक कोर्ट में लंबित मामलों का निष्पादन किया जा सके। इस मौके पर पहली सुचिता एक्का चैनपुर प्रखंड के विभिन्न गांव में जाकर लोगों को मध्यस्थता, जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मन का मिलन पखवाड़ा लोगों के लिए बेहद उपयोगी है। इसके तहत लोग मध्यस्थता केंद्र में आकर अपने मामले का शीघ्र निष्पादन करा सकते हैं। इस मौके पर डालसाके द्वारा पंपलेट हैंड बिल का वितरण किया गया। वहीं वीडियो फिल्म दिखा कर के लोगों को मध्यस्थता के प्रति जागरूक किया गया।

### पांच वर्ष से चल रहा विवाद मध्यस्थता से समाप्त

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय में सिविल जज सीनियर डिविजन सप्तम परमानंद उपाध्याय के न्यायालय में चल रहे बंटवारा वाद 201/ 2018 गुरुवार को मध्यस्थता के माध्यम से मध्यस्थ शशि भूषण के अथक प्रयास से समाप्त कराया गया। विदित हो कि रामकिशोर मेहता के द्वारा बंटवारे को लेकर यह केस न्यायालय में लाया गया था। उन्होंने पारसनाथ मेहता के विरुद्ध केस किया था। रामकिशोर मेहता का कहना था कि पुराने सर्वे में उनके नाम पर दोअंश जमीन प्राप्त है। लेकिन नया सर्वे में नाम दर्ज करते समय भूलवश दो अंश की जगह एक अंश दर्ज हुआ है। एक अंश जमीन नाम से चढ़ने में उनलोगों का छूट गयी है। विपक्षी पारसनाथ मेहता ने कहा कि सर्वे ऑफिस की गलती से उनकी एक अंश जमीन छूट गयी है ।जब कभी भी आवेदकगण के द्वारा सर्वे में भूल सुधार करने हेतु आवेदन दिया जाएगा विपक्षी गण के द्वारा विरोध या आपत्ति दर्ज नही होगी वोअपनी सहमति प्रदान करेंगे। साथ ही सभी पक्ष आपस मे मिलकर अपना अपना हिस्सा में प्राप्त जमीन को सर्वे में ऑन लाइन दर्ज कराने हेतु सहमति से आवेदन देकर ऑन लाइन चढ़वाने हेतु करवाई करेंगे। वादी राजकिशोर मेहता बैगरह न्यायालय में अपना वाद समाप्त करने पर सहमत हो गए। इस तरह पांच वर्ष से चल रहा विवाद समाप्त हो गया।

# ‘पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय में बढ़ोतरी का फैसला स्वागत योग्य कदम’

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**
प्रखंड के ग्राम पंचायत हासनदाग के मुखिया फुलवंती देवी ने पंचायत प्रतिनिधियों को राज्य सरकार द्वारा मासिक वेतन में बढ़ोतरी किए जाने पर अपने पंचायत के ओर से राज्य सरकार तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पंचायती राज के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को बहुत ही कम वेतन पूर्व में सरकार की ओर से दिया जाता था वह भी समय पर नहीं मिल पता था। इस बार झामुमो के सरकार में महंगाई को देखते



हुए वेतन में वृद्धि की गई यह राज्य सरकार द्वारा लिया फैसला सराहनीय है। मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी ने भी राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 39 प्रस्ताव पारित किया गया है। इसमें ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का भी वेतन भत्ता बढ़ाया गया है। ग्राम पंचायत के मुखिया को 1000 से बढ़ाकर दो हजार पांच सौ रुपए उपमुखिया को 500 से 1250 रुपये, वार्ड सदस्य को 200 से 500 रुपये किया गया है। साथ ही दैनिक भत्ता 150 से 200 रुपये व यात्रा भत्ता पांच रुपये प्रति यात्रा को अब 10 रुपये कर दिया गया है।

## ‘मानदेय वृद्धि में विधायक का योगदान’

**भवनाथपुर।** पंचायत समिति सदस्य संघ भवनाथपुर के प्रखंड अध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य भवनाथपुर चंदन कुमार ठाकुर ने राज्य सरकार द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय वृद्धि में भवनाथपुर विधानसभा के विधायक भानु प्रताप शाही का महत्वपूर्ण योगदान बताया है। पंसस अध्यक्ष चंदन ने बताया कि भवनाथपुर विधायक से संघ के सदस्यों के साथ मुलाकात कर मानदेय वृद्धि एवं भत्ता का मामला विधानसभा में प्रमुखता से उठाने हेतु आग्रह किया था। इसके फलस्वरूप पिछले विधानसभा सत्र में भवनाथपुर



विधायक ने उपरोक्त मामले को पुरजोर तरीके से उठाया था। इसके फल स्वरूप बुधवार को राज्य सरकार ने प्रतिनिधियों के मानदेय एवं भता वृद्धि को कैबिनेट में स्वीकृति प्रदान की। अगर विधानसभा में पुरजोर तरीके से भवनाथपुर विधायक मामले को नहीं उठाते तो राज्य सरकार मानदेय एवं भत्ता में वृद्धि को मजबूर नहीं होती।

## डंडाई पंचायत की मुखिया ने जताया सरकार का आभार

**डंडाई।** पंचायत प्रतिनिधियों के हक में लिए गए फैसला पर खुशी जताते हुए डंडाई पंचायत की मुखिया धनवंती देवी ने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही कहा है कि गांव की सरकार प्रतिनिधियों के हक में फैसला लेने वाले प्रदेश के मुखिया हेमंत सोरेन राज्य के पहले मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से यह सुविधा बंद पड़ा हुआ था लेकिन आज उनके स कुशल नेतृत्व में चल रहे हैं सरकार के द्वारा या फैसला लिया गया है। मुखिया ने



कहा कि सम्मानजनक तो नहीं लेकिन दैनिक भत्ता यात्रा भत्ता के साथ-साथ मानदेय की राशि में बढ़ोतरी कर मुख्यमंत्री के द्वारा हम सभी की मांगों को ख्याल रखा गया है। साथ ही कहा कि भविष्य में भी सरकार से हम लोगों का पूरा अपेक्षा रहेगा की प्रतिनिधियों के हक में उनके द्वारा फैसला लिया जाएगा। मुखिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिस तरह कमोबेश हम लोगों की मांगों को फैसले पर प्रदेश के मुखिया के द्वारा निर्णय लिया गया है ।कास उसी तरह जनहित की कई महत्वपूर्ण योजनाओं के संचालन का निर्देश उनके द्वारा दे दिया जाता तो पंचायत की महत्वपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने में दिक्कतें नही होती।

### हादसे में दो लोग घायल, मृतक इमामुद्दीन झोलाछाप चिकित्सक का कार्य करता था

# दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
राष्ट्रीय राजमार्ग 75 गढ़वा-रेहला मार्ग पर गढ़वा थाना क्षेत्र के सिदे मोड़-नौजवान चौक के समीप गुरुवार को दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। मृतक इमामुद्दीन अंसारी (45) पिता स्व. असगर शेख गढ़वा थाना क्षेत्र के सिदे खुर्द गांव का रहने वाला था, जबकि घायलों में पलामू जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के जोगा गांव निवासी वासुदेव चौधरी, पिता स्वर्गीय जोगी चौधरी एवं उसका पुत्र सुनील चौधरी शामिल हैं। दोनों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। इनमें वासुदेव चौधरी की हालत गंभीर बनी है।

जानकारी के अनुसार इमामुद्दीन अंसारी ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप चिकित्सक के रूप में कार्य करता था। गुरुवार की सुबह में वह अपनी मोटरसाइकिल से गढ़वा थाना क्षेत्र के बेलचंपा गांव में किसी मरीज का इलाज करने गया था। बेलचंपा से घर लौटने के दौरान सिदे मोड़ नौजवान चौक के समीप यह घटना घटित हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मोटरसाइकिल सवार इमामुद्दीन अंसारी ने मेनरोड से ज्यों ही सिदे खुर्द गांव की ओर मुड़कर जाने लगा। तब ही पीछे से तेज रफ्तार से आए मोटरसाइकिल सवार वासुदेव चौधरी ने इमामुद्दीन अंसारी की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। इस घटना में इमामुद्दीन अंसारी व वासुदेव चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि वासुदेव चौधरी के साथ उसकी मोटरसाइकिल पर सवार उसके पुत्र सुनील चौधरी को मामूली चोट लगी। घटनास्थल के आसपास के लोगों की मदद से तीनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां परीक्षण के बाद चिकित्सक ने इमामुद्दीन अंसारी को मृत घोषित कर दिया। गढ़वा थाना पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने सदर अस्पताल में इमामुद्दीन अंसारी के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके स्वजनों को सौंप दिया।

## दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल



**चिनिया।** दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भयंकर टक्कर से मां-बेटी सहित 3 लोग घायल हो गए। घटना चिनिया थाना क्षेत्र के चिनिया रनपुरा रोड रानिचेरी पुल के पास बुधवार की रात्रि लगभग 8:45 की बताई जा रही है। घायलों में बिलैतीखैर गांव निवासी स्वर्गीय सत्वर सिंह के 16 वर्षीय पुत्री पिंकी कुमारी का दाहिना पैर टूट गया। वहीं मां फुलमतिया कुंवर के शरीर में गंभीर चोट आई हैं। वहीं घायल दमाद डंडई थाना क्षेत्र के रारो गांव निवासी विशाल सिंह के पैर व हाथ में चोट लगी है। सभी का इलाज चिनिया के निजी क्लिनिक में कराया जा रहा है। वहीं पिंकी कुमारी को सदर हॉस्पिटल गढ़वा भेजा गया।

## बाइकों की टक्कर में 6 घायल

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर मकरी मुख्य पथ के ढेकुलिया के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय व ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां सभी को गढवा रेफर किया गया है। घायलों में अलाउद्दीन अंसारी, अनवर अंसारी, राहत अंसारी, मुकेश कुमार उर्फ टीकू, बबलु राउत, भूलू पासवान शामिल हैं। घटना के बारे में बताया जाता है कि देर शाम सात बजे दोनों बाइकों पर तीन-तीन लोग सवार थे। सभी नशे की हालत में लौट रहे थे। ढेकुलिया बड़ा आहर के समीप दोनों बाइक आमने-सामने से टकरा गई।

## बाइक से गिरकर घायल

श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के भोजपुर गांव में मोटरसाइकिल से गिर कर छोटू भुइयां गंभीर रूप से घायल हो गया। वह भोजपुर गांव निवासी सनेश भुइयां का पुत्र है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। स्वजनों के अनुसार छोटू भुइयां ने शराब पी लिया था। नशे की हालत में ही मोटरसाइकिल से अपने गांव में ही किसी के घर जा रहा था। इस दौरान भोजपुर गांव में स्कूल के समीप अनियंत्रित होकर उसकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में छोटू भुइयां मोटरसाइकिल से गिर कर गंभीर रुप से घायल हो गया। उसके चेहरा, हाथ व पैर में गंभीर चोट लगी है।

# पत्नी को तलाक दिए बिना शादी की तैयारी पर पुलिस ने लगाई रोक

### महिला ने की थी एसपी और थाने को शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**
बिना तलाक के की जा रही शादी की तैयारी पर थाना प्रभारी साबाज अंसारी ने गुरुवार को रोक लगा दी। पीड़िता कुरेशा खातून की लिखित शिकायत के बाद थाना प्रभारी द्वारा उक्त करवाई की गई। थाना प्रभारी के हस्तक्षेप के बाद वर पक्ष की तैयारी धरी की धरी रह गई। वहीं कन्या पक्ष के घर में सन्नाटा पसर गया। यह मामला डंडई पंचायत के बैला झगड़ा गांव की है।



जानकारी के अनुसार शौहर मुनव्वर अंसारी अपनी पत्नी कुरैशी खातून को बिना तलाक दिए पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर थाना के तीसरी बार चौरा गांव निवासी सरफराज अंसारी की लड़की नसीमा खातून से दूसरी शादी करने की तैयारी में था। शादी की तिथि 1 जून को मुकर्रर थी। पीड़िता ने बताया कि तीन दिन पूर्व पास पड़ोस की महिलाओं द्वारा शौहर को दूसरी लड़की के साथ शादी करने की जानकारी मुझे मिली थी। उसके बाद इसकी लिखित जानकारी पुलिस अधीक्षक गढ़वा के साथ-साथ स्थानीय थाने को भी दी। उन्होंने बताया कि इस पर दोनों स्तर के पदाधिकारियों द्वारा त्वरित करवाई की गई, जिससे शौहर दूसरी शादी करने से वंचित हो गया। उन्होंने कहा कि अभी तक हम दोनों का तलाक नहीं हुआ है तो दूसरी शादी का सवाल ही नहीं उठता है। कुरैशा ने बताया कि शौहर के साथ-साथ ससुर के द्वारा मुझे घर पर कई बार प्रताड़ना किया जाता रहा। बावजूद में सभी की बातों को सहन कर किसी तरह घर में रह रही थी। फिलहाल उक्त लोगों के द्वारा मारपीट कर मुझे घर से बाहर निकाल दिया गया है। परिस्थिति बस में अपने एक बच्चे के साथ गांव में ही बहन के घर रह रही हूं।

साथ ही कहा कि स्थानीय पुलिस पदाधिकारियों का सहयोग मिलता तो मैं पुनः अपने शौहर के घर में रहने लगती। कुरैशा ने शौहर को दूसरी शादी कराने को लेकर अपने समाज के चार पांच प्रबुद्ध ग्रामीणों पर उकसाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त लोगों के बहकावे में ही आकर मेरा शौहर दूसरी शादी करने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ पुलिस को कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है। थाना के एसआई संतोष कुमार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर हम लोग उसकी पड़ताल में जुट गए। ग्रामीणों की जानकारी से स्पष्ट हुआ कि उसके शौहर मुनव्वर 1 जून को दूसरा शादी करने वाला है। मामले की पुष्टि हो जाने पर कुरैशा के शौहर मनोवर के साथ-साथ उसके ससुर को भी दूसरी शादी नहीं करने की बात कही। मामले को लेकर कुरैशा और उसके शौहर के साथ-साथ ससुर को भी थाना बुलाया गया था।

# 20 दिन की बच्ची अनजान के हवाले कर भागी महिला

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में गुरुवार की अहले सुबह एक महिला ने अपनी दुधमुहीं बच्ची को एक अनजान महिला के पास छोड़कर फरार हो गई। उसके कुछ देर बाद वापस नहीं होने पर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में तैनात होम गार्ड के जवान के द्वारा इसकी सूचना भवनाथपुर थाना प्रभारी को दी गई। थाना प्रभारी ने अस्पताल पहुंचकर पहले बच्ची की स्वास्थ्य जांच कराई। इसके बाद सीडब्लूसी के उच्च अधिकारी को इसकी सूचना दी। सीडब्लूसी को बच्ची सौंप दी गई। इस घटना की सूचना आग की तरह फैलते ही लोगों के बीच कौतूहल का विषय बना हुआ है कि आखिर किस मजबूरी में एक मां लगभग 20 दिन की नवजात बच्ची को किसी के हवाले कर दिया। बुधवार की रात्रि में कवलदाग गांव की महिला कुंती



देवी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में आई थी। गुरुवार की सुबह लगभग पांच बजे एक महिला आई और कुंती से बोली कि मेरी बच्ची को गोद में कुछ देर के लिए पकड़िये। मैं आवश्यक कार्य से पांच मिनट में आती हूं। इसके बाद महिला लगभग एक घंटे तक नहीं लौटी।

## ग्राम स्वास्थ स्वच्छता व पोषण समिति का हुआ पुनर्गठन

**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र के बलीगढ़ गांव में मुखिया ललिता देवी की अध्यक्षता में गुरुवार को ग्राम स्वास्थ स्वच्छता एवं पोषण समिति का पुनर्गठन गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष, सचिव कोषाध्यक्ष एवं 21 सदस्य का चयन किया गया। इस समिति में सदस्य के रूप में ग्राम के वार्ड सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि समूह, सखी मंडल, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया एवं स्थानीय ग्रामीणों को शामिल किया गया। इसमें मनीष कुमार गुप्ता को अध्यक्ष, ममता देवी को सचिव, सविता देवी को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं 21 लोगों को सदस्य बनाया गया है। समिति चयन के पर्यवेक्षक स्वास्थ्य विभाग के बीटीटी अनुज कुमार ने बताया कि ग्राम स्वास्थ स्वच्छता एवं पोषण समिति का गठन किए हुए 9 साल हो गया था। अब हर जगह पुनर्गठन किया जा रहा है ताकि हर ग्राम में स्वस्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण में जागरूकता आ सके।

# मारपीट में व्यक्ति घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कैलान गांव निवासी स्वर्गीय गुलाबी भुइयां का पुत्र रामचंद्र भुईया मारपीट की घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि रामचंद्र भुईयां अपने गांव के ठेकेदार कृष्णा भुईया के साथ गांव के 20 लोगों के साथ चेन्नई में काम करने गया हुआ था। इस दौरान ठेकेदार के मामा विनोद भुईया ने चेन्नई में शराब के नशे में धुत होकर रामचंद्र भुईया को हथौड़ी एवं ईटा से मारकर घायल कर दिया। इस घटना के बाद गांव के रामलाल भुईया रामनाथ भुईया आदि लोगों ने उसे गंभीर स्थिति में चेन्नई से लेकर भवनाथपुर स्थित कैलान गांव पहुंचाया परिजनों ने रामचंद्र से घटना की जानकारी ली। इसके बाद उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया रामचंद्र को हथौड़ी एवं ईद के मार्ग से उसका मुंह का जबरा फट गया है।

# आत्महत्या का किया प्रयास

गढ़वा। केतार थाना क्षेत्र केचांदडीह गांव निवासी भोलू सिंह चेरो के पुत्र उपेंद्र कुमार सिंह ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि घरेलू कामकाज को लेकर उपेंद्र कुमारि संह को उसके पिता ने डांट-फटकार किया था। इससे गुस्से में आकर उपेंद्र कुमार सिंह ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी तबीयत बिगड़ने पर स्वजनों को इसकी जानकारी मिली। तब आनन फानन में उसे सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाजरत उपेंद्र की हालत स्थिर बनी हुई है।

## केतार बाजार की सड़क की भूमि की हुई मापी

**केतार।** गुरुवार को अंचल अमीन नवल किशोर तिवारी ने केतार बाजार से कपूर्री गेट के दोनो तरफ सड़क अतिक्रमण का सीमांकन मापी कर किया। सीमांकन के दौरान बाजार के दर्जनों लोगो के द्वारा सड़क की भूमि दोनों तरफ से अतिक्रमण कर लिया गया है। इसको लेकर अमीन नवल किशोर तिवारी ने नक्शा के मुताबिक लाल घेरा लगाकर सड़क की भूमि चिन्हित की। वहीं सड़क की भूमि को अतिक्रमण खाली करने का निर्देश भी दिया गया। केतार बाजार से कपूर्री गेट तक सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण से लोगों को आवागमन करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। विगत 2 अप्रैल को मुखिया प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में केतार बाजार के व्यवसायियों ने बैठक कर बाजार अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर सीओ मुकेश मछुआ को आवेदन दिया था। इसके आलोक में गुरुवार को बाजार का सीमांकन किया गया।

## चतरा/लातेहार संक्षिप्त

### सांसद से कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड से एक प्रतिनिधिमंडल राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ मांझी से रांची में शिष्टाचार मुलाकात क्षेत्र में व्याप्त समस्यों से अवगत कराया, जिसमें किसानों की समस्या, बिजली की समस्या, गिद्धौर मुख्य गांव से हाईवा के परिचालन को नियंत्रित करवाने सहित कई ज्वलंत समस्याओं से डॉ. मांझी को अवगत कराया। इस दौरान राज्य सभा सांसद ने कहा कि समस्याओं को राज्य व केंद्र सरकार को अवगत करा कर समस्या का निदान करया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल के जेएमएम गिद्धौर प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, झारखंड संघर्ष समिति के प्रदीप कुमार व जिला सचिव शामिल थे।

### जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**सिमरिया (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रज्ञा बाजपाई के निदेर्शानुसार गुरुवार को सिमरिया प्रखंड के देलहो गांव में मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पीएलवी सुबोध कुमार शर्मा द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों से लोगों को अवगत कराते हुए बताया गया कि 29 मई से 14 जून तक चलने वाले मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों से अपने सुलहनिय लंबीत मामलों का निपटारा करा सकते हैं। लोगों से अपने-अपने क्षेत्र में इस कार्यक्रम की जानकारी देने की अपील भी किया गया। अभियान की विशेषताओं पर जानकारी देते हुए बताया गया कि इसमें मध्यस्थता में भाग लेने वाले दोनों पक्षकारों की बाते पूर्णतः गोपनीय रहती है, मध्यस्थता में भाग लेना पूर्णतः पक्षकारों की सहमति पर निर्भर है, दोनों पक्ष मिल कर विवाद का समाधान ढूंढते है और दोनों के समय धन व व्यक्तिगत संबंधों की रक्षा होती है।

### उपायुक्त ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**चतरा।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में झारखंड राज्य फसल राहत योजना (जेआरएफआरवाई) से संबंधित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। जिसमें जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा लाभुकों से प्राप्त आवेदन 61254 को रखा गया, इसमें जिला स्तरीय समन्वय समिति के द्वारा चर्चा करते हुए कुल 24314 आवेदन को सर्वसम्मति से किसानों को लाभान्वित करने हेतु अनुमोदित किया गया। जिसमें चतरा प्रखंड के 8 पंचायत, गिद्धौर के 6, पत्थलगड़ा के 5, हंटरगंज के 28, प्रतापपुर के 18, कुंदा के 5 एवं लावालौंग के 8 पंचायत के किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। वहीं सहकारिता पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई की किसानों के 30 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक फसल क्षति होने पर 3000 रुपया एवं 50 प्रतिशत से अधिक क्षति होने पर 4000 रुपया दिया जाएगा। बैठक में अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### बीडीओ की अध्यक्षता में हुई किसान गोष्ठी

**गारू।** गुरुवार को प्रखंड कार्यालय गारू के सभागार कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में किसान गोष्ठी सह जागरूकता अभियान कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस किसान गोष्ठी सह जागरूकता अभियान कार्यक्रम में मिशन लाइफ पर्यावरण पूरक जीवन पद्धति कार्यक्रम में बिरसा किसानों को वन्य प्राणियों एवं पर्यावरण के संरक्षण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने अन्य लोगों को भी पौधारोपण उनके संरक्षण के लिए प्रेरित करने वन्य प्राणियों को नुकसान नहीं पहुंचाने, गांव- घर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देने और प्लास्टिक के उपयोग में कमी करने की जानकारी दी गई। सहायक तकनीकी प्रबंधक जितेंद्र कुमार सिंह व बिरसा किसान उपस्थित हुए।

### लेटलतीफी | 100 करोड़ की लागत से बन रहा है रोड

# सड़क कई साल से है निमार्णाधीन


**संवाद सूत्र। धुरकी (गढवा)**
थाना क्षेत्र के क्षेत्र में निमार्णाधीन अम्बाखोरेया-नगर उटारी मार्ग से उड़ती धूल राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। इससे हादसे की भी आशंका बनी हुई है। अम्बाखोरेया-नगर उटारी मार्ग 22 किमी लंबा है। यह सड़क धुरकी प्रखंड मुख्यालय और अनुमंडल मुख्यालय को जोड़ती है। दिसंबर 2021 में सड़क निर्माण के लिए शासन स्तर से प्रस्ताव पास हुआ। निर्माण पर कुल 100 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। इसमें आबादी वाले चौराहे व गांव में आरसीसी बनाना है। फरवरी में निर्माण कार्य आरंभ किया गया, लेकिन अब तक निर्माण पूरा नहीं हो सका है। अभी सड़क की पटरी पर मिट्टी व मेटल का कार्य तथा सड़क की चौड़ीकरण के लिए साइड में गिट्टी भरा जा रहा है। पथ निर्माण में आधा दर्जन से अधिक पुल पुलिया का निर्माण करना है। इसका



अभी डायवरसन बनाया जा रहा है, जबकि 15 जून के बाद बरसात का समय हो जाता है। इस बीच पुल पुलिया का निर्माण हो पाना संभव नहीं लगता। फलस्वरूप आने वाले बरसात में धुरकी के लोगों की परेशानी कम नहीं हो पायेगी। क्षेत्र के रेयासत अंसारी, टुटु सिंह, हरिवंश कोरवा, विजय कुमार, रोहित कुमार आदि ने बताया कि ठेकेदार की मनमानी और कार्य की प्रगति धीमी होने की वजह से दिक्कतें हो रही हैं।

# महायज्ञ को लेकर किया गया भव्य पंडाल निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में भारत वर्ष के महान मनीषी ब्रह्मलीन संत परमपूज्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्य श्री लक्ष्मीप्रापन्न जीयर स्वामी जी के परिव्राजक जीवन का चातुर्मास्य व्रत प्रवास होगा। चातुर्मास्य व्रत समापन अंतर्गत 25 यज्ञ मंडपो में अलग अलग 1051 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ व अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी होगा। उक्त कार्यक्रम के आयोजन के लिये 80 हजार वर्ग फीट में भव्य वाटरप्रूफ पंडाल का निर्माण कराया गया है लगभग एक माह से 50 श्रम योगी पंडाल, पर्णकुटी, तोरणद्वार निर्माण में रात दिन लगे रहे। वास्तुशास्त्र के हिसाब से सारा निर्माण हुआ है 52 हजार 800 वर्ग फीट में बने प्रवचन पंडाल में 40 हजार श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था है। पंडाल में ही 1500 वर्ग फीट में पूज्य स्वामी जी महाराज की



पर्णकुटी का निर्माण हुआ है। 3000 वर्ग फीट में कथा व्यास के लिये मंच की व्यवस्था है। पंडाल में निर्मित 150 कमरों में 1500 साधु संतों के रहने की व्यवस्था है। पंडाल में 20 शौचालय और 30 नल जल की व्यवस्था है। ज्ञात हो कि आगामी 4 जून को हरिद्वार से पूज्य स्वामी जी का शुभागमन यज्ञ स्थल पर होगा। 5 जून से यज्ञ स्थल पर प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक प्रातः कालीन मंगल आरती व शाम 5 बजे से 6 बजे तक स्वामी का प्रवचन होगा।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 3 टन चोरी का स्क्रैप लदी पिकअप जब्त, एक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस ने गुरुवार को एक पिकअप वैन से लगभग तीन टन अवैध लोहा (स्क्रैप) बरामद किया है। साथ ही इस कार्य में संलिप्त भरत उरांव, पिता चोरिया उरांव (दामोदर, चंदवा) को गिरफ्तार किया गया है। वहीं पिकअप चालक पंकज जायसवाल भागने में सफल रहा।

चंदवा थाना में आयोजित प्रेस वार्ता मे पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक लातेहार को मिली गुप्त सूचना पर एक टीम का गठन किया गया। सदाबर बस्ती से चोरी का लोहा लदा पिकअप वैन जो चंदवा कि ओर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने उक्त



वैन का पीछा करते हुए चंदवा रेलवे फाटक के समीप दबोचा। मौके से भरत उरांव कि गिरफ्तारी हुई जबकि पिकअप वैन चालक पंकज जायसवाल मौके पर से भागने में सफल रहा। बताते चलें कि इन दिनों चकला स्थित अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट से लोहा चोरी कि घटना में काफी इजाफा हुआ है। छापमारी दल में पुअनि जमील अंसारी, पुअनि नारायण यादव तथा सैट 202 के सशस्त्र बल शामिल थे।

## एसपी से की सीओ व थाना प्रभारी पर झूठा मुकदमा करने की शिकायत, जांच की मांग

# ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय व थाने का किया घेराव

**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी (चतरा)**

इटखोरी थाना क्षेत्र के मलकपुर के ग्रामीणों ने जमीन विवाद में झुठा मुकदमा करने की शिकायत पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देकर की है। साथ ही पुलिस व अंचल के एकतरफा कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को मलकपुर के ग्रामीणों ने इटखोरी अंचल कार्यालय एवं थाने का घेराव कर अंचलाधिकारी राम विनय शर्मा एवं थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

एसपी को दिए गए आवेदन में ग्रामीणों का आरोप है कि मलकपुर खाता 30 एवं प्लॉट 831 में भुइयां



समाज द्वारा बनाए जा रहे मकान को रुकवाने हेतू थाने में आवेदन दिया गया था। उसके बाबजूद पुलिस के देखरेख में रूम बना दिया गया और ग्रामीणों के विरुद्ध उलटे चोरी एवं तोड़-फोड़ का झूठा मामला पुलिस द्वारा दर्ज किया गया। जांच कर कार्रवाई करने की मांग की गई है। वहीं घेराव की सूचना पर डीएसपी मुख्यालय केदार नाथ राम घटनास्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों को शांत करवाया एवं आश्वासन दिया की जो भी समस्या है जांच की जाएगी एवं जिन लोगों पर झूठा मुकदमा दर्ज हुआ है उसकी जांच की जाएगी। इसमें निर्दोष फसेंगे नहीं और दोषी प्रशासन से बचेगा नहीं। वहीं अंचलाधिकारी राम विनय शर्मा ने बताया कि फिर से जमीन पर नापी होगी और दोनों पक्षों से जमीन बंदोबस्ती के कागजात की मांगी जाएगी, जिसके पास कागज होगा जमीन उसी का होगा और जो जमीन बचेगी उसमे सरकारी योजना का कार्य होगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### करंट से मरे मजदूर के घर पहुंचे बीडीओ

**बरवाडीह।** उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय करंट हादसा में मरे मजदूर के घर मोरवाई ग्राम पहुंच परिवारजनों से मुलाकात की। बता दें कि तीन दिन पूर्व धनबाद गया रेल खंड में निचित पुर रेलवे स्टेशन के पास करंट लगने से प्रखंड क्षेत्र के मोरवाई के मजदूर संजय राम की मौत हो गई थी। बीडीओ ने पीड़ित परिवार को नकद सहायता राशि के अलावा 50 किलो चावल उपलब्ध कराया। साथ ही मृतक की पत्नी को विधवा पेंशन का लाभ तत्काल स्वीकृत करते हुई स्वकृति प्रमाण पत्र दिया। इसके साथ ही परिवारिक लाभ योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि तथा आंबेडकर आवास के तहत आवास की सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। मौके पर पंचायत के मुखिया आशीष कुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### वज्रपात में मारी गई महिला के परिजनों को दिया अन्न का सहयोग

**बालूमाथ।** बालूमाथ थानाक्षेत्र अंतर्गत झाबर के इचाक निवासी बिगन गंझु की पत्नी सोहरी देवी की मृत्यु पिछले दिनों वज्रपात से हो गई थी। मृतक अत्यंत ही गरीब परिवार से ताल्लूक रखती थी। परिवार के लोग मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं। अचानक हुई घटना से पूरा परिवार सदमे में है। बालूमाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एवं एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार के साथ भाजपा नेताओं ने मृतक के घर पहुंच कर शोकाकुल पीड़ित परिवार से सहयोग के रूप में अन्न प्रदान किया। साथ ही सरकार से उचित मुआवजा की मांग की। मौके पर झाबर मुखिया प्रतिनिधि बासुदेव उरांव, बूथ अध्यक्ष नीरज सिन्हा, गजेंद्र हिमांशु, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, बिनोद यादव, अशोक यादव, मुरारी गंझु, देवलाल भगत, बीरेंद्र गंझु, अवदेश साव, करू लोहरा समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## पिकअप के चालक को गैस कटर से काटकर निकाला गया बाहर

# ट्रक व पिकअप की टक्कर में 4 घायल, 3 की हालत नाजुक

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

सदर थाना क्षेत्र के भारूका पेट्रोल पंप के पास एनएच 39 पर बुधवार रात करीब आठ बजे ट्रक और पिकअप वाहन में भीषण टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वाहन के परखच्चे उड़ गए और पिकअप में सवार ड्राइवर समेत चार लोग वाहन में ही फंस गए। इधर घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी थाना प्रभारी गौरव कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के सहयोग से गैस कटर मिस्त्री को बुलाकर तत्काल बचाव अभियान चलाया गया।



वहीं पिकअप वाहन में फंसे ड्राइवर सोनू कुरेशी (35 वर्ष) पिता गुलाम कुरैशी, मोहम्मद साबिर (25 वर्ष) पिता मोहम्मद सैयद, मोहम्मद नासिर (30 वर्ष), मोहम्मद अरशद (32 वर्ष) पिता मोहम्मद अख्तर (सभी रामगढ़ निवासी) को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। इसके बाद सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सदर हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां से पिकअप वाहन के चालक सोनू कुरेशी, मोहम्मद साबिर, मो. नासिर को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। घायल मो. अरशद ने बताया कि वे सभी पिकअप में खासी लोड कर नगर उंटारी से रामगढ़ जा रहे थे। इसी दौरान घुमावदार मोड़ पर एक ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गयी। बताया जाता कि है ट्रक रांची से डालटेनगंज की ओर जा रहा था। हालांकि ट्रक में सवार दो लोग सुरक्षित रहे। पुलिस पिकअप वाहन और ट्रक को जब्त कर थाने ले आयी है और अग्रतेर कार्रवाई में जुट गयी है। इस दौरान एनएच 39 पर आधे घंटे तक वाहनों का अवगमन पूरी तरह से ठप रहा।

### बाइक दुर्घटना में दो वृद्ध हुए घायल

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत नुनीगड़ा के समीप बीते देर शाम बाइक दुर्घटना में दो वृद्ध घायल हो गए, जिनका प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर में किया गया। बताया जाता है की पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के नोनगांव निवासी नरेश साव 82 वर्ष व प्रेमसागर साव चतरा से अपने घर स्कूटी से जा रहे थे। इसी क्रम में नूनीगड़ा पुल के पास स्कूटी अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई और दोनों घायल हो गए। जिसमें नरेश साव स्थित गंभीर है और इलाज चल रहा है।

# विधायक ने रखी कब्रिस्तान की चहारदीवारी की आधारशिला

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

मनिका विधानसभा के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने गुरुवार को कल्याण विभाग मद से प्रखंड मुख्यालय के पहाड़तली स्थित कब्रिस्तान की चहारदीवारी निर्माण कार्य की विभागीय स्वीकृति मिलने के बाद आधारशिला रखी। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि प्रखंड समेत पूरे विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित लंबित कई सरना स्थल, शवदाह स्थल, चहारदीवारी और कब्रिस्तान की चहारदीवारी का निर्माण जल्द कराया जाएगा। वहीं जिप सदस्य ने चहारदीवारी योजना की तारीफ की। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम असारी, कलाम अंसारी, अजय चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, कांग्रेस कोआर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, रविंद्र राम, जय प्रकाश रजक, अजय सिंह बिट्ठ, अख्तर खान, रिंकी खान, शिवानंद तिवारी, निजाम अंसारी, असलम खान, प्रेम कुमार अधूरा, कुलेश्वर सिंह, रविंद्र पासवान, राजदीप रिक्की, अवधेश मेहरा, साबिर अंसारी, मुटकुम राम, समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।



### विधायक ने कब्रिस्तान की चहारदीवारी का किया शिलान्यास, खेल मैदान बनाने की घोषणा भी की

**बालूमाथ।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक वैधनाथ राम ने बृहस्पतिवार को बालू ग्राम में कल्याण विभाग से बनने वाले कब्रिस्तान की चहारदीवारी



का शिलान्यास किया। वहीं विधायक ने बर टोला में डैम के पास पहुंचकर खुले मैदान देखा जहां खाली पड़ी 3 एकड़ जीएम लैंड को खेल मैदान निर्माण के लिए यथाशीघ्र उपलब्ध कराने के लिए अंचल अधिकारी को निर्देशित किया। विधायक पास दर्जनों गांवों की विधवा, बुजुर्ग महिला पेंशन की शिकायत लेकर पहुंची। विधायक ने चंपा टोला में जर्जर सड़क बनाने की बात कही। मौके मुख्य रूप से जेएमएम मंडल अध्यक्ष ईश्वर उरांव, समसूल खान, माधो सिंह, संतोष उरांव, मोनाजिर हसन, जमशेद खान, सेराज खान, जितराम गंझू, जयराम गंझू, निलेश गंझू, नरेश गंझू, मो. अरमान, औरंगजेब खान, हरि साव समेत कई कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# विधि विधान व हर्षोल्लास के साथ की गई नवनिर्मित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

स्थानीय दुबे जी के गोला परिसर में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्रतिमा स्थापित करने को लेकर चल रहे पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कार्यक्रम गुरुवार को भंडारे के साथ संपन्न हो गया। इसके पूर्व संध्या को हनुमान जी प्रतिमा को गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमा स्थापित करने के दौरान श्रद्धालुओं के जय सिया राम जय हनुमान आदि जयकारे से शहर का माहौल भक्तिमय नजर आया। मंदिर निर्माण समिति के संरक्षक संजय दुबे,अजय वैध,विकास कुमार



आदि कार्यक्रम को सफल बनाने में पुरी तन्मयता से जुटे हुए थे। अनुष्ठान संपन्न कराने को लेकर वाराणसी से पुरोहितों की टीम चंदवा पहुंची हुई थी जिसमें आचार्य पंडित रामनिवास रिछारिया, नीलमणि तिवारी, सतीश त्रिपाठी, किशन भार्गव और आशीष पटारिया शामिल हैं। मंदिर निर्माण को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया।

# नाराज टेट पास सहायक अध्यापक करेंगे आंदोलन

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार सदर प्रखंड स्थित खेल स्टेडियम में आज टेट पास सहायक अध्यापकों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी सहायक अध्यापकों ने राज्य सरकार के वादाखिलाफी से नाराज नजर आए। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश यादव और प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य अरविंद कुमार चंद्रवंशी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश यादव ने कहा कि जब राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनी थी तो उन्होंने वादा किया था कि आने वाले 3 महीनों में सभी पारा शिक्षकों को वेतनमान दिया जाएगा पर सरकार बने 3 साल से ज्यादा हो गया है और सरकार हमारे साथ वादा खिलाफी करने का



कार्य कर रही है जिससे हम सभी आहत हैं। अब सभी टेट पास सहायक अध्यापक सरकार के खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय लिया है जिसकी सारी जवाबदेही राज्य सरकार की होगी। बैठक में मुख्य रूप से लातेहार जिला अध्यक्ष घनश्याम कुमार चंद्रवंशी, जिला सचिव नंदकिशोर प्रसाद, जिला कोषाध्यक्ष संजय यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश यादव, लल्लन यादव, जिला संरक्षक निर्मल यादव, संयोजक प्रमोद यादव, संगठन मंत्री राजेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी हरिओम प्रसाद, मनिका प्रखंड अध्यक्ष दिलीप यादव, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष ललन कुमार यादव, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष मनीष पांडे, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष संजीत प्रसाद, हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष राम प्रकाश यादव, बारियातु प्रखंड अध्यक्ष अमरेश यादव, बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष बलराम सिंह, गारू प्रखंड अध्यक्ष पंकज कश्यप मौजूद रहे।

## क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता | एसआई विकास का अच्छा प्रदर्शन

# लातेहार बना ओवरआल चैंपियन

**नवीन मेल सेवाददाता। लातेहार**

लातेहार मेदिनीनगर में अयोजित पलामू क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में लातेहार जिला ओवर ऑल चैंपियन रहा। इसमें चंदवा थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर विकाश शर्मा ने सभी रेंज की शूटिंग में शानदार प्रदर्शन किया। इन्होंने इंसास 100 गज (स्टैंडिंग पॉजिशन) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं इंसास 300 गज (लाइंग पॉजिशन) में द्वितीय, पिस्टल/रिवालवर 30-40 गज (अटैक पॉजिशन) में द्वितीय, पिस्टल/रिवालवर 15 गज (स्कूटीव पॉजिशन) में द्वितीय और पिस्टल/रिवालवर 25 गज (बोथ हैंड) में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बताते चलें कि इस तरह की प्रतियोगिता हर वर्ष पुलिस विभाग के द्वारा प्रमंडल स्तर पर कराई जाती है। इस प्रतियोगिता से यह भी




पता चलता है कि पुलिस कर्मियों की निशाना कितनी अच्छी है और कार्य करने के दौरान क्या-क्या कर सकते हैं। उसके साथ ही अगर किसी पुलिसकर्मी के द्वारा इस प्रतियोगिता में राज्य भर में पहला स्थान आता है तो उसकी एक विभागीय प्रमोशन की जाती है, जिससे प्रतियोगिता के दौरान चयनित प्रतिभागियों में प्रदर्शन करने की होड़ मची रहती है। मौके पर पलामू रेंज के आईजी राजकुमार लकड़ा ने सभी विजयी प्रतिभागियों को प्रसशति पत्र, मेडल और कप देकर सम्मानित किया।

### भद्रकाली इंटर कॉलेज के परीक्षार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड अंतर्गत भद्रकाली इंटर कॉलेज इटखोरी के आर्ट्स एवं कॉमर्स संकाय के परीक्षार्थियों ने 2023 के परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कॉलेज से कॉमर्स संकाय से कुल 21 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा लिखा था, जिसमें 10 प्रथम एवं 11 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। वहीं आर्ट्स संकाय में कुल 381 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा लिखा था, जिसमें 148 प्रथम, 200 द्वितीय श्रेणी और 30 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। कॉमर्स संकाय में श्वेता कुमारी 379 अंक, अभिषेक कुमार यादव ने 383 अंक, ब्यूटी कुमारी ने 364 अंक प्राप्त कर टॉप टेन में स्थान प्राप्त किया है। वहीं आर्ट्स संकाय में नंदनी कुमारी ने 424, रजंती कुमारी ने 396 एवं रामू यादव ने 393 अंक लाकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। कॉलेज के प्राचार्य रियाजउद्दीन अहमद ने बताया कि परीक्षा में यहां विद्यार्थियों का अथक मेहनत व प्रयास एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# ग्रामीण परिवेश से निकल अंकिता ने किया नाम रोशन

### यूसीजी नेट में 99 प्रतिशत अंक हासिल किए

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

बालूमाथ ग्रामीण परिवेश से निकलकर अंकिता राज ने यूसीजी नेट की परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड का नाम रोशन किया है। अंकिता राज बालूमाथ प्रखंड निवासी राजू पासवान के बड़े भाई अरुण कुमार की बड़ी बेटी है। अंकिता राज ने यूसीजी नेट की परीक्षा सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड से शिक्षा शास्त्र विषय में उत्तीण हुई है। अंकिता राज अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार जन तथा शिक्षक डॉ. धर्मेंद्र कुमार दास एवं समूचे शिक्षक परिवार को दिया है। अंकिता राज ने नेट परीक्षा क्लियर कर असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा में सफल की है। अंकिता राज अपनी प्राथमिक शिक्षा दीक्षा बालूमाथ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर एवं बालूमाथ प्रोजेक्ट गर्ल हाई स्कूल और जेवियर कॉलेज रांची से हासिल की है। इसके बाद अपने दिन रात की



कड़ी मेहनत के साथ यह मुकाम हासिल की है। खुशी जाहिर करने वालों में माता अनीता देवी, पिता अरुण कुमार एवं चाचा राजू पासवान, दादा सरयू पासवान, मौसा बालजीत राम, सुरेश राम, भाई अमित कुमार, सागर राम, विवेक राम के अलावा शिक्षक अवणिकांत पाठक, ललन मिश्र, शुभचिंतक दशरथ पासवान, अजीत कुमार, पंकज सिंह, प्रितलाल यादव सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

### 2014 से लंबित दीवानी मुकदमा निष्पादित



**चतरा।** झालसा के तत्वाधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सचिव प्रज्ञा बाजपाई द्वारा मन का मिलन पखवाडा कार्यक्रम प्राधिकार परिसर में गुरुवार को आयोजित किया गया। इसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा के अथक प्रयास से 2017 के सिविल अपील के वादी एवं प्रतिवादी समझौते के लिए मध्यस्थ केंद्र जिला विधिक सेवा प्राधिकर में उपस्थित हुए। इसमें मध्यस्थ अशोक साहू को अधीकृत किया गया, इनके प्रयास से उभय पक्षों के बीच समझौता कर वाद का निष्पादन किया गया। उक्त मामला 2014 में सिविल जज के यहां दायर हुवा था और लंबित था। इसका निष्पादन न्यायिक अधिकारी व प्राधिकार के प्रयास से किया गया।

## कैरो में सरकारी पैसे का दुरुपयोग आम बात, खंडहर में तब्दील हो रहे भवन

# करोड़ों खर्च कर बने भवनों का आजतक उद्घाटन नहीं

**शकील अहमद। कैरो**

जनता का पैसा बर्बाद कैसे हो रहा है यह देखना है तो जिले के कैरो प्रखंड में सरकारी योजनाओं को देखकर आसानी से पता लग जाएगा। सरकारी राशि का दुरूपयोग आम बात हो गई हैं। शासन, प्रसाशन मामले मे मुंह मोड़े हुए हैं। करोडो रुपये खर्च के बाद बने कुछ भवनों का आजतक उद्घाटन भी नहीं हो पाया। उद्घाटन के अभाव में अब भवन जर्जर होने की कगार पर पहुंच गए हैं।







### अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र

कैरो में बना अतिरिक्त अस्पताल करीब एक दशक से उद्घाटन की बांट जोह रहा। करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ अतिरिक्त अस्पताल असमाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। प्रखंड मुख्यालय से महज आधा किमी की दूरी में एक करोड़ ग्यारह लाख रुपये की लागत से बने अतिरिक्त अस्पताल उद्घाटन की बांट जोहते जोहते जर्जर हो गई। वर्ष 2014 से अस्पताल का भवन बनकर तैयार है। लेकिन आज तक अस्पताल चालू नहीं हुआ। यदि अस्पताल चालू हो जाता तो क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से मुहैया होती। अस्पताल चालू नहीं होने के कारण भवन खंडहर में तब्दील हो रहा है। वर्ष 2008 - 09 में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। इसके बाद 2014 में अस्पताल पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो गया था। जो आज लगभग एक दशक बित जाने के बाद भी अस्पताल को सरकार चालू नहीं करा पाई है।

### उद्घाटन का इंतजार

सढाबे पंचायत के एडादोंन गांव मे कोयल नदी तट पर बने आईटीआई कॉलेज व क्षात्रवास 2017-18 मे बनकर तैयार हो गया था जो देखरेख के अभाव मे अब जर्जर होने की स्थिति में है। आये दिन असमाजिक तत्व इसे बर्बाद कर रहे हैं। भवन निर्माण के बाद आईटीआई की पढ़ाई की कोई पहल नहीं हुई है। भवन का निर्माण लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से कराई गई थी।

### कुडू में पढ़ने को विवश

कैरो बिराजपुर नंदनी नंदी के पार पश्चिम दिशा पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिक विधालय जिसका भवन निर्माण कार्य बीते वर्ष पूर्ण हो चुका है, परंतु आज भी कैरो प्रखंड की 275 छात्राएं कुडू प्रखंड मुख्यालय स्थित विद्यालय भवन में पढ़ने को मजबूर हैं। इसका मुख्य कारण नंदनी नदी में पुल का नहीं होना है। उक्त भवन में जल्द से जल्द विद्यालय संचालित हो इसको लेकर सभी 275 छात्राओं के अभिभावक सहित शिक्षिका आदि अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं।

### आधा -अधूरा पुल

वहीं नंदनी डैम से निकलने वाली नदी में बंदा गांव के समीप पुल नहीं होने के कारण भी कुछ कम समस्याएं नहीं हो रही है। लोग कई वर्षों तक सरकार से नदी पर पुल बनाने की गुहार लगाते रहे, पुल बनना भी सुरु हो गया था पुल का निर्माण कार्य आधा अधूरा हो चुका था जिसके बाद काम बंद हो गई।जिसके बाद लगातार लोग मांग करते रहे है। लेकिन अभी तक उनकी सुनवाई नहीं हुई है। एक दशक बाद भी बांस के पुल बनाकर नदी पार करने को विवश हैं लोग।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी को उम्र कैद की सजा

**लोहरदगा।** सिविल कोर्ट लोहरदगा के एडीजे वन स्पेशल पोक्सो न्यायालय अखिलेश कुमार तिवारी की अदालत ने कैरो थाना कांड संख्या 25/2021 और स्पेशल पोक्सो कांड संख्या 28/2021 में अभियुक्त कुडू थाना क्षेत्र के मकांदू गांव निवासी तेजमुल उर्फ तजमुल अंसारी को धारा छह पोक्सो एक्ट में शेष प्राकृतिक जीवन काल कैद और 25 हजार रुपए का आर्थिक दण्ड, धारा 363 भादवि में सात साल और 10 हजार की आर्थिक दण्ड की सजा सुनाई गई। मुकदमे के अनुसार नौ जून 2021 को जब पीड़िता अपने घर पर अकेले थी। तभी दो लोग पीड़िता के घर आ कर जबरन उसे अपने ऑल्टो कार में बैठा कर टाटी टोंगरी तरफ ले जा कर बलात्कार कर रहा था। तभी ग्रामीणों की नजर उन लोगों पर पड़ी। इसके बाद ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया था। अभियुक्त लोहरदगा मंडल कारा में है। इस कांड का दूसरा अभियुक्त नाबालिग है। इस मामले में करीब सत्रह प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों ने पीड़िता के पक्ष में गवाही दी।

## NEWS इन ब्रीफ

### ऑटो बाइक की टक्कर में तीन घायल

**कैरो।** कैरो चट्टी सड़क पर चेरिमा गांव के पास ऑटो से बाइक की टक्कर हो जाने से तीन लोग घायल हो गए।रांची जिले के नरकोपी थाना क्षेत्र के डोरंडा पीपरटोली निवासी सुरेश लोहरा अपने हीरो होंडा मोटरसाइकिल से चट्टी की तरफ से अपने घर जा रहा था।वहीं बेड़ो थाना क्षेत्र के पांडेपरा के लोग विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर ऑटो से अपने घर लौट रहे थे। चेरिमा गांव के पास बाइक व ऑटो टकरा गई। जिससे बाइक सवार सुरेश लोहरा 18 वर्ष और ऑटो में सवार रिना देवी (38) निलमुनी कुमारी (17) घायल हो गई। सूचना मिलने पर कैरो थाना एएसआई एस एन दास घटना स्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों के सहयोग से रिम्स भेजवाया।

### नाबालिग को भगा ले जाने का मामला दर्ज, एक गिरफ्तार

**कैरो।** थाना क्षेत्र के नाबालिग लड़की के पिता ने कुडू थाना क्षेत्र निवासी मुस्ताक अंसारी पिता फजलुदीन अंसारी के खिलाफ कैरो थाना में लिखित आवेदन देकर अपनी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने झूठे प्रेम जाल में फंसाकर घर से भगाकर ले जाने और शादी का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाया है।लिखित आवेदन में कहा गया है कि लड़का को शादी से रोकने का प्रयास करने पर वह जान से मारने का धमकी भी देता है।कैरो थाना कांड संख्या 25/2023 धारा 363,366ए ,506 भादवि के तहत मामला दर्ज करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## अंडर 19 बालिका कबड्डी टीम में कोमल का चयन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

एसजीएफआई द्वारा आहूत अंडर-19 बालिका कबड्डी टीम जो नई दिल्ली में संपन्न होनी है झारखंड राज्य के लिए लोहरदगा जिले के कोमल उरांव का चयन किया गया। साथ ही यहां के एनआईएस कोच प्रकाशित मिंज को राज्य के बालिका कबड्डी टीम का कोच नियुक्त किया गया। खिलाड़ी सह कोच को लोहरदगा जिले के कबड्डी अध्यक्ष सह वरीये उपाध्यक्ष कबड्डी एसोसिएशन आफ झारखंड मदन मोहन पांडे द्वारा आशीर्वाद एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस अवसर पर लोहरदगा कबड्डी संघ के सचिव रामस्वरूप प्रसाद, प्राचार्य मनोज्ञ पांडे, मंजूरमती हाई स्कूल, अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सतीश रंजन उरांव, ओवरसीज बैंक के प्रबंधक



मुकेश कुमार सिंह, संतोष उरांव, रोमन मिंज, पप्पू कुमार, युवा खेल प्रेमी अभिनव सिद्धार्थ एवं सज्जाउद्दी रज्जा, किशोर कुमार वर्मा, अरुण राम, लखन राम, अरविंद उरांव, ममता कुमारी, रोहित भगत, अनिल ठाकुर, अजय उरांव, अर्जुन कुमार साहू, कार्तिक कुजूर इत्यादि उपस्थित थे।

## कुडू से गायब नाबालिग का दसवें दिन भी नहीं मिला कोई सुराग

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

कुडू थाना क्षेत्र के जिमा चौक से 8वी कक्षा की एक नाबालिग छात्रा के गायब होने के दस दिन बाद भी कोई सुराग हाथ नही लगा। इधर लड़की की सकुशल बरामदगी के लिए कुडू पुलिस छापेमारी कर रही है। तफ्तीश में जुटी पुलिस ने जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी डाडू गांव से तीन नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही ही थी कि बुधवार की शाम सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद लड़की के गांव वाले आक्रोशित हो गए और सैंकड़ो की संख्या में कुडू थाना पहुंच गए। लड़की की तत्काल बरामदगी की मांग करने लगे। वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक नाबालिक लड़की किसी जंगल के पास अचेतावस्था में पड़ी है और आस-पास में भी कई लोग

### नामजद तीन आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

जमा है, वही वीडियो बनाने वाला बोल रहा है की नाबालिग के साथ सामुहिक दुष्कर्म किया गया है। नाबालिग के पिता और परिजन वायरल वीडियो में दिखाई दे रही बेसुध लड़की को अपनी बेटी के रूप में पहचान कर रहे है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ बीएन सिंह भी कुडू थाना पहुंचे और देर रात तक आक्रोशित ग्रामीणों को समझाया और लड़की की बरामदगी का आश्वासन दिया जिसके बाद ग्रामीण शान्त हुए। ज्ञात हो कि बीते 23 मई को नाबालिग अपने घर से जिमा चौक गयी थी। जहां से वापस नही लौटी। जिसके बाद परिजनो ने लापता होने की सूचना कुडू थाना को दी थी। काफी खोजबीन के बाद परिजनों को सुराग मिला कि चितरी डाडू के कुछ युवक नाबालिग का अपहरण कर ले गए हैं। इसके बाद लडकी के पिता ने कुडू थाना में आवेदन देकर लड़की के अपहरण का आरोप लगाते हुए कुछ युवकों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। साथ ही लोगों से मिले सुराग भी पुलिस को बताया था। जिसपर कुडू पुलिस ने 28 मई को प्राथमिकी दर्ज कर चितरी डाडू निवासी मोइन अंसारी पिता फारूक अंसारी, शाहबाज अंसारी पिता जाफत अंसारी और सिराजुल अंसारी को हिरासत में लिया था। सभी को गुरुवार को जेल भेज दिया गया। लड़की के पिता व परिजनों ने बताया कि लड़की को गायब करने वालों में एक युवक लड़कियों की तस्करी का काम करता है। लोगों को शक है कि लड़की को कहीं बेच दिया गया है।

## मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा हुई



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा की गई। इसके अंतर्गत छुटे हुए किसानों, जिनका ई-केवाईसी लंबित है, उनका ई-केवाईसी 15 जून तक पूर्ण कराने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा व एलडीएम, लोहरदगा को दिया गया। प्रखंडों के लंबित ई-केवाईसी के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्रतिदिन छूटे हुए योग्य किसानों का ई-केवाईसी कराये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, अपर समाहर्ता, लोहरदगा को इसकी सतत मॉनिटरिंग किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता के रूप में समीरा एस०, जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, अग्रणी बैंक प्रबंधक रविंद्र प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी अमर भूषण क्रांति, कार्यपालक दण्डाधिकारी सन्नी कुमार दास, आत्मा उपनिदेशक तृप्ति तिर्की आदि उपस्थित थे।

## झामुमो जिलाध्यक्ष मिले सीएम हेमंत से

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोहरदगा जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची स्थित उनके आवास पर मिलकर लोहरदगा जिला की जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए जिले की शत प्रतिशत विकास की मांग रखी है। इधर सीएम को झामुमो जिला अध्यक्ष के द्वारा जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़क, बिजली एवं अन्य जन समस्याओं से अवगत करें। जिले में इस भीषण गर्मी में पेयजल की बड़ी संकट से जिलेवासियों को निजात दिलाने एवं शिक्षा के क्षेत्र को सुदृढ़ कराने स्वास्थ्य की समस्याओं को मजबूती के साथ निराकरण कराने सहित जिले के तमाम क्षेत्रों की सड़कों की विकास की मांग रखी है। आए दिन बिजली की बड़ी समस्या



को गंभीरता पूर्वक निपटारा कराने, कैरो प्रखंड में वर्षों से निर्मित अस्पताल का यथाशीघ्र संचालन कराने की मांग रखी है। जिसपर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिलाध्यक्ष को आश्वस्त कराते हुए कहा कि लोहरदगा जिले की विकास को लेकर हमारी सरकार पूरी तरह से कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि साथ ही राज्य के सभी क्षेत्रों का समुचित विकास को लेकर कार्य योजना तैयार की गई है एवं पूरे राज्य में विकास कार्यों को व्यापक रूप दिया गया है। सीएम ने कहा कि लोहरदगा जिला का विकास निश्चित रूप से बड़े पैमाने हमारी सरकार कर रही है बाकी योजनाओं पर भी खाका तैयार कर विकास कार्यों को जमीनी स्तर पर उतारते हुए अंजाम दिया जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कैरो में बने अस्पताल के संचालन जल्द से जल्द शुरू कराये जाने की बात कही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद को कहा कि लोहरदगा जिला में जब से गठबंधन की सरकार बनी है विकास की लहर दौड़ पड़ी है बाकी बचे कार्यों को भी प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जायेगा।

## 'छिनतई करने वालों का पदार्फाश करे प्रशासन'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गुरुवार सवेरे हुई चेन छिनताई की घटना में शामिल लोगों का पदार्फाश प्रशासन शीघ्र करें क्योंकि इस तरह की घटना लोहरदगा के शहरवासियों को चौंकाने वाली है। मालूम हो कि शुक्रवार सवेरे लगभग छह, सवा छह बजे के बीच छत्तर बगीचा निवासी एवं सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर एन कुजुर अपनी धर्मपत्नी (शिक्षिका) पुष्पा बाखला को रेलवे स्टेशन बाइक से छोड़ने के लिए जा रहे थे। इस बीच न्यू रोड पर्ल होटल के समीप लाल रंग की मोटरसाइकिल से दो युवक पीछा करते हुए आए एवं उनकी पत्नी के गले से सोने की चेन छीन कर फरार हो गए। सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर के द्वारा जब पीछा किया गया तो वे लोग न्यू रोड कादिर लेन की ओर भाग गए। बाइक पर पीछे बैठे हुए युवक लाल और सफेद रंग की शर्ट पहने हुए था और भागने के क्रम में छिनतई करने वालों में से पीछे बैठे एक ने दोनों हाथ से पीछे नंबर प्लेट को ढक कर रखा था ताकि मोटरसाइकिल का नंबर पढ़ा नहीं जा सके। सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर एवं सामाजिक विचार मंच के संयोजक एन कुजूर ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस सड़क पर इस तरह की घटना हुई है वहां दर्जनों सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं अगर प्रशासन त्वरित कार्रवाई करेगी अपराधियों का पता चल जाएगा।

## लातेहार/चतरा संक्षिप्त

### बंगाली टोला में जल मीनार की दो सोलर प्लेट क्षतिग्रस्त



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में तेज आंधी तूफान के साथ हुई वज्रपात के दौरान प्रखंड के चितार पुर ग्राम अंतर्गत बंगाली टोला में लाखों रुपये की लागत से लगाया गया सोलर चालित जल मीनार की दो सोलर प्लेट उड़ कर क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके कारण कारण बंगाली टोला में पेयजल के लिए लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि जल मीनार का निर्माण कुछ माह पूर्व ही किया गया था लेकिन सही तरीके से सामग्रियों नहीं लगाए जाने के कारण तेज आंधी से सोलर प्लेट उड़कर जमीन में गिर गई। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से बनवाने की मांग की है।

### पेयजलापूर्ति को खराब जलमीनार की मरम्मत कराने की मांग

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में लगे कई जलमीनार खराब होने के कारण लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खराब पड़े जलमीनारों में पोकला गांव के भुईयां टोली, कसियाडीह में आंगनबाड़ी केंद्र के पास व कुमरांग कला स्थित धवईया टांड के मामले को लेकर पंसस राजेश चौधरी ने बीडीओ रंथु महतो को पत्र सौंपकर शीघ्र मरम्मतीकरण की मांग है। उन्होंने दिए गए पत्र में एक सप्ताह पूर्व लगे जलमीनार खराब हो जाने पर उसमें लगे सामग्री की गुणवत्ता जांच कराने की मांग किया है।

## पहल | आजीविका संवर्धन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# कृषि व वनोपज में अपार संभावनाएं : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड लोहरदगा द्वारा सहकारिता के माध्यम से कृषि और वन उपज के द्वारा आजीविका संवर्धन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला परिषद् भवन के सभागार में किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ उप-विकास आयुक्त समीरा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में उप-विकास आयुक्त ने कहा कि कृषि एवं वनोपज से किसानों की आय में वृद्धि करने के आपार संभावनाए हैं। सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं वनोपज के व्यापार से ठेकेदारी प्रथा को पूर्ण रूप से समाप्त कराना है। राज्य के ग्रामीणों इलाकों में




बिचौलिये इतने सक्रिय हैं कि आज ग्रामीणों को उनके कृषि एवं वनोपज उत्पादों का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों को उनके द्वारा उत्पादित एवं संग्रहित उत्पादों का उचित पारिश्रमिक दिलवाना, कृषि एवं वनोपज का उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण, अनुसंधान तथा विकास की विभिन्न गतिविधयों को सहकारी आधार पर संगठित करना, क्रय-विक्रय एवं वितरण की ऐसी व्यवस्था करना जिससे कि सदस्यों को सर्वोत्तम लाभ मिले इस संघ का उद्देश्य है। वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविन्द कुमार ने कृषि एवं वनोपज के बेहतर ब्रांडिंग की जरुरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उत्पादों को ना सिर्फ नए बाजार उपलब्ध होंगे अपितु उत्पादकों को सही कीमत भी मिलेगी। वनोपज के बेहतर प्रबंधन से वनों पर आश्रित समुदाय के जीवन में आर्थिक सबलता आएगी और नए रोजगार व पूंजी का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि किसानों को मूल्य संवर्धन , प्रसंस्करण, मार्केटिंग, भण्डारण आदि विषयों पर तकनीकी प्रशिक्षण राज्य स्तरीय संघ के द्वारा दिया जायेगा। उन्होंने लोहरदगा जिले में उपलब्ध वन क्षेत्र के बेहतर उपयोग पर जोर देते हुए बताया कि लैम्प्स/पैक्स के पुनुरुथान के लिये सरकार कदम उठा रही है और सभी किसानों को लैम्प्स के सदस्य बन कर एकजुट होना चाहिए।

राज्य प्रबंधन टीम ने ऑडियो-विसुअल के माध्यम से प्रतिभागियों को अपने सहकारी संस्थायों को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया और प्रेजेंटेशन के द्वारा उन्हें सिद्धकोफेड के गठन , संघ के उद्देश्य और महासंघ में लैम्प्स की भूमिका से अवगत कराया गया। कार्यशाला में सहायक निबंधक मनीषा तिर्की, सभी लैम्प्स वविशेष समितियों के सदस्य भी उपस्थित थे।

## कृषक मित्र व किसानों की बैठक आयोजित

**सेन्हा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन के तहत प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी की अध्यक्षता में कृषक मित्र व किसानों का बैठक आयोजन किया गया। प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुरजा भगत ने कहा कि कृषि कार्य में किसान जैविक खाद को बढ़ावा दे और जीवामृत खाद,नैनो यूरिया,नीम कोटेज खाद,गोबर खाद,केंचुआ खाद का अधिकतर प्रयोग करें साथ ही अन्य किसानों को रसायनिक खाद का प्रयोग नही करने के लिये प्रेरित करने के लिये निर्देजह दिया गया। साथ ही देशी बीज के अन्तर्गत मडुवा, गोंदली, मकई, बाजरा का खेती करने के लिये निर्देश दिया गया। मौके पर एटीम स्नेहलता भगत के अलावे किर्षक मित्र राजेन्द्र नायक,एतवा उराँव,संगीता कुमारी, सूरज कुमार,चिन्ता देवी एवं तुलसी उराँव, अशोक कुमार भगत,सूर्या उराँव, प्रकाश महतो, रविन्द्र उराँव सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

# चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी के 6.5 फीसदी रहने का अनुमान



**एजेंसी। नई दिल्ली**

2022-23 के लिए विकास दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान लगाते हुए सरकार ने बुधवार को कहा कि चालू वित्तवर्ष (2023-24) के लिए जीडीपी के 6.5 फीसदी रहने का अनुमान संभव है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने 2022-23 की चौथी तिमाही और पूरे वित्तवर्ष के लिए जीडीपी डेटा जारी होने के बाद संवाददाताओं से यह बात कही। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत ने 2022-23 की जनवरी-मार्च अवधि में 6.1 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर्ज की, जबकि पिछली तिमाही में यह 4.4 प्रतिशत थी। पूरे 2022-23 के लिए, विकास दर 7.2 प्रतिशत अनुमानित की गई थी, जो 7 प्रतिशत के उन्नत अनुमान से अधिक है, लेकिन 2021-22 में दर्ज 9.1 प्रतिशत की तुलना में कम है। नागेश्वरन ने कहा, मुझे लगता है कि मैं अपनी गर्दन उठाए रख सकता हूं और कह सकता हूं कि जब वित्तवर्ष 2023 के लिए संशोधित संख्या अगले साल जारी की जाएगी, तो 7.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि के आंकड़े में संशोधन हो सकता है। उन्होंने कहा, भारत 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद के 5.9 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है। अप्रैल 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति 18 महीने के निचले स्तर 4.7 प्रतिशत पर थी। सीईए ने कहा, हमें ग्रामीण मांग में मजबूत सुधार के संकेत दिख रहे हैं। 2022-23 की चौथी तिमाही में कृषि क्षेत्र में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।₹ नागेश्वरन ने कहा कि कई क्षेत्रों में क्षमता उपयोग पहले ही 75 प्रतिशत को पार कर चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि महामारी से पहले होटल उद्योग में कुल रोजगार 4 करोड़ था। महामारी के दौरान यह 2.9 करोड़ तक गिर गया था।

## शेयर बाजार में आई गिरावट

**मुंबई।** आज महीने के पहले दिन यानी 1 जून को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 193 अंकों की गिरावट के साथ 62,428 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 46 अंकों की गिरावट रही। ये 18,487 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 में गिरावट रही। अपोलो हॉस्पिटल, डिविस लैब, बजाज-ऑटो, टाटा मोटर्स, हीरो मोटोकॉर्प, एशियन पेंट्स समेत निफ्टी-50 के 28 शेयरों में तेजी देखने को मिली। वहीं कोल इंडिया, कोटक बैंक, भारती एयरटेल, एमबीआइ, एचडीएफसी लाइफ, आइसीआइसीआइ बैंक, आइटीसी और यूपीएल समेत 22 शेयरों में गिरावट रही।

## आईफोन 16 प्रो में होगा 6.27 इंच का डिस्प्ले

**सैन फ्रांसिस्को।** एप्पल आईफोन 16 प्रो स्मार्टफोन में 6.27 इंच का डिस्प्ले होगा। एप्पल इनसाइडर की रिपोर्ट के अनुसार, डिस्प्ले एनालिस्ट रॉस यंग ने यह जानकारी साझा की। उन्होंने यह भी दावा किया कि आईफोन16 प्रो मैक्स मॉडल 6.86-इंच डिस्प्ले के साथ आएगा। यंग ने बताया कि आईफोन 16 प्रो मॉडल के लिए आस्पेक्ट रेशियो 19.6:9 होगा। रिपोर्ट में कहा गया है, दूसरी ओर आईफोन 17 पीढ़ी के प्रो वेरिएंट को अंडर पैनल फेस आईडी प्लस होल फीचर मिलेगा और नॉन-प्रो वेरिएंट के एलटीपीओ बैकप्लेन और प्रोमोशन सपोर्ट के साथ आने की उम्मीद है।

# एलन मस्क फिर बने दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति



**एजेंसी। वॉशिंगटन**

टेस्ला के फाउंडर एलन मस्क ने फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति की पोजिशन फिर से हासिल कर ली है। बीते 5 दिनों में टेस्ला का शेयर 12.04% बढ़कर 203.93 डॉलर पर पहुंच गया है जिस कारण मस्क की नेटवर्थ बढ़ी है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के अनुसार मस्क की कुल नेटवर्थ 192 बिलियन डॉलर (करीब 15.85 लाख करोड़ रुपए) हो गई है। वहीं दुनिया के सबसे बड़े फैशन ग्रुप लुई वितॉ मोएट हेनेसी के उएड बर्नार्ड अरनॉल्ट की नेटवर्थ 187 बिलियन डॉलर (करीब 15.43 लाख करोड़ रुपए) है। अमेजन के मालिक जेफ बेजोस 144 बिलियन डॉलर (करीब 11.88 लाख करोड़ रुपए) नेटवर्थ के साथ तीसरे नंबर पर हैं। टेस्ला के शेयरों में तेजी के बाद नवंबर 2021 में मस्क दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी बने थे। उन्होंने अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस को पछाड़कर ये मुकाम हासिल किया था। 5 नवंबर 2021 को मस्क की नेटवर्थ 338 बिलियन डॉलर (करीब 27.95 लाख करोड़ रुपए) पर पहुंच गई थी। तब टेस्ला के एक शेयर की कीमत 400 डॉलर से ज्यादा थी। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के टॉप 10 में एक भी भारतीय नहीं है। इस लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 84.7 बिलियन डॉलर (6.99 लाख करोड़ रुपए) की नेटवर्थ के साथ अंबानी 13वें नंबर पर है। वहीं गौतम अडाणी 61.3 बिलियन डॉलर (करीब 5.05 लाख करोड़ रुपए) की नेटवर्थ के साथ 19वें नंबर पर हैं।

# शीर्ष 10 भारतीय ब्रांडों में आरआईएल और जियो

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय ब्रांडों की शीर्ष दस सूची में रिलायंस के दो ब्रांड हैं। हालिया रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। इंटरब्रांड की एक रिपोर्ट के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज 2023 के लिए भारतीय ब्रांडों की शीर्ष दस सूची में नंबर 2 और जीयो 5 वें स्थान पर है। टीसीएस शीर्ष पर है। इन्फोसिस तीसरे स्थान पर है। इसके बाद एचडीएफसी, एयरटेल, एलआईसी, महेंद्रा, एसबीआई और आईसीआईसीआई हैं। कुल सूची मूल्य पिछले 10 वर्षों में 167 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। एक दशक में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 138 प्रतिशत है। इंटरब्रांड की रिपोर्ट में कहा गया है कि तालिका का कुल मूल्य पहली बार 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है। शीर्ष 3 ब्रांडों का ब्रांड मूल्य शीर्ष दस ब्रांडों के कुल मूल्य का 46 प्रतिशत बनता है। शीर्ष पांच ब्रांड तालिका के कुल मूल्य के एक तिहाई (40 प्रतिशत) से अधिक का प्रतिनिधित्व करते हैं। 10 साल में पहली बार टॉप 5 में तीन टेक्नोलॉजी ब्रांड हैं। शीर्ष 10 ब्रांडों का कुल ब्रांड मूल्य (4,950 अरब रुपये) बाकी तालिका के मूल्य से अधिक है (40 ब्रांडः कुल मूल्यः 3,360 अरब रुपये) एफएमसीजी (सीएजीआर 25 प्रतिशत) पिछले दशक में सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्र हैं , होम बिल्डिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्च र (सीएजीआर 17 फीसदी) और टेक्नोलॉजी (सीएजीआर 14 फीसदी)। होम बिल्डिंग और इंफ्रास्ट्रक्च र सेक्टर पिछले 10 वर्षों में सबसे अधिक (69 अरब रुपये से 344 अरब रुपये तक) बढ़ा है, इसके बाद प्रौद्योगिकी (693 अरब रुपये से 2.5 ट्रिलियन रुपये) का स्थान आता है। जबकि वित्तीय सेवा क्षेत्र में अभी भी ब्रांडों की सबसे बड़ी संख्या है, नौ, और होम बिल्डिंग और इन्फ्रास्ट्रक्च र क्षेत्र में 2014 के बाद से सात ब्रांडों वाले ब्रांडों की संख्या के मामले में उच्चतम उछाल देखा गया है।

# आयकर विभाग ने टैक्स पेयर्स को दी बड़ी राहत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बैंक, फॉरन एक्सचेंज डीलर्स या बाकी रिपोर्टिंग संस्थाओं के पास 2022-23 में एसएफटी रिटर्न दाखिल करने के लिए कुछ और मौके दिये जा रहे हैं। बैंक, फॉरेन एक्सचेंज डीलरों या अन्य रिपोर्टिंग संस्थाओं को इनकम टैक्स विभाग को ग्राहकों द्वारा किए गए उच्च मूल्य के लेनदेन की रिपोर्ट देनी होती है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए एसएफटी की फाइलिंग की अंतिम तिथि 31 मई थी, लेकिन आयकर विभाग ने इसको कुछ दिनों के लिए बढ़ा दिया है। इनकम टैक्स विभाग ने इसकी जानकारी ट्वीट के जरिये दी। विभाग ने बताया कि रिपोर्टिंग पोर्टल पर भारी ट्रैफिक के कारण, कुछ फाइलरों को एसएफटी रिटर्न दाखिल करने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इस वजह से आयकर विभाग ने बुधवार देर रात घोषणा की कि एसएफटी रिटर्न दाखिल करने के लिए पोर्टल कुछ और दिनों के लिए खुले रहेंगे, जिससे एसएफटी रिटर्न आसानी से दाखिल किया जा सके। एसएफटी के तहत, निर्दिष्ट संस्थानों को वर्ष के दौरान उनके द्वारा पंजीकृत / रिकॉर्ड/ रखरखाव किए गए कुछ वित्तीय लेनदेन या किसी रिपोर्ट का विवरण प्रस्तुत करना जरूरी होता है। एसएफटी रिटर्न दाखिल करने में देरी पर हर दिन के लिए 1,000 रुपये तक का जुर्माना लग सकता है।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक .............. दिनांक ..................

**इच्छा से अभिव्यक्ति (EOI) सूचना संख्या 09/2023-24**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत निगम द्वारा लगाये गये LED लाईट की मरम्मति हेतु सामग्री क्रय की आवश्यकता है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता/आपूर्तिकर्ता/संवेदक को मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक 08.06.2023 को 01.00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 60,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन उसी दिन अपराह्न 2:00 बजे नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। LED लाईट की सामग्री क्रय किये जाने से संबंधित विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :-

| Sl. NO. | Description of Item | Sl.NO. | Description of Item |
|---|---|---|---|
| 1. | Wire- 1 (10 Sq.mm Aluminium) | 7. | SMD LED Bulb – (50W) |
| 2. | a. Driver- (120 W) | 8. | SMD Driver – (50W) |
| 3. | Driver – (70W) | 9. | Driver – (150 W) |
| 4. | a. PCB- (120W) | 10. | PCB- (150W) |
| 5. | Main Switch – (32A) | 11 | Wire – (1.5 Sq. mm copper) |
| 6. | Tape – (Pocket) | | |

ह0/-
नगर आयुक्त–सह प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 298837District(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या - DWSD/HYDT/Med-01/2023-24 (2nd Call) दिनांक–31.05.2023

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | Supplying, fitting and fixing of 5 nos. 7.5 HP electric submersible pump set along with 5 nos. 200mm x 165mm & 150m HYDT with all complete job in existing Lesliganj Rural Water Supply Scheme in Lesliganj Block under D W & S Division, Medininagar in the year 2022-23. |
|---|---|---|
| 1 | प्राक्कलित राशि लगभग (लाख में) | 21.75985 Lakh (एक्कीस लाख पचहत्तर हजार नौ सौ पचासी रूपये मात्र)। |
| 2 | अग्रधन की राशि | Rs. 44,000.00 (चौवालीस हजार रूपये मात्र)। |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य | Rs. 5000.00 (पाँच हजार रूपये मात्र)। |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 (दो) महीना। |
| 5 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 02.06.2023 / 12.30 बजे अपराह्न में। |
| 6 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 08.06.2023 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 7 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की तिथि एवं समय | 09.06.2023 / 05.00 बजे अपराह्न तक। |
| 8 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 10.06.2023 / 04.00 बजे अपराह्न में। |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 10 | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | 9835068475 |
| 11 | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2480345 |

नोटः– निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,मेदिनीनगर

PR 298869 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह– उपायुक्त, चतरा।

Phone- 06541-253994 E-mail-election-chatra@jharkhandmail.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

**फोटो मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम–2024**

चतरा जिला के आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग नई, दिल्ली द्वारा दिनांक–01.01.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम–2024 निम्न प्रकार निर्धारित है:–

| S No | Activity | Period |
|---|---|---|
| | **Pre-Revision activities** | |
| 1 | Training of EROs/AEROs/BLOs etc on all laws and guidelines related to ER, including training on the latest IT applications and systems | Form 01-06-2023 (Thursday) To 20-07-2023 (Thursday) |
| 2 | (i) House to House verification by BLOs | 21-07-2023 (Friday) to 21-08-2023 (Monday) |
| | (ii) Rationalization/Re-arrangements of Polling Stations<br>(iii) Removal of discrepancies in Electoral Roll/EPICs<br>(iv) Improvement of image quality ensuring good quality photographs, by replacing blurred, poor quality a nd not to specification and non -human images in roll, wherever necessary.<br>(v) Recasting of Section/Parts and Finalization of Proposed restructuring of section/part boundaries location of polling stations and getting approval of list of polling stations.<br>(vi) Identification of the Gaps and finalizing the strategy a nd timeline to bridge such gaps, and<br>(vii) Updation of Control table | 22.08.2023 (Thursday) to 29.09.2023 (Monday) |
| 3. | (i) Preparation of Format 1 to 8<br>(ii) Preparation of Supplements and integrated draft roll with reference to 01.10.2024 as the qualifying date | 30.09.2023 (Saturday) To 16.10.2023 (Monday) |
| | **Revision activities** | |
| 4. | Publication of Integrated draft Electoral roll | 17.10.2023 (Tuesday) |
| 5. | Period for filing claims & objections | 17.10.2023 (Tuesday) To 30.11.2023 (Thursday) |
| 6. | Special campaign dates | Two Saturdays and Sundays within claims and objection period to be decided/fixed by the CEO. |
| 7. | Disposal of claims and objections | By 26.12.2023 (Tuesday) |
| 8. | (i) Checking of health parameters and obtaining Commission's permission for final publication | By 01.01.2024 (Monday) |
| | (ii) Updating database and printing of supplements | |
| 9. | Final publication of Electoral roll | By 05.01.2024 (Friday) |

उक्त क्रम में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक–23/2023-ERS(Vol.III), दिनांक–29.05.2023 के द्वारा दिनांक–01.01.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (SSR, 2024) के संचालन के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश दिए गए हैं। उक्त के अनुसार 01 जनवरी सहित वर्ष (मतदाता सूची का प्रकाशन वर्ष) के आगामी अहर्त्ता तिथियाँ यथा 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टुबर को अहर्त्ता तिथि मानते हुए वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण का संचालन किया जायगा। आवेदक जो 01 जनवरी एवं आगामी अर्हता तिथियाँ अर्थात 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टुबर को पंजीकरण हेतु पात्र हो जाते हैं, वे मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की तिथि से प्रपत्र–6 में दावा समर्पित कर सकते हैं।

मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं का आधार **Link** हेतु प्रपत्र–6ख (**6B**), मतदाता सूची से नाम विलोपन हेतु प्रपत्र–7 तथा प्रविष्टियों के शुद्धिकरण/स्थानान्तरण/**Duplicate Epic** एवं दिव्यांग मतदाता को चिन्हित करने हेतु प्रपत्र–8 के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। सभी प्रकार के दावा एवं आपत्ति हेतु प्रपत्र जिला निर्वाचन कार्यालय, चतरा, निर्वाचक निबंधन कार्यालय, चतरा/सिमरिया, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन कार्यालय, चतरा जिला एवं बी0एल0ओ0 से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। उक्त प्रपत्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के वेबसाईट से **http://ceo.jharkhand.gov.in/** से online डाउनलोड किया जा सकता है।

उपरोक्त सभी प्रकार के आवेदन **https://nvsp.in/, https://voterportal.eci.gov.in/** एवं **Voter Helpline App** के माध्यम से भी Online किया जा सकता है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता के लिए **Toll Free No. 1950** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, चतरा।

PR 298879 Election(23-24)D

## उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा (खनन शाखा)

शेष पॉच Category-A & B बालू घाट का एम0डी0ओ0 चयन हेतु अति–अल्पकालीन ई–वितीय निविदा आमंत्रण।

| क्र0 सं0 | अंचल | रकवा (हेक्टेयर में) | Yearly Production as per EC Limit (CUM) | E-Tender reference No. | बेवसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | नियम एवं शर्ते | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी, के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मझिऑव | 4.38 | As per DSR report | [garhwa/MDO/11/2023] [2023_GAMD_71793_1] | 31.05.2023 | 10.06.2023 | JSMDC द्वारा तैयार Model Tender के अनुरूप | उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा। |
| 2. | मझिऑव | 10.9 | | [garhwa/MDO/12/2023] [2023_GAMD_71796_1] | 31.05.2023 | 10.06.2023 | | |
| 3. | मझिऑव | 20.9 | | [garhwa/MDO/13/2023] [2023_GAMD_71799_1] | 31.05.2023 | 10.06.2023 | | |
| 4. | खरौन्धी एवं केतार | 44.7 | | [garhwa/MDO/14/2023] [2023_GAMD_71801_1] | 31.05.2023 | 10.06.2023 | | |
| 5. | मझिऑव | 47.7 | | [garhwa/MDO/15/2023] [2023_GAMD_71803_1] | 31.05.2023 | 10.06.2023 | | |

नोटः– 1. JSMDCL, रॉची के द्वारा Category-A & B के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा WWW.Jharkhandtendre.gov.in के बेवसाईट पर ई–वितीय निविदा स्वीकार किया जायेगा।
2. विभाग एवं JSMDCL, रॉची, द्वारा निर्गत नियमावली, शर्ते एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगें।
3. शर्ते एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई– निविदा बेवसाईट पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त
गढ़वा

PR 298822 Mines and Geology (23-24)_D

## उपायुक्त का कार्यालय, (समाज कल्याण शाखा), लातेहार

**सुचना**

लातेहार जिलान्तर्गत बाल विकास परियोजना गारू, बरवाडीह एवं बालुमाथ परियोजना विभिन्न रिक्त आंगनबाडी केन्द्रों में आम सभा की तिथि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के स्तर से की गई है। चयन की कार्रवाई सरकार के सचिव, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के संकल्प पत्रांक 2239 दिनांक 30.09.2022 में निहित शर्तो के अनुसार की जायेगी। आम सभा की तिथि एवं अन्य विवरणी निम्नांकित है।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | केन्द्र का नाम | रिक्त पद | आम सभा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बालुमाथ | गणेशपुर 1 | सहायिका | 12.6.23 |
| 2 | बालुमाथ | डोडांग | सहायिका | 13.6.23 |
| 3 | बालुमाथ | करणदाग | सेविका | 13.6.23 |
| 4 | बालुमाथ | सेरेगढा 1 | सहायिका | 12.6.23 |
| 5 | बालुमाथ | बालुभांग 1 | सहायिका | 14.6.23 |
| 6 | गारू | हेनार | सेविका | 14.6.23 |
| 7 | गारू | रेपेकरचा | सहायिका | 14.6.23 |
| 8 | गारू | नईकीडबरी | सहायिका | 15.6.23 |
| 9 | गारू | लाई | सेविका | 15.6.23 |
| 10 | गारू | गुटुआ | सेविका | 16.6.23 |
| 11 | गारू | रूद | सेविका | 16.6.23 |
| 12 | गारू | बंदुआ | सहायिका | 17.6.23 |
| 13 | बरवाडीह | गासेदाग | सहायिका | 03.6.23 |
| 14 | बरवाडीह | लात | सहायिका | 03.6.23 |
| 15 | बरवाडीह | होरीलौग | सहायिका | 06.06.23 |
| 16 | बरवाडीह | हेहेगडा | सहायिका | 07.6.23 |
| 17 | बरवाडीह | मतनाग | सहायिका | 05.6.23 |
| 18 | बरवाडीह | लुकुमखाड | सहायिका | 05.6.23 |

विस्तृत जानकारी जिला समाज कल्याण कार्यालय के सूचना पट् अथवा जिले के **NIC Website :- latehar.nic.in** से प्राप्त की जा सकती है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
लातेहार

PR 298830 (Social Welfare,Women and Child Development)23-24*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत, अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा संख्या – 01/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक – 31.05.2023

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | RWD/ GARHWA/ 01/2023-24 | ग्राम उड़सुगी में पी0डब्ल्यु0डी0 रोड से श्री शम्भुनाथ दूबे के घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण। | 24.155 | चौबीस लाख पन्द्रह हजार पाँच सौ रूपये। | 5000 | 49000 | तीन महीना |
| 2 | गढ़वा | RWD/ GARHWA/ 02/2023-24 | अग्निशमन केन्द्र, गढ़वा से सी0आर0पी0एफ0 कैम्प तक पी.सी.सी. पथ एवं नाली निर्माण। | 62.148 | बासठ लाख चौदह हजार आठ सौ रूपये। | 10000 | 125000 | तीन महीना |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 12.06.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 19.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. कार्यालय प्रकोश्ठ गढ़वा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः– 21.06.2023 को 03:30 अपराह्न तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22.06.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0वि0वि0 (ग्रा0का0मामले), कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:–9431586961
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 298842Rural Work Department(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 01/2023–24**

**प्रथम आमंत्रण**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड़।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 03.06.2023 के अपराह्न 3.30 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 10.06.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान :– 12.06.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक, 1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 13.06.2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 8084784990
9. कार्य की विवरणी :– Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme (SVS) through New DT/ GPT with Solar Based DC Motor Pump complete set for different habitations of concerned village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum for 24 x 7 supply with 100% coverage by Tap Water Facility under JJM or Turn key basis for the year 2022-23.

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्रामों की संख्या | टोलों/योजना की संख्या | प्रस्तावित FHTC की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Kisko | 1 | 4/4 | 104 | SVS/LOH-07 | 35,50,943.00 | 72,000.00 | 5,000.00 | 05 months |
| 2 | Kisko | 1 | 2/2 | 28 | SVS/LOH-08 | 14,18,307.00 | 28,400.00 | 2,500.00 | 05 months |

नोट : 1. निविदा की नियम एवं शर्ते आदि कार्यालय सूचना पट्ट एवं झारखण्ड सरकार के वेवसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
3. संवेदकों का UCAN निबंधन अनिवार्य है।
4. प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 298866Lohardaga(23-24)#D

# आर्थिक प्रदर्शन में सुधार

***वर्ष 2022-23*** में भारत के आर्थिक प्रदर्शन ने बाजार को चौंका दिया। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़े बताते हैं कि 2022-23 में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 7.2 फीसदी बढ़ा। पहले इसमें 7 फीसदी वृद्धि के अनुमान लगाए गए थे। वृद्धि के अनुमान से बेहतर आंकड़े मोटे तौर पर वित्त वर्ष की चौथी तिमाही की बदौलत हासिल हुए। इस तिमाही में 6.1 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। अलग-अलग स्तर पर देखा जाए तो वित्त वर्ष के दौरान कृषि क्षेत्र ने 4 फीसदी की वृद्धि दर्ज की जबकि विनिर्माण क्षेत्र ने महज 1.3 फीसदी की। व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण सेवा क्षेत्र ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और 14 फीसदी की वृद्धि हासिल की जबकि वित्तीय, अचल संपत्ति तथा पेशेवर सेवा क्षेत्र में 7.1 फीसदी की वृद्धि देखने को मिली। चूंकि पूरे वर्ष के आंकड़ों में एक किस्म का झुकाव है क्योंकि वर्ष की पहली छमाही में तेज वृद्धि देखने को मिली। ऐसा इसलिए हुआ कि आधार अपेक्षाकृत कम था। ऐसे में चालू वर्ष में अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन के आकलन के लिए दूसरी छमाही के प्रदर्शन पर नजर डालना उचित होगा।

**निःसंदेह भारतीय अर्थव्यवस्था की समग्र वृद्धि मजबूत नजर आती है लेकिन गत वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में निजी क्षेत्र की अंतिम निजी खपत का व्यय 3 फीसदी से कम रहा जो प्रभावित कर सकता है।**

समग्र वृद्धि मजबूत नजर आती है लेकिन गत वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में निजी क्षेत्र की अंतिम निजी खपत का व्यय 3 फीसदी से कम रहा जो प्रभावित कर सकता है। हालांकि सकारात्मक पहलुओं की बात करें तो निवेश में इजाफा हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में 6.5 फीसदी की वृद्धि देखने को मिलेगी। यह अनुमान 2022-23 की तुलना में कम है लेकिन तमाम वजहों से इस स्तर की वृद्धि हासिल करना भी आसान नहीं होगा। यह बात ध्यान देने योग्य है कि गत वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में केवल 5.3 फीसदी वृद्धि हासिल हुई थी क्योंकि महामारी के कारण मिल रहा आधार प्रभाव का लाभ समाप्त हो गया था। ऐसे में अर्थव्यवस्था को कहीं अधिक तेज गति से विकसित होना होगा। यह बात आंशिक तौर पर चुनौतीपूर्ण हो सकती है क्योंकि वैश्विक वृद्धि कमजोर है। गत वित्त वर्ष के दौरान भारत में ब्याज दरों में भी काफी इजाफा हुआ है और वे कुछ समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रह सकती हैं। रिजर्व बैंक का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में औसत मुद्रास्फीति की दर 5.2 फीसदी रहेगी। चूंकि यह दर अभी भी 4 फीसदी के तय लक्ष्य से काफी ऊंची है इसलिए मौद्रिक सहजता की गुंजाइश भी उपलब्ध नहीं होगी। रिजर्व बैंक की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में प्रस्तुत किए गए एक विश्लेषण के मुताबिक नीतिगत दर में एक फीसदी अंक का इजाफा तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि में 30 आधार अंकों की गिरावट का सबब बना है और इसका असर आठ तिमाहियों तक नजर आएगा। वृद्धि संबंधी निष्कर्ष और अपेक्षाकृत ऊंची दर का स्थायित्व काफी हद तक निवेश में निरंतर इजाफे पर निर्भर करता है। वृद्धि को सरकार के पूंजीगत व्यय का समर्थन मिला। चूंकि नॉमिनल वृद्धि के 2022-23 में 16 फीसदी से नीचे आने की आशंका है ऐसे में अगर राजस्व घाटे को जीडीपी के 5.9 फीसदी के दायरे में सीमित रखना है तो अनुमानित पूंजीगत व्यय को भी जोखिम उत्पन्न हो सकता है। सरकार ने ताजा आंकड़ों में 2022-23 के लिए राजकोषीय घाटा लक्ष्य हासिल करके अच्छा किया है। निजी निवेश में इजाफा महत्त्वपूर्ण होगा। बैंक ऋण में इजाफा भी एक महत्त्वपूर्ण संकेतक है। जहां तक टिकाऊ वृद्धि की बात है तो वह कंपनियों द्वारा आर्थिक दृष्टिकोण के अध्ययन पर निर्भर करेगी। मौजूदा हालात की बात करें तो आर्थिक अनिश्चितता कम हुई है लेकिन चुनौतियां बरकरार हैं।

# सेवा, सुशासन व विकास को समर्पित मोदी सरकार





डॉ. सौरभ मालवीय

***भारतीय*** राजनीति में सबका साथ सबका विकास का नारा देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीय राजनीति में अपनी विशेष पहचान बनाने में सफल रहे हैं। पार्टी की मजबूती की बात करें, तो नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर खड़ा करने में अद्भुत परिश्रम किया है। पूरे देश में सभी स्तर के चुनावों का संचालन करने में नरेंद्र मोदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने भाजपा के पितृ पुरुषों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए पार्टी का विस्तार किया तथा इसका जनाधार बढ़ाया। भारतीय जनता पार्टी आज देश में प्रथम स्थान की पार्टी है। साथ ही यह विश्व में सबसे अधिक सदस्यता वाली राजनीतिक पार्टी के रूप में जानी जाती है। मोदी सरकार ने अपने 9 साल के कार्यकाल में गौरवशाली भारत से आधुनिक भारत तक की यात्रा को मजबूती प्रदान की है।

**चरैवेति चरैवेति भाजपा का यात्रा मंत्र :** उल्लेखनीय है कि वर्ष 1984 में भाजपा के लोकसभा में केवल दो ही सदस्य थे। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 282 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। इस चुनाव की विशेषता यह थी कि तीन दशक के पश्चात किसी पार्टी को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ था। इसके पश्चात वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 303 सीटों पर विजय प्राप्त की, जो किसी पार्टी द्वारा जीती गईं सर्वाधिक सीटें थीं। नरेन्द्र मोदी जब प्रथम बार प्रधानमंत्री बने थे, तब देश के केवल सात राज्यों में भाजपा की सरकार थी। गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं गोवा में भाजपा के मुख्यमंत्री थे, जबकि पंजाब में शिरोमणि अकाली दल एवं आंध्र प्रदेश में टीडीपी के साथ भाजपा सत्ता में भागीदार थी। वर्ष 2018 में भाजपा अपने शीर्ष पर थी। उस समय 21 राज्यों में भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां सत्ता में थीं। इससे यह बात सिद्ध होती है कि मोदी जी के विराट एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व एवं कुशलता के कारण ही आज भाजपा सत्ता के केंद्र में बनी हुई है। वास्तव में राज्यों में भाजपा को सत्ता में लाने में भी मोदी जी ने अथक परिश्रम किया है। यह बात भी उल्लेख करने के योग्य है कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पश्चात देश में विपक्ष नाम की वस्तु भी प्रायः लुप्त हो गई। देश में सबसे अधिक समय तक शासन करने वाली कांग्रेस भी सिकुड़ती गई। देश ही नहीं, अपितु उन सभी राज्यों की यही स्थिति है जहां भाजपा सत्ता में है। कोई भी पार्टी भाजपा के समक्ष खड़ा होने में सक्षम प्रतीत नहीं हो रही है। मोदी जी के सुशासन एवं कौशल्य के समक्ष सभी पार्टियां धराशायी हुई पड़ी हैं। विपक्ष के पास ऐसा कोई मुद्दा नहीं है, जिससे वह सत्ताधारी पार्टी को घेर सके। वामपंथी पार्टियां भी लुप्त सी हो चुकी हैं।

**ऐतिहासिक निर्णय लेने वाले प्रधानमंत्री :** नरेन्द्र मोदी देश के ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने बिना किसी भय के ऐतिहासिक निर्णय लेकर सबको चकित कर दिया। यह उनके निर्भीक व्यक्तित्व का ही प्रमाण है कि उनकी सरकार ने अनुच्छेद-370 और अनुच्छेद-35अ को निरस्त कर दिया। इसके कारण जम्मू और कश्मीर का देश के शेष भागों के साथ पूर्ण एकीकरण हो गया। लगभग 70 वर्षों तक इस अस्थायी अनुच्छेद ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों को उनके मूलभूत अधिकारों से वंचित कर दिया था। ये दोनों अनुच्छेद क्षेत्र के विकास में बड़ी बाधा थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा था कि अनुच्छेद-370 ने जम्मू-कश्मीर को दशकों तक केवल आतंकवाद,

**लगभग 70 वर्षों तक इस अस्थायी अनुच्छेद ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों को उनके मूलभूत अधिकारों से वंचित कर दिया था। ये दोनों अनुच्छेद क्षेत्र के विकास में बड़ी बाधा थे।**

## इन दिनों

अलगाववाद, भ्रष्टाचार और परिवारवाद दिया। यह अनुच्छेद हटने के पश्चात पूर्ण विश्वास है कि केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर और लद्दाख विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ेंगे।

**राममंदिर निर्माण में भूमिका :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अयोध्या में राम जन्मभूमि पर राममंदिर का शिलान्यास किया था। राममंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन के पश्चात यह प्रथम अवसर था, जब मोदी जी अयोध्या आये थे। उन्होंने राममंदिर के निर्माण कार्यों में विशेष रुचि ली तथा कार्यों का निरीक्षण भी किया। वह कार्य की प्रगति की समय- समय पर जानकारी लेते रहे। उल्लेखनीय है कि नरेंद्र मोदी ने लालकृष्ण आडवाणी द्वारा प्रारम्भ की गई रथयात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने गुजरात में रथ यात्रा का नेतृत्व किया था। उन्होंने राम जन्मभूमि आन्दोलन के समय गांव-गांव घूमकर आन्दोलन के लिए समर्थन जुटाया था। उन्होंने हस्ताक्षर अभियान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके प्रयासों के कारण ही अयोध्या में राममन्दिर निर्माण का कार्य प्रारम्भ हो सका।

**धर्म-संस्कृति का संरक्षण एवं प्रोत्साहन :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की ऐतिहासिक धरोहरों के सौन्दर्यीकरण का संकल्प लिया है। इस कड़ी में उन्होंने भगवान शंकर की नगरी काशी को भव्यता प्रदान करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि काशी के बाबा विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का स्वागत इस प्रकार हो कि वे बार-बार यहां आने के लिए उत्साहित हों तथा वे अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित करें। उन्होंने काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर की नींव रखकर इसका कार्य प्रारंभ करवाया। वे देशभर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्त्व वाले स्थलों का जीर्णोद्धार करवा रहे हैं तथा इसके साथ ही धार्मिक स्थलों के विकास एवं सौन्दर्यीकरण पर विशेष ध्यान दे रहे है। केदारनाथ का पुनर्निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। बद्रीनाथ में भी नए मास्टर प्लान के अंतर्गत कार्य चल रहा है। ये धार्मिक स्थल हमारे देश की गौरवशाली संस्कृति के प्रतीक हैं। ये भविष्य में हमारी संस्कृति को जीवित रखने का माध्यम हैं, ये संस्कृति के संवाहक भी हैं।

**जनकल्याण के कार्य :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के अंतिम व्यक्ति तक के जीवन को सुखी एवं समृद्ध देखने के अभिलाषी हैं। इसके लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। उनके शासन में देश ने प्रायः सभी क्षेत्रों में उन्नति की है। कृषि, उद्योग, रोजगार, आवास, परिवहन, विद्युत, पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान, सुरक्षा व्यवस्था, धर्म, संस्कृति एवं पर्यावरण आदि क्षेत्रों में मोदी सरकार ने सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य किये हैं। छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। वृद्धजन, विधवा एवं दिव्यांगजन को पेंशन के रूप में आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। जिन परिवारों में कोई कमाने वाला व्यक्ति नहीं है, सरकार उन्हें भी वित्तीय सहायता उपलब्ध करवा रही है। निर्धन परिवार की लड़कियों एवं दिव्यांगजन के विवाह लिए अनुदान प्रदान किया जा रहा है। निराश्रित गौवंश के संरक्षण पर भी सरकार विशेष ध्यान दे रही है। सरकार प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में भी कार्य कर रही है, ताकि लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

## बोधि वृक्ष

### आईये सुनें माता गायत्री की कथा

मान्यता है कि यदि धार्मिक कार्यों में पत्नी साथ हो तो उसका फल अवश्य मिलता है लेकिन उस समय किसी कारणवश ब्रह्मा जी के साथ उनकी पत्नी सावित्री मौजूद नहीं थी इस कारण उन्होंनें यज्ञ में शामिल होने के लिए वहां मौजूद देवी गायत्री से विवाह कर लिया।

**कैसे हुआ गायत्री का अवतरण :** माना जाता है कि सृष्टि के आदि में ब्रह्मा जी पर गायत्री मंत्र प्रकट हुआ। मां गायत्री की कृपा से ब्रह्मा जी ने गायत्री मंत्र की व्याख्या अपने चारों मुखों से चार वेदों के रुप में की। आरंभ में गायत्री सिर्फ देवताओं तक सीमित थी लेकिन जिस प्रकार भगीरथ कड़े तप से गंगा मैया को स्वर्ग से धरती पर उतार लाए उसी तरह विश्वामित्र ने भी कठोर साधना कर मां गायत्री की महिमा अर्थात गायत्री मंत्र को सर्वसाधारण तक पंहुचाया।

**कब मनाई जाती है गायत्री जयंती :** गायत्री जयंती की तिथि को लेकर भिन्न-भिन्न मत सामने आते हैं। कुछ स्थानों पर गंगा दशहरा और गायत्री जयंती की तिथि एक समान बताई जाती है तो कुछ इसे गंगा दशहरा से अगले दिन यानि ज्येष्ठ मास की एकादशी को मनाते हैं। वहीं श्रावण पूर्णिमा को भी गायत्री जयंती के उत्सव को मनाया जाता है। श्रावण पूर्णिमा के दिन गायत्री जयंती को अधिकतर स्थानों पर स्वीकार किया जाता है। ज्येष्ठ शुक्ल दशमी-एकादशी को भी मान्यतानुसार गायत्री जयंती मनाई जाती है। **गायत्री माता की महिमा :** गायत्री की महिमा में प्राचीन भारत के ऋषि-मुनियों से लेकर आधुनिक भारत के विचारकों तक अनेक बातें कही हैं। वेद, शास्त्र और पुराण तो गायत्री मां की महिमा गाते ही हैं। अथर्ववेद में मां गायत्री को आयु, प्राण, शक्ति, कीर्ति, धन और ब्रह्मतेज प्रदान करने वाली देवी कहा गया है। महाभारत के रचयिता वेद व्यास कहते हैं गायत्री की महिमा में कहते हैं जैसे फूलों में शहद, दूध में घी सार रूप में होता है वैसे ही समस्त वेदों का सार गायत्री है।

*(क्रमशः)*

# मुसलमानों के नहीं कट्टरपंथियों के दुश्मन थे शिवाजी महाराज



अंकित जायसवाल

***भारत*** के वीर सपूतों में से एक श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज को सभी जानते हैं। बहुत से लोग उन्हें हिन्दू हृदय सम्राट कहते हैं तो कुछ लोग मराठा गौरव। जबकि उन्हें भारतीय गणराज्य का सबसे बड़ा महानायक कहा जाय तो गलत नहीं होगा। छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 में एक हिन्दू परिवार में हुआ। कुछ लोग 1627 में उनका जन्म बताते हैं। उनका पूरा नाम शिवाजी भोंसले था। पिता शाहजी और माता जीजाबाई के पुत्र थे वीर शिवाजी महाराज। उनका जन्म स्थान पुणे के पास स्थित शिवनेरी का दुर्ग है। राष्ट्र को विदेशी, कट्टरपंथी और आततायी राज्य-सत्ता से स्वाधीन करा कर सारे भारत में एक सार्वभौम स्वतंत्र शासन स्थापित करने का एक सफल प्रयत्न स्वतंत्रता के अनन्य पुजारी वीर प्रवर शिवाजी महाराज ने किया था। इसी प्रकार उन्हें एक अग्रगण्य वीर एवं अमर स्वतंत्रता-सेनानी स्वीकार किया जाता है। महाराणा प्रताप की तरह वीर शिवाजी राष्ट्रीयता के जीवंत प्रतीक एवं परिचायक हैं। कुछ नासमझ शिवाजी पर मुस्लिम विरोधी होने का दोषारोपण करते रहे हैं, पर यह सत्य इसलिए नहीं क्योंकि उनकी सेना में तो अनेक मुस्लिम सेनानी थे ही, अनेक मुस्लिम सरदार और सूबेदार भी थे। वास्तव में शिवाजी का सारा संघर्ष उस कट्टरता और उद्दंडता के विरुद्ध था, जिसे औरंगजेब जैसे शासकों और उसकी छत्रछाया में पलने वाले लोगों ने अपना रखा था। 1674 की ग्रीष्म ऋतु में शिवाजी ने धूमधाम से सिंहासन पर बैठकर स्वतंत्र प्रभुसत्ता की नींव रखी। दबी-कुचली हिन्दू जनता को उन्होंने भयमुक्त किया। हालांकि ईसाई और मुस्लिम शासक बल प्रयोग के जरिए बहुसंख्य जनता पर अपना मत थोपते, अतिरिक्त कर लेते थे, जबकि शिवाजी के शासन में इन दोनों संप्रदायों के आराधना स्थलों की रक्षा ही नहीं की गई बल्कि धर्मान्तरित हो चुके मुसलमानों और ईसाइयों के लिए भयमुक्त माहौल भी तैयार किया। उनके प्रशासन तंत्र में कई मुसलमान भी शामिल थे। शिवाजी वो राजा थे जो सभी धर्मों का सम्मान करते थे। उन्होंने अपने प्रशासन में मानवीय नीतियाँ अपनाई, जो किसी धर्म पर आधारित नहीं थी। स्वयं शिवाजी के दादा मालोजीराव भोसले ने सूफी संत शाह शरीफ के सम्मान में अपने बेटों को नाम शाहजी और शरीफजी रखा था। उनकी थलसेना और जलसेना में सैनिकों की नियुक्ति के लिए धर्म कोई मानदंड नहीं था और इनमें एक तिहाई मुस्लिम सैनिक थे। उनकी नौसेना की कमान सिद्दी संबल के हाथों में थी और सिद्दी मुसलमान उनकी नौसेना में बड़ी संख्या में थे। जब शिवाजी आगरा के किले में नजरबंद थे तब कैद से निकल भागने में जिन दो व्यक्तियों ने उनकी मदद की थी उनमें से एक मुसलमान था, उनका नाम मदारी मेहतर था। उनके गुप्तचर मामलों के सचिव मौलाना हैदर अली थे और उनके तोपखाने की कमान इब्राहिम खान के हाथों में थी। शिवाजी सभी धर्मों का सम्मान करते थे और उन्होंने 'हजरत बाबा याकूत थोरवाले' को ताउम्र पेंशन देने का आदेश दिया था तो फादर एंब्रोज की भी उस वक्त मदद की

**छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 में एक हिन्दू परिवार में हुआ। कुछ लोग 1627 में उनका जन्म बताते हैं। उनका पूरा नाम शिवाजी भोंसले था।**


## धर्म-इतिहास

जब गुजरात स्थित उनके चर्च पर आक्रमण हुआ था। शिवाजी ने अपनी राजधानी रायगढ़ में अपने महल के ठीक सामने मुस्लिम श्रद्धालुओं के लिए पूजास्थल का ठीक उसी तरह निर्माण करवाया था जिस तरह से उन्होंने अपनी पूजा के लिए जगदीश्वर मंदिर बनवाया था। शिवाजी ने अपने सैनिक कमांडरों को ये स्पष्ट निर्देश दे रखा था कि किसी भी सैन्य अभियान के दौरान मुसलमान महिलाओं और बच्चों के साथ कोई दुर्व्यवहार न किया जाय।

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# पर्दे के पीछे रहकर राष्ट्र निर्माण करते रहे ए.एम.नाईक



आर.के.सिन्हा

***मीडिया*** की सुर्खियों से दूर रहकर चुपचाप राष्ट्र निर्माण में बहुमूल्य योगदान देने वाले कई दिग्गजों को लेकर देश-समाज लगभग अनभिज्ञ सा ही रहता है। उनमें ही एएम नाईक भी हैं। उनकी सरपरस्ती में लार्सन एंड टुब्रो कंपनी (एलएंडटी) देश के कोने-कोने में सड़क, पुल और दूसरे तमाम बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्टों पर काम कर रही है। इसी ने आगामी सितंबर महीने में राजधानी में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए प्रगति मैदान को नए सिरे से नये खूबसूरत कलेवर में विकसित किया है। यहाँ बने कन्वेंशन सेंटर में ही शिखर सम्मेलन का आयोजन होना है, जिसमें 20 देश के राष्ट्राध्यक्ष भाग लेंगे। ये सारा काम नाईक जी की देखरेख में ही पूरा हुआ। बीते कुछ समय पहले घोषणा की गई नाईक 30 सितंबर 2023 के बाद एलएंडटी समूह के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष का पद भी छोड़ देंगे। इसके बाद वे एलएंडटी के मात्र मानद अध्यक्ष के रूप में ही कामों को देखेंगे। रतन टाटा और शिव नाडार भी अब टाटा ग्रुप तथा एचसीएल टेक्नोलॉजीज के मानद अध्यक्ष ही हैं। आप जानते हैं कि मानद अध्यक्ष के अनुभव का लाभ कंपनियां तो उठाती हैं। रतन टाटा ने 2017 में टाटा समूह के चेयरमेन पद को छोड़ दिया था। वे तब से टाटा समूह के मानद अध्यक्ष हैं। वे रोजमर्रा के कामकाज से तो अपने को अलग कर चुके हैं। पर अभी भी टाटा समूह अपने अहम फैसले लेते हुए उनके अनुभव का लाभ तो उठाता है। अनुभव का कोई विकल्प भी नहीं होता है। टाटा समूह ने एयर इंडिया का अधिग्रहण कर लिया। माना जाता है कि रतन टाटा भी चाहते थे उनका समूह एयर इंडिया का अधिग्रहण कर ले। आखिर एयर इंडिया पहले टाटा समूह के पास ही थी। इसलिए टाटा समूह एयर इंडिया को लेकर भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ भी था। दरअसल नाईक उन मूल्यों को प्रतिबिंबित करते हैं जिनमें व्यावसायिकता, उद्यमशीलता और सभी हितधारकों के हितों को आगे बढ़ाने को लेकर एक प्रतिबद्धता का मिला जुला भाव होता है। उनके नेतृत्व में एलएंडटी ने कई चुनौतियों का सामना किया और लाभदायक विकास पर अधिक ध्यान देने के साथ हर बार मजबूत बनकर उभरी। बेशक, नाईक भारत के कॉरपोरेट जगत के सबसे सफल और सम्मानित नाम रहे। नाईक उनमें से नहीं थे जो अपनी कुर्सी से चिपके रहना पसंद करते। उन्होंने वक्त रहते ही एलएंडटी में अपने संभावित उत्तराधिकारियों को तैयार कर शुरू दिया था। ये तो सबको पता है कि हरेक व्यक्ति के सक्रिय करियर की आखिरकार एक उम्र है। उसके बाद उसे अपने पद को छोड़ना ही है, खुशी-खुशी छोड़े या मजबूरी में छोड़ना पड़े। इसलिए बेहतर होगा कि किसी कंपनी का प्रमोटर, चेयरमेन या किसी संस्थान का जिम्मेदार पद पर आसीन शख्स अपना एक या एक से अधिक उत्तराधिकारी तैयार कर ले। बेहतर उत्तराधिकारी मिलने से किसी कंपनी या संस्थान की ग्रोथ प्रभावित नहीं होती। सत्ता का हस्तांतरण बिना किसी संकट या व्यवधान के हो जाता है। आप कंपनी को मेंटर या संरक्षक के रूप में शिखर या कहें कि चेयरमेन के पद से हटने के बाद भी सलाह तो दे ही सकते हैं। अगर नाईक के करियर पर नजर दौड़ाएं तो वे 1965 में एलएंडटी में एक जूनियर इंजीनियर के रूप में शामिल हुए। नाईक ने तेजी से बढ़ती जिम्मेदारी के पदों पर कदम रखा। वे महाप्रबंधक से प्रबंध निदेशक और सीईओ भी बन गये। उन्हें एलएंडटी का 29 दिसंबर, 2003 को अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक बनाया गया। वे 2012 से 2017 तक एलएंडटी के समूह कार्यकारी अध्यक्ष थे।

**रतन टाटा ने 2017 में टाटा समूह के चेयरमैन पद को छोड़ दिया था। वे तब से टाटा समूह के मानद अध्यक्ष हैं। वे रोजमर्रा के कामकाज से तो अपने को अलग कर चुके हैं।**

## देश-विदेश

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# गैस और एसिडिटी से नहीं मिल रही कोई राहत तो अजमाएं ये आयुर्वेदिक उपचार

पाचन तंत्र को ख्याल में रखे बिना चीजों का सेवन करना पेट में गैस और एसिडिटी का बड़ा कारण है। इसलिए जरुरी है कि लोग अपनी खानपान की आदतों पर ध्यान दें। इसके अलावा एसिडिटी की समस्या से छुटकारा पाने के लिए लोग आयुर्वेदिक उपचारों को आजमा सकते हैं। पेट में गैस, सूजन और एसिडिटी आदि समस्याएं आज के समय में बेहद ही आम हो गयी हैं। हर दूसरा व्यक्ति इन समस्याओं से जूझ रहा है। पहले के समय में बुढ़ापे में जाकर ये समस्याएं होती थी, लेकिन आजकल छोटे बच्चों से लेकर जवान लोग तक इनसे परेशान है। पेट की समस्याओं की परेशानी सीने में जलन से शुरू होती है और लोगों को बेचैनी और चिड़चिड़ापन की ओर ले जाती है। पाचन तंत्र को ख्याल में रखे बिना चीजों का सेवन करना पेट में गैस और एसिडिटी का बड़ा कारण है। इसलिए जरुरी है कि लोग अपनी खानपान की आदतों पर ध्यान दें। इसके अलावा एसिडिटी की समस्या से छुटकारा पाने के लिए लोग आयुर्वेदिक उपचारों को आजमा सकते हैं।



### धनिये की चाय

धनिया ठंडा होता है, इसलिए ये पेट की समस्याओं जैसे जलन, गैस और एसिडिटी से राहत दिलाने में मददगार होता है। आयुर्वेद के अनुसार, पेट की समस्याओं से जूझ रहे लोगों को सुबह उठते ही सबसे पहले धनिये की चाय का सेवन करना चाहिए। रोजाना इसका सेवन करने से हफ्तेभर में एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत मिल जाती है। धनिया की चाय बनाने के लिए 1 गिलास पानी में 1 चम्मच धनिये के बीज, 5 पुदीने के पत्ते और 15 करी पत्ते डालें और फिर इसे 5 मिनट तक उबालें। अच्छे से उबल जाने के बाद इसे छानकर पी लें।

### खाने के बाद करें सौंफ का सेवन

सौंफ का इस्तेमाल आमतौर पर खाने के बाद माउथ फ्रेशनर के तौर पर किया जाता है। लेकिन आपको बता दें कि ये बहुत काम की चीज है। खाने के बाद सौंफ का सेवन करने से खाना अच्छे से पच जाता है। इसके अलावा ये एसिडिटी जैसी समस्याओं से भी राहत दिलाती है। इसलिए खाना खाने के बाद एक चम्मच सौंफ का सेवन करें।

### गुलाब की चाय

गुलाब से बने कई तरह के ड्रिंक का हम सेवन करते हैं, जो हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद माने जाते हैं। इन्हीं में गुलाब की चाय भी शामिल है। अगर आप पेट की समस्याओं से जूझ रहे हैं तो रात को सोने के समय गुलाब की चाय का सेवन करना शुरू कर दें। ऐसा करने से आपको महीनेभर के अंदर पेट की सभी समस्याओं से राहत मिल जाएगी। गुलाब की चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक कप पानी को उबाल लें। फिर इसमें गुलाब की पंखुड़ियां मिला लें और इसे 5 मिनट और उबाल लें। अब सोने से पहले इस चाय का सेवन करें।

# घर से बाहर जाते समय जरूर करें ये आसान उपाय, हर काम में मिलने लगेगी सफलता



हर व्यक्ति अपने जीवन में सफल होना चाहता है। ऐसे में अगर आप भी कार्य में सफलता चाहते हैं तो घर से बाहर निकलने के दौरान इन उपायों को जरूर आजमाना चाहिए। ऐसा करने से हर कार्य बनता है। ज्योतिष शास्त्र में कुंडली का अधिक महत्व होता है। कुंडली के जरिए आप अपने आने वाले भविष्य के बारे में पता लगा सकते हैं। कुंडली में बनने वाले योगों के आधार पर भविष्य की गणना की जाती है। इन्हीं योगों में एक योग वंचन चोर भीति है। इस योग के बनने से व्यक्ति हमेशा किसी सामान के चोरी या खोने का भय बना रहता है। हालांकि किसी भी कार्य को लेकर मन में आशंका पैदा होना व्यक्ति का सामान्य स्वभाव होता है। लेकिन किसी भी शुभ कार्य के लिए बाहर जाते समय यदि आपका मन आशंकित होता है तो यह अच्छा संकेत नहीं माना जाता है। यदि आप भी घर से निकलते समय काम पूरा होगा या नहीं, इस बात को लेकर कंफ्यूज रहते हैं तो आज हम आपको कुछ उपाय बताने जा रहे हैं। इन उपायों को आजमाने से आपको अपने हर काम में सफलता मिलेगा।

### किसी भी काम को सफल बनाने के उपाय

यदि आप किसी विशेष और महत्वपूर्ण काम के लिए घर से बाहर जा रहे हैं, तो सबसे पहले परम पिता परमेश्वर और अपने इष्ट देव की श्रद्धा भाव से पूजा करें। पूजा करने के दौरान घर के मंदिर में दीपक जलाएं। इसके साथ ही भगवान से सफल यात्रा और कार्य में सफलता मिलने हेतु कामना करें। इसके बाद अपने सिर से सात बार काले तिल को उतार कर उत्तर दिशा में फेंक देना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से बुरी बला टल जाती है। यदि आप भी किसी जरूरी काम से बाहर जा रहे हैं और उसमें सफलता पाना चाहते हैं। तो घर से बाहर निकलने के दौरान काली चींटियों को चीनी या आटा दें। इसके अलावा काले कुत्ते को रोटी, पक्षियों को दाना और गाय को अनाज आदि भी खिला सकते हैं। ऐसा करना शुभ माना जाता है। वहीं अगर रास्ते में कोई मंदिर मिल जाए तो अपनी श्रद्धानुसार मंदिर की दान पेटी में कुछ पैसे डाल दें। इससे कार्य में सफलता मिलने की संभावना बढ़ जाती है। ज्योतिषियों के अनुसार, किसी भी शुभ कार्य के लिए जाने से पहले पंचांग में शुभ चौघड़िया देखकर ही घर से बाहर निकलना चाहिए। इससे कार्य में सफलता मिलने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है।

### भूलकर भी न करें ये काम

किसी भी शुभ कार्य के लिए घर से बाहर जाते समय आग, हवा और पानी यानी नदी आदि का भूलकर भी अपमान नहीं करना चाहिए। क्योंकि यह सभी चीजें ईश्वर की देन हैं। इनका अपमान भगवान का अपमान माना जाता है। घर से बाहर निकलने के दौरान भूलकर भी मरना, डूबना, फेंकना, ताला, पत्थर, रावण,छोड़ना, गाली गलौज, चप्पल और लकड़ी आदि शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

❖ अनन्या मिश्रा

## चेहरे पर अनचाहे बालों के पीछे आपकी लाइफस्टाइल हो सकती है जिम्मेदार

हर महिला खूबसूरत दिखना चाहती हैं। लेकिन कई बार फेस पर निकलने वाले बाल इस खूबसूरती में दाग लगाने का काम करते हैं। अगर आपके चेहरे पर भी बाल निकलते हैं। तो कहीं न कहीं इसके पीछे आपकी लाइफस्टाइल जिम्मेदार हो सकती है। अधिकतर लोगों के चेहरे पर थोड़े-बहुत बाल होते हैं। इंसान के शरीर के हर हिस्से पर बाल होते हैं। कई बार यह बहुत हल्के होते हैं कि हमें दिखाई ही नहीं देते हैं। वहीं कुछ लोगों के चेहरे पर काफी बाल होते हैं। जिन महिलाओं के चेहरे पर ज्यादा बाल होते हैं कि उन्हें कई बार परेशानी का सामना करना पड़ता है। खूबसूरत चेहरा तो हर महिला की चाहत होती है, लेकिन क्या आप जानती हैं कि फेस हेयर का कारण आपकी लाइफस्टाइल भी हो सकती हैं।

**हार्मोनल इम्बैलेंस :** हालांकि फेस पर बाल एक नेचुरल कारण भी होता है। लेकिन हेल्दी लाइफस्टाल से इसे काफी हद तक कंट्रोल भी किया जा सकता है। महिलाओं की जिंदगी में फेस हेयर हिर्सुटिस्म के कारण भी हो सकते हैं। कई बार हार्मोन्स के कारण भी फेस पर अधिक बाल आने लगते हैं। यदि किसी महिला के शरीर में मेल हार्मोन्स ज्यादा होते हैं तो यह बीमारी होती है। किसी ट्यूमर या फिर पीसीओएस की दवा लेने के कारण भी चेहरे पर बाल की समस्या देखी जा सकती है।

**वर्कआउट :** अगर आपकी लाइफस्टाइल बेहद बिजी है और एक्सरसाइज का समय नहीं मिल पाता है। तो फेस हेयर बढ़ने की गुंजाइश हो सकती है। क्योंकि एक्सरसाइज न करने से मोटापा बढ़ता है। ऐसे में शरीर में कई तरह के हार्मोनल इम्बैलेंस होने लगते हैं। ओबेसिटी की वजह से चेस्ट, अपर लिप्स और चिन पर बाल आने लगते हैं। इसलिए आपको अपनी बिजी लाइफस्टाइल से थोड़ा सा समय निकालकर 30 मिनट एक्सरसाइज जरूर करना चाहिए।

**मछली और ऑयली खाना :** मछली में ओमेगा 3 फैटी एसिड्स पाया जाता है। जो हेयर ग्रोथ को बढ़ाने का काम करते हैं। मछली प्रोटीन का एक अच्छा सोर्स होता है। बताया जाता है कि अधिक मछली के सेवन से महिलाओं में टेस्टोस्टेरोन का लेवल बढ़ता है। ऐसे में अगर महिलाओं में टेस्टोस्टेरोन का लेवल बढ़ता है, तो यह फेशियल हेयर की ग्रोथ का जिम्मेदार हो सकता है।

**कैफीन :** अगर आप भी अपने दिन की शुरूआत कॉफी से करती हैं, या पूरे दिन में 4-5 कप से ज्यादा कॉफी पीती हैं तो यह टेस्टोस्टेरोन का लेवल बढ़ा सकता है। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, यदि आप 4 हफ्ते से ज्यादा इस तरह की लाइफस्टाइल जारी रखती हैं तो यह आपके शरीर में टेस्टोस्टेरोन का लेवल बढ़ाता है। इसलिए डीकैफ या कम कैफीन वाले ऑप्शन को चुन सकती हैं।

**मेनोपॉज :** बता दें कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं के चेहरे पर ज्यादा बाल आने लगते हैं। वहीं महिला हो या पुरुष, मोटापा हमारे शरीर में होर्मोन के असंतुलन की वजह से फेस पर हेयर ग्रोथ होने लगती है। वहीं लंबे समय तक ली जाने वाली दवाओं और स्टेरॉयड्स की वजह से भी फेस पर काफी बाल आने लगते हैं।

# ज्येष्ठ पूर्णिमा पर बन रहे कई विशेष संयोग, इन आसान उपायों को करने से बरसेगी मां लक्ष्मी की कृपा

**अनन्या मिश्रा**



हिंदू धर्म में पूर्णिमा और अमावस्या का विशेष महत्व होती है। इस बार की ज्येष्ठ पूर्णिमा पर कई विशेष संयोग बन रहे हैं। इन विशेष संयोग पर मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करनी चाहिए। सनातन धर्म में अमावस्या और पूर्णिमा का अधिक महत्व होता है। बता दें कि अमावस्या और पूर्णिमा पूजा-पाठ और जप तप के लिए विशेष मायने रखती हैं। अभी ज्येष्ठ महीना चल रहा है। ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को ज्येष्ठ पूर्णिमा कहा जाता है। इसे जेठ पूर्णिमा या जेठ पूर्णमासी भी कहते हैं। यह दिन भगवान श्रीहरि विष्णु और माता लक्ष्मी को समर्पित होता है। इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा का विधान है। मान्यता के अनुसार, ज्येष्ठ पूर्णिमा को स्नान दान, व्रत करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है। इस दिन व्रत रखने से घर में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है। बता दें कि इस बार कि ज्येष्ठ पूर्णिमा बेहद खास होने वाली है। इस दिन यदि इन आसान उपायों को करने से मां लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

### ज्येष्ठ पूर्णिमा 2023 तिथि

इस साल 3 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा तिथि की शुरूआत शनिवार को सुबह 11:16 मिनट से हो रही है। वहीं 4 जून यानी की रविवार को 09:11 मिनट पर इसकी समाप्ति होगी। ऐसे में 3 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा का व्रत किया जाएगा और 4 जून यानी की रविवार को स्नान-दान आदि किया जाएगा।

### शुभ योग

सिद्धि योग- 4 जून को सुबह 11:59 मिनट तक
अभिजीत मुहूर्त- 12:10 मिनट से 1:03 मिनट तक
अमृतकाल- 7:12 मिनट से 8:41 मिनट तक

### स्नान-दान का महत्व

ज्येष्ठ पूर्णिमा पर स्नान-दान आदि का बेहद महत्व होता है। इस दिन दान करने से व्यक्ति को पुण्यफल की प्राप्ति होती है। इस दिन गरीब व जरूरतमंद लोगों को जरूरत के हिसाब से दान आदि करना चाहिए।

### ऐसे करें मां लक्ष्मी की पूजा

ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन स्नान-दान कर मां लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करनी चाहिए। इस दिन मां लक्ष्मी की प्रतिमा पर 11 कौड़ियां चढ़ाकर उनको हल्दी का तिलक करें। फिर अगले दिन यानी की 4 जून को मां लक्ष्मी को अर्पित की हुई कौड़ियों को एक लाल कपड़े में बांधकर तिजोरी में रख दें। इस उपाय को करने से कभी धन-धान्य की कमी नहीं होती है।

## सूडोकु नवताल- 6718

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6717 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## दैनिक पंचांग

**02 जून 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.11 बजे से |
| चंद्र | तुला में | कर्क | 08.25 बजे से |
| मंगल | कर्क में | सिंह | 10.41 बजे से |
| बुध | मेष में | कन्या | 12.53 बजे से |
| गुरु | मेष में | तुला | 15.03 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | वृश्चिक | 17.18 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 19.34 बजे से |
| राहु | मेष में | मकर | 21.39 बजे से |
| केतु | तुला में | कुंभ | 23.26 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | मीन | 00.59 बजे से |
| | | मेष | 02.29 बजे से |
| | | वृष | 04.09 बजे से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 153 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
**वक्रम संवत्** 2080
**शक संवत्** 1945
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** त्रयोदशी 12.49 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** स्वाती 06.53 बजे को समाप्त।
**योग** परिघ 17.09 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 12.49 बजे तदनन्तर गर 00.08 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 13.3 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 07'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871632
**जूलियन दिन** 2460097.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 13

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक | |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक | |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक | |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक | |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक | |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक | |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक | |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7780




**बाएँ से दाएँ**

1. उचित, गलत का विलोम-2
4. अधिकार-2
6. परछाई-2
7. सम्मान, प्रसिद्धि-2
9. उल्टी, कै, वमन-3
12. रंग (अंग्रेजी-3)
14. चंचल, फुर्तीला-3
16. भयभीत होना-4
17. फुर्तीलापन-4
18. बसंत काल-3
20. भ्रम, वहम-3
22. आश्रय, शरण-3
24. राजनीतिक पार्टी-2
26. शारीरिक ऊंचाई-2
27. गन्ना-2
28. शाखा, टहनी-2

**ऊपर से नीचे**

1. नमस्ते, आदाब-3
2. देह, बदन, तन-2
3. शराब, मदिरा-2
5. डोली उठानेवाले-3
6. पत्नी की छोटी बहन -2
8. वहम, संदेह-2
10. जरुरतमंद-5
11. नाग, सर्प-2
13. आनंदित होना -5
14. भारत से निकलने वाली नदी जो पाकिस्तान में खत्म होती है-3
15. ढीला, सुस्त-3
19. नुकसान, घाटा-2
20. सद्कार्य-3
21. नशा, सरुर, खुमार-2
22. ओहदा -2
23. भवन, कोठी-3
25. क्षण, पल-2
26. कलिका, फूल खिलने से पहले की स्थिति-2

### शब्द पहेली -7779 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | क | हा | नी | | प | ती | ला | |
| मा | ला | | र | | र | | वा | दा |
| म | | | व | र | दा | न | | ला |
| ला | य | क | | न | | म | न | न |
| | | र | मी | | गं | की | | |
| सु | र | त | | आ | | न | म्र | र |
| गी | | ब | ह | का | ना | | | की |
| ला | ख | | टा | | ह | | र | ब |
| | र | वा | ना | | क | ल | म | |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**वृष राशि :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**मिथुन राशि :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**कर्क राशि :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा।

**सिंह राशि :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए।

**कन्या राशि :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**तुला राशि :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हों, समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**वृश्चिक राशि :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी।

**धनु राशि :** नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यवसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें।

**मकर राशि :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**कुंभ राशि :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं।

**मीन राशि :** आय के नये स्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

### बारामूला में एलईटी के दो सहयोगी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला में गुरुवार को आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि स्थानीय पुलिस, सेना और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 'नाका' (चेकिंग) पार्टी ने जिले के वारपोरा (क्रीरी) इलाके में दो व्यक्तियों को संदिग्ध रूप से घूमते हुए पाया। जब उनकी तलाशी ली गई, तो उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए। पुलिस ने कहा, पिस्टल, पिस्टल की दो मैगजीन और 15 जिंदा राउंड बरामद हुए हैं। पुलिस ने कहा कि दोनों की पहचान सुहैल गुलजार और वसीम पारा के रूप में हुई है, दोनों लश्कर के सहयोगी हैं। पुलिस ने कहा, उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

### सांबा में पाक घुसपैठियां ढेर

**सांबा।** सांबा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गुरुवार को बीएसएफ ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया है। बीएसएफ के अनुसार गुरुवार सुबह बीएसएफ के जवानों ने सांबा इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संदिग्ध गतिविधि देखी। इसी बीच जवानों ने देखा एक पाकिस्तानी घुसपैठिया भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास कर रहा है। जवानों ने उसे चुनौती दी लेकिन घुसपैठिया सीमा की बाड़ की ओर बढ़ता रहा। इसके बाद जवानों ने उस पर गोलीबारी कर उसे मार गिराया।

# भारत-नेपाल रिश्तों को सुपरहिट बनाएंगे पीएम मोदी : प्रचंड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत एवं नेपाल ने अपने सदियों से चले आ रहे घनिष्ठ संबंधों में 'विकास साझीदारी' को 'सुपरहिट' बनाने का संकल्प लिया और रेल, हवाई, जलीय कनेक्टिविटी तथा पेट्रोलियम पाइपलाइन, विद्युत पारगमन लाइनों को विस्तार देने की छह परियोजनाओं को आज क्रियान्वित किया और पारगमन संधि सहित सात समझौतों पर हस्ताक्षर किये। प्रधानमंत्री मोदी एवं नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड के बीच गुरुवार को यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक में ये निर्णय लिये गये। बैठक में रक्सौल से काठमांडू तक रेलवे लाइन बिछाने की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट नेपाली पक्ष को सौंपी गयी। इसके अलावा भारत ने नेपाल से दस साल तक दस हजार मेगावाट जलविद्युत खरीदने का भी समझौता किया। नेपाल के प्रधानमंत्री दहल ने मोदी को नेपाल यात्रा पर आने के



लिए निमंत्रित भी किया। बैठक के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से रिमोट कंट्रोल के माध्यम से जयनगर-कुर्था रेलवे लाइन के बिजलपुरा तक विस्तार का लोकार्पण किया। भारतीय अनुदान के तहत नवनिर्मित रेल लिंक बथनाहा (भारत) से नेपाल सीमा शुल्क यार्ड तक एक भारतीय रेलवे कार्गो ट्रेन का हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ किया। इसके अलावा नेपालगंज (नेपाल) और रुपईडीहा (भारत) में एकीकृत चेकपोस्ट (आईसीपी) का उद्घाटन किया तथा भैरहवा (नेपाल) और सोनौली (भारत) में आईसीपी, मोतिहारी-अमलेखगंज पेट्रोलियम पाइपलाइन के तहत दूसरे चरण की सुविधा और दोनों देशों के उपक्रमों पीजीसीआईएल और एनईए के संयुक्त रूप से बनाई जा रही गोरखपुर-बुटवल विद्युत पारेषण लाइन के भारतीय हिस्से का शिलान्यास किया। इसके बाद दोनों देशों के बीच पारगमन संधि के हस्ताक्षरित दस्तावेज के आदान प्रदान के अलावा मोतिहारी अमलेखगंज पेट्रोलियम पाइपलाइन के चितवन तक विस्तार, सिलीगुड़ी से पूर्वी नेपाल के झापा तक एक अन्य पेट्रोलियम पाइपलाइन बिछाने एवं चितवन और झापा में नए पेट्रोलियम भंडार स्थापित करने के समझौते, भारत-नेपाल सीमा पर दोधरा चांदनी चेक पोस्ट के बुनियादी ढांचे के निर्माण, सुषमा स्वराज इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन सर्विस (एसएसआईएफएस) और इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन अफेयर्स, नेपाल के बीच सहयोग के करार, सीमा पार भुगतान के लिए एनपीसीआईएल और एनसीएचएल, नेपाल के बीच सहयोग के समझौते, सतलुज जलविद्युत निगम और नेपाल निवेश बोर्ड के बीच लोअर अरुण जलविद्युत परियोजना के विकास के समझौते तथा फुकोट-करनाली जलविद्युत परियोजना के विकास के लिए एनएचपीसी और वीयूसीएल, नेपाल के बीच करार के दस्तावेजों का भी आदान प्रदान किया गया।

### नेपाल के पीएम ने राष्ट्रपति मुर्मू व उपराष्ट्रपति से की मुलाकात




**नेपाल** के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने नेपाल को भारत के लिए प्राथमिकता बताया और कहा कि हाल के वर्षों में भारत-नेपाल द्विपक्षीय सहयोग और मजबूत हुआ है। राष्ट्रपति सचिवालय ने मुलाकात का ब्योरा देते हुए बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रधानमंत्री प्रचंड का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत के साथ अपने पुराने जुड़ाव और अपने अनुभव को देखते हुए भारत सदियों पुरानी साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए भारत-नेपाल द्विपक्षीय संबंधों में एक सकारात्मक एजेंडे की आशा करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच मजबूत बंधन को और मजबूत करेगी। राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत-नेपाल द्विपक्षीय सहयोग और मजबूत हुआ है। कोविड-19 महामारी के कठिन समय में भी दोनों देशों के बीच व्यापार कायम रहा।

# कभी नहीं सोचा था कि मुझे अधिकतम सजा मिलेगी : राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली/सैन फ्रांसिस्को**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि मानहानि के मामले में उन्हें अधिकतम सजा मिलेगी और सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिए जाएंगे। अमेरिका की छह दिवसीय यात्रा पर आए राहुल गांधी ने कैलिफोर्निया में प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिविर्सिटी के एक सभा को संबोधित करते हुए वायनाड के पूर्व लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने कहा, मानहानि पर अधिकतम सजा पाने वाला पहला व्यक्ति होने की उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि ऐसा कुछ संभव है।

उन्होंने कहा, लेकिन फिर मुझे लगता है कि इसने मुझे वास्तव में एक बड़ा अवसर दिया है, राजनीति



इसी तरह काम करती है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह नाटक वास्तव में लगभग छह महीने पहले शुरू हुआ था। हम देश में भारी वित्तीय प्रभुत्व, संस्थाओं पर कब्जे के खिलाफ लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे थे। राहुल गांधी ने कहा, हमारे देश की सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं पर कब्जा कर उनकी भूमिका को बदलना चाहती है, जिसे वे निभाना चाहते हैं। इसलिए हमने कुछ अलग करने का फैसला किया। राहुल ने कहा, फिर उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं के साथ देश भर में चलने का फैसला किया (भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से)।

हमने 125 लोगों के साथ कन्याकुमारी से यात्रा की शुरूआत की थी और इसने मौलिक रूप से हमारे देश, हमारे लोगों और राजनीति के बारे में सोचने के तरीके को बदल दिया।

राहुल गांधी ने कहा, उनकी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारत सरकार ने उसे बाधित करने का पूरा प्रयास किया, लेकिन वह उतना ही अधिक बढ़ता गया।

शाहबाद डेयरी हत्याकांड

## अदालत ने साहिल की पुलिस हिरासत 3 दिन और बढ़ाई

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी इलाके में अपनी प्रेमिका की बेरहमी से हत्या करने वाला साहिल पुलिस की गिरफ्त में है। दिल्ली की रोहिणी अदालत ने गुरुवार को आरोपी साहिल की पुलिस रिमांड तीन दिन और बढ़ा दी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने साहिल की पांच दिन की पुलिस रिमांड मांगी और अदालत ने हमें दो दिन की अनुमति दी, लेकिन हमने अदालत से अनुरोध किया, जिसके बाद अदालत ने हमें तीन दिन की रिमांड की अनुमति दी। साहिल की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद गुरुवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया था। पुलिस ने अदालत को बताया कि साहिल से और पूछताछ जरूरी है।

# अडानी मामले की जेपीसी से जांच कराने की मांग और होगी तेज

### विपक्षी दल आगामी संसद सत्र में इसे और जोर-शोर से उठाएंगे

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

अडानी मामले की जांच जेपीसी से कराने की मांग को विपक्षी दल आगामी संसद सत्र में भी जारी रखेंगे। इसके लिए अभी से तैयारी करने लगे हैं। इस बार कोशिश एकजुट विरोध पहले से धारदार करने की है। अडानी की कंपनियों में जिन विदेशी कंपनियों, सिंगापुर,दुबई, मॉरीशस की संदिग्ध कंपनियों का धन लगा है वह किसका है ,इसकी भी जांच व खुलासा करने की मांग होगी। इस बारे में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस संसद के मानसून सत्र में फिर से जेपीसी के मुद्दे को उठाने के लिए तैयार है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि अब जब नई संसद में मानसून सत्र आयोजित किया जाएगा, तो हम जेपीसी की मांग को दोहराएंगे। कांग्रेस पार्टी के मीडिया प्रभारी व महासचिव जयराम रमेश ने कहा, पहले भी हमने संसद में अडानी मामले में जेपीसी जांच की मांग की थी, अब जब नई संसद में मानसून सत्र आयोजित किया जाएगा, तो हम वही मांग दोहराएंगे। कांग्रेस ने इससे पहले 100 सवालों से जुड़ी एक किताब लॉन्च की, जिसमें अडानी मुद्दे पर फरवरी से अब तक पीएम मोदी से पूछे गए सवालों को शामिल किया गया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों के लिए नियम होते हैं। इन नियमों से पता चलता था कि विदेशी निवेशकों के पीछे का असली/मुख्य निवेशक कौन है? लेकिन 31 दिसंबर, 2018 को इन नियमों को कमजोर किया गया, फिर 21 अगस्त 2019 को नियमों को हटा दिया गया। उन्होने कहा, हमने 5 फरवरी से हम अडानी के हैं कौन की श्रृंखला में पीएम मोदी से 100 सवाल पूछे थे। हमने पीएम मोदी से अडानी मामले पर चुप्पी तोड़ने की बात कही थी। इस संबंध में हमने एक बुकलेट तैयार की है। जिसे आज लॉन्च किया गया है। मालूम हो कि कांग्रेस अडानी समूह से जुड़े मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से कराने की मांग शुरू से कर रही है, और आज भी इस पर अड़ी हुई है। अमेरिकी एजेंसी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद से कांग्रेस अडानी समूह और पीएम पर लगातार हमले कर रही है।

# पूर्वी चंपारण में मिड डे मील खाने से 150 छात्र बीमार पड़े

**एजेंसी। पटना**

बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के बगहा सब-डिवीजन में गुरुवार को मिड डे मील खाने से करीब 150 छात्र बीमार पड़ गए। बगहा के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि करीब 100 छात्र अस्पतालों में भर्ती हैं। वहीं 50 छात्रों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। छात्रों को गांव में उपलब्ध निजी वाहनों के साथ-साथ एंबुलेंस के माध्यम से अस्पतालों में पहुंचाया गया। रिपोर्ट के अनुसार, घटना जिले के राजकीय मध्य विद्यालय नरवाल-बरवाल पंचायत की है। छात्रों को सब-डिवीजन अस्पताल बगहा में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। छात्रों के माता-पिता ने स्कूल प्रशासन और उस एनजीओ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया, जो स्कूल में पका हुआ खाना सप्लाई करता है। बगहा एसडीएम डॉ अनुपमा सिंह ने कहा कि सरकारी स्कूल में दोपहर का खाना खाने के बाद लगभग 150 छात्र बीमार पड़ गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने 50 छात्रों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी है। आगे कहा कि हमने घटना की जांच शुरू कर दी है। अगर एनजीओ के खिलाफ अपराध साबित होता है, तो हम उसे ब्लैकलिस्ट कर देंगे और उसके अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

# बिना आईडी दो हजार का नोट बदलने देने से अपराधी अपना ब्लैक मनी सफेद कर लेंगे

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

बिना पहचान पत्र दिखाये बैंकों में दो हजार रुपये वाले कमल के रंग के नोटों के बदले में पाँच सौ,दो सौ या एक सौ रुपए दिये जाने के विरूद्ध बैंकों के खिलाफ रिट लेकर सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस सुधांशु धूलिया बेंच के सामने पहुंचे वकील अश्वनी उपाध्याय ने भरसक कोशिश की कि कोर्ट उनकी बात को सुनकर मामले में कोई आदेश जारी करे। वकील अश्वनी उपाध्याय ने वेकेशन बेंच के सामने दलील रखी कि ये बेहद अहम केस है। बिना पहचान पत्र के बैंक नोट तब्दील कर रहे हैं। कई सारे गैंगस्टर, माफिया और जरायम करने वाले लोग बड़े आराम से अपने ब्लैक मनी को सफेद करते जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दखल नहीं दिया तो मामला हाथ से निकल जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स कहती हैं कि अभी तक 50 हजार करोड़ रुपये तब्दील भी कराए जा चुके हैं। उपाध्याय ने कहा कि रिजर्व बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का नोटिफिकेशन है कि 2 हजार के नोट बदलने के लिए किसी भी आईडी की जरूरत नहीं है। जस्टिस का कहना था कि वो इस तरह के गंभीर मामलों की सुनवाई नहीं कर रहे हैं। गर्मी की छुट्टी के बाद भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ आएं, तो उनके सामने अपनी बात रखिए। वकील ने सुनवाई के लिए जब ज्यादा जोर दिया, तो जस्टिस सुधांशु धूलिया ने कहा कि ये बहुत ज्यादा जटिल केस है। वेकेशन बेंच रूटीन केसों की सुनवाई कर रही है। आप भारत के मुख्य न्यायाधीश के सामने इस केस को रखिएगा। वह ही इस पर कोई फैसला ले सकते हैं। मालूम हो कि रिजर्व बैंक ने दो हजार के नोट को चलन से बाहर करने का फैसला किया है। इसके लिए व्यवस्था की गई है कि लोग अपने दो हजार के नोट लेकर बैंक में जाकर एक बार में 20 हजार रुपये बदल सकते हैं। इसके लिए उन्हें किसी आईडी की जरूरत नहीं होगी। उसी को लेकर वकील अश्वनी उपाध्याय का कहना है कि ऐसे तो जरायम से जुड़े लोग अपना ब्लैक मनी बड़े आराम से सफेद कर लेंगे। वकील अश्वनी उपाध्याय इसके पहले अपनी याचिका लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय भी पहुंचे थे।




## सारा अली खान ने ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब



**विक्की कौशल** और सारा अली खान की फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' जल्द ही पर्दे पर आएगी। सारा और विक्की इस फिल्म के प्रमोशन में लगे हुए हैं। दोनों अलग-अलग शहरों का दौरा कर रहे हैं। फिल्म के मौके पर सारा उज्जैन के महाकाल मंदिर भी गईं, लेकिन इसके बाद सोशल मीडिया पर उन्हें काफी ट्रोल किया गया। अब उन्होंने इस ट्रोलिंग का जवाब दिया है। मीडिया को बताया, ईमानदारी से कहूं तो मैंने पहले भी कहा है और मैं बार-बार कह रही हूं कि मैं अपने काम को बहुत गंभीरता से लेती हूं। मैं लोगों के लिए काम करती हूं, इसलिए अगर उन्हें कोई चीज पसंद नहीं आती है तो मुझे बुरा लगता है, लेकिन ये मेरी निजी मान्यताएं हैं। मैं अजमेर शरीफ उसी विश्वास से जाऊंगी जिस विश्वास से मैं बंगला साहिब या महाकाल जाती हूं।

## 'खतरों के खिलाड़ी 13' के लिए न्यारा ने की जमकर खरीददारी



**'पिशाचिनी'** एक्ट्रेस न्यारा एम. बनर्जी ने स्टंट-आधारित रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 13' के लिए जमकर खरीददारी की है। रंग-बिरंगे एथलेटिक्स से लेकर एनिमल प्रिंट्स तक, न्यारा चुनौतीपूर्ण स्टंट करते हुए अपने बोल्ड फैशन विकल्पों से दर्शकों को आश्चर्यचकित करने के लिए तैयार है। न्यारा ने कहा: मैं 'खतरों के खिलाड़ी 13' पर अपनी अनूठी शैली का प्रदर्शन करने और सबसे चुनौतीपूर्ण स्टंट करते हुए अपने फैशन विकल्पों के साथ उत्साहित हूं। मेरा मानना है कि फैशन केवल अच्छा दिखने के बारे में नहीं है, बल्कि यह किसी का व्यक्तित्व और धष्टिकोण प्रतिबिंबित करता है।

## आशीष विद्यार्थी ने दूसरी शादी पर अपने परिवार के दुखों को साझा किया



**बॉलीवुड** के विलेन कहे जाने वाले जाने-माने अभिनेता आशीष विद्यार्थी ने हाल ही में दूसरी शादी कर ली है। उन्होंने पहली पत्नी राजोशी बरुआ उर्फ पीलू विद्यार्थी से तलाक लेने के बाद रूपाली बरुआ के साथ शादी के बंधन में बंधने के साथ एक नई जिंदगी की शुरूआत की है। उन्होंने दूसरी शादी पर अपने परिवार के दुःख के बारे में बात की है। साथ ही उन्हें घर में आ रही परेशानियों के बारे में भी बताया। आशीष विद्यार्थी ने बताया कि उन्होंने 25 मई को रूपाली बरुआ से शादी की है। शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कई लोग चौंक गए। 57 साल की उम्र में दूसरी शादी करने वाले आशीष विद्यार्थी से भी कई सवाल किए गए, जैसे अपनी पहली पत्नी को तलाक क्यों दिया, उनकी पहली पत्नी कहां हैं। इन सवालों पर आशीष विद्यार्थी ने खुलकर बात की। आशीष विद्यार्थी ने एक इंटरव्यू में कहा, पीलू और मैं शादी की खास यादों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मैंने कभी भी पीलू को सिर्फ उसके बच्चे की मां नहीं माना। वह मेरी मित्र थी। वह मेरी पत्नी थी।

विकास

### भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

# स्वस्थ नागरिक, स्वस्थ समाज, समृद्ध राष्ट्र : मांडविया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि अमृत काल में एक विकसित राष्ट्र का निर्माण करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक है कि हमारे नागरिक स्वस्थ हों। स्वस्थ नागरिक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करता है और यहीं से एक समृद्ध राष्ट्र का मार्ग प्रशस्त होता है। वे गाजियाबाद में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के लिए अत्याधुनिक राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल और नागरिक उड्डयन एवं



सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल (डॉ.) वी.के. सिंह भी उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की पारंपरिक भोजन आदतों और जीवन शैली को 'हमारी रसोई हमारा अस्पताल' के रूप में अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने बल देते हुए कहा कि अच्छी गुणवत्ता वाला पौष्टिक भोजन बीमारियों को दूर रखने में काफी सहायता कर सकता है। डॉ मांडविया ने स्वास्थ्य और कल्याण की भारत की समृद्ध विरासत के रूप में निवारक स्वास्थ्य सेवा, बाजरे की खपत अथवा योगाभ्यास करने पर भी चर्चा की। स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण घटकों के रूप में तंदुरूस्ती और जीवन शैली के मूल्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि एफएसएसएआई के राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण लेने वाले व्यक्ति देश में स्वस्थ नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे क्योंकि वे भोजन के लिए उन गुणवत्तायुक्त मानकों को सुनिश्चित करेंगे जिनका देश में पालन किया जाता है।

डॉ मांडविया ने कहा कि एफएसएसएआई ने राज्य प्राधिकरणों के साथ एक टीम का गठन किया है, जो मिलावट करने वालों पर नकेल कसेगी। उन्होंने कहा कि देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश भर में बड़े पैमाने पर परीक्षण किए जाएंगे और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा और मानक (अधिनियम 2006) के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

प्रो. एसपी सिंह बघेल ने प्रशिक्षण केंद्र को लोक स्वास्थ्य अर्पण भवन की संज्ञा देते हुए कहा कि को देश में खाद्य मानक स्थापित करने के मामले में एफएसएसएआई का उत्तरदायित्व बहुत व्यापक है और यह सभी के जीवन से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना भी हमारी भी जिम्मेदारी है कि हम जो भोजन कर रहे हैं वह इन मानकों के अनुरूप हो।

### इसी महीने झारखंड को मिलेगी वंदेभारत की सौगात

# इन स्टेशनों में होगा ठहराव, 6 घंटे में तय होगी पटना की दूरी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड की इसी महीने वंदेभारत ट्रेन की सौगात मिलने वाली है। रांची से पटना के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस का शुभारंभ 10-20 जून के बीच कभी भी हो सकता है। इसकी तैयारियां जोरों पर है। झारखंड में वंदेभारत ट्रेन का ठहराव हटिया रेलवे स्टेशन पर होगा। बताया जा रहा है कि ट्रेन का रैक पटना स्थित राजेंद्र नगर कोच कॉम्प्लेक्स में आएगा। इसके बाद यह जल्दी ही पटना पहुंच जाएगा। कहा जा रहा है कि राजेंद्र नगर कोच कॉम्प्लेक्स के पिट नंबर-5 में ओवरहेड तार लगाने का काम तकरीबन पूरा हो चुका है। बता दें कि इसके जरिए ही कोई ट्रेन स्टेशन से कोचिंग यार्ड तक पहुंचती है।

**वंदेभारत एक्सप्रेस में फिलहाल 18 बोगियां :** गौरतलब है कि रांची से पटना के बीच शुरू होने जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में फिलहाल 18 बोगियां होगी। इसकी अधिकतम स्पीड 130-160 किमी के बीच होगी। कर्मचारियों की ट्रेनिंग भी तकरीबन पूरी हो चुकी है। सप्ताह में 6 दिन ट्रेन चलेगी। रांची से पटना के बीच चलने जा रही वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन गया, हजारीबाग और कोडरमा सहित कुल 5 स्टेशनों में रूकेगी। कहा जा रहा है कि जून के दूसरे या तीसरे हफ्ते में ट्रेन का परिचालन शुरू हो जाएगा। गौरतलब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर राज्य असम को वंदेभारत ट्रेन की सौगात दी है। कहा जा रहा है कि झारखंड के रांची से बिहार के पटना के बीच वंदेभारत ट्रेन का शुभारंभ खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं है लेकिन इसकी प्रबल संभावना है।

**अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है वंदे भारत :** बता दें कि वंदेभारत एक्सप्रेस एक हाईस्पीड ट्रेन है। इसकी सभी बोगियां वातानुकूलित है। इसमें शयनयान नहीं है बल्कि यात्रियों के बैठने के लिए अत्याधुनिक कुर्सियां लगी है। वाईफाई युक्त कोच सभी सुविधाओं से युक्त हैं। यात्रियों को हवाई यात्रा जैसी फीलिंग देने के लिए इसमें भी भोजन सर्व करने जैसी सुविधा है।

## टीआरआई में रचनात्मक लेखन कार्यशाला 15 से 22 जून तक

**रांच।** डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान (टीआरआई) मोरहाबादी में रचनात्मक लेखन कार्यशाला 15 से 22 जून तक आयोजित किया जायेगा। संस्थान के निदेशक रणेंद्र ने बताया कि कार्यशाला में देश के वरिष्ठ कथाकार, उपन्यासकार, कवि और नाटककार जिनमें एच सुलभ, महादेव टोप्पो, अश्विनी पंकज, वंदना टेटे, प्रोफेसर चौमुना बीनी तवार, अविनाश दास, अनिल यादव प्रोफेसर प्रमोद मीणा आदि शामिल हैं, लेखन के गुण सिखायेंगे। रणेंद्र ने बताया कि रचनात्मक लेखन एक कला है, जो सामान्य लेखन से भिन्न हैं। इस तरह के लेखन में स्मृतियां, कल्पना और स्वप्न बड़ी भूमिका निभाते हैं। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागी पटकथा लेखन, यात्रा वृतांत, निबंध, जीवनी, आत्मकथाएं, संस्मरण , अनुवाद , उपन्यास लेखन की विधा को समझेंगे।

# झारखंड बनने के बाद से ही राज्य में होते रहे हैं घोटाले : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य अलग बनने के बाद से ही राज्य में घोटाले होते रहे हैं। ऐसा नहीं है कि वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार के साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में ही घोटाले हुए हैं। बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि राज्य में पूर्व की सरकारों की तुलना में अभी फर्क यह है कि यदि ऐसे घोटाले या भ्रष्टाचार के मामले सरकार के संज्ञान में आते थे, तो तुरन्त कार्रवाई होती थी लेकिन आज ऐसा नहीं हो रहा है। अब तो ऐसे भ्रष्ट लोगों के पकड़े जाने के बाद भी राज्य सरकार कार्रवाई के नाम पर केवल दिखावा कर रही है। उन्होंने कहा कि अब घोटाले दर घोटाले उजागर हो रहे हैं तो राज्य सरकार इन भ्रष्टाचारियों पर



कार्रवाई करने के बदले इन्हें बचाने के लिए रांची से दिल्ली तक सरकारी खर्च पर इन्हें महंगे वकीलों की सेवा दिलवा रही है। जांच में मिले सबूतों के आधार पर जिन लोगों पर सरकार को मुकदमा करना चाहिए, ऐसा न कर फाइलों को इधर-उधर घुमाकर टाल रही है। बाबूलाल ने यह भी कहा है कि यह सच है कि कुछ बेईमान भ्रष्ट अफसरों एवं दलालों ने झारखंड को जिस कदर लूटा है, पूरे देश में इसकी दूसरी मिसाल नहीं मिल सकती है लेकिन ऐसे भ्रष्ट लोगों पर कार्रवाई नहीं करने का उदाहरण भी देश में कहीं नहीं हो सकता है।

# यूजीसी की स्थायी समिति के अध्यक्ष बने कुलपति क्षिति भूषण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने और नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से यूजीसी ने एक स्थायी कमेटी का गठन किया है। इस उच्च स्तरीय कमेटी का चेयरमैन झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास को बनाया गया है। नौ सदस्यीय टीम में प्रो. दास काफी अनुभवी हैं, जिसका लाभ पूरी कमेटी को मिलने की उम्मीद है। स्थायी समिति मुख्य तौर पर विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता और उच्च शिक्षा मानकों का उल्लंघन ना हो, इस पर विशेष नजर रखेगी। स्थायी समिति एम-फिल या पीएचडी डिग्री अवार्ड के लिए न्यूनतम मानकों और प्रक्रियाओं पर यूजीसी विनियमों के उल्लंघन को नियंत्रित करने के उपायों पर भी सुझाव देगी। दस्तावेजों के सत्यापन के लिए संस्थान या विश्वविद्यालयों की पहचान करना। संकाय नियुक्ति और पीएचडी प्रदान करने के संबंध में जानकारी एकत्र करना।

### रिम्स निदेशक डॉक्टर कामेश्वर प्रसाद के इस्तीफे की खबर को लेकर हो रही चर्चा

# कौन होंगे नए निदेशक, असमंजस बरकरार




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य का सबसे बड़ा अस्पताल रिम्स हमेशा ही चर्चा का विषय बना रहता है। कभी अपने बेहतर उपलब्धि के लिए तो कभी लापरवाही की सीमा को पार करने के लिए। लेकिन इस बार रिम्स अपने निदेशक डॉक्टर कामेश्वर प्रसाद के इस्तीफे की खबर को लेकर चर्चा में बना हुआ है। नए निदेशक को लेकर कयास लगने शुरू हो चुके हैं। इसके लिए कई डॉक्टरों के नाम आगे चल रहे हैं। दरअसल, रिम्स के निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद ने अपना इस्तीफा राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को सौंप दिया है। वहीं स्वास्थ्य मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार, स्वास्थ्य मंत्री ने भी निदेशक के इस्तीफे को मुख्यमंत्री कार्यालय के लिए आगे बढ़ा दिया है। कामेश्वर प्रसाद के इस्तीफे के बाद पूरे स्वास्थ्य विभाग में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि रिम्स के अगले निदेशक कौन होंगे। रिम्स अस्पताल में कार्यरत लोगों और विश्वसनीय सूत्रों से यह जानकारी मिली है कि नए निदेशक के रूप में डॉ आरके गुप्ता और डॉक्टर विद्यापति का नाम सबसे ऊपर है। इसके अलावा मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सीबी शर्मा का भी नाम निदेशक बनने की लिस्ट में शामिल है। अब देखने वाली बात होगी कि किसे नए निदेशक की जिम्मेदारी दी जाती है।

पिछले दो बार से निदेशक का कार्यकाल नहीं हो पा रहा पूराः गौरतलब है कि रिम्स में निदेशक के पद पर जो भी अधिकारी पहुंचे हैं, वह किसी ना किसी कारण से अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पा रहे हैं। बात करें पूर्व निदेशक डॉ डीके सिंह की तो उन्होंने भी वर्ष 2020 में अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। पूर्व निदेशक डॉ डीके सिंह ने जब इस्तीफा दिया था तो उस वक्त उन्होंने रिम्स प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग के प्रति अपनी कड़ी नाराजगी भी जाहिर की थी। डॉ डीके सिंह के इस्तीफे के बाद डॉ कामेश्वर प्रसाद को रिम्स में नए निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। कामेश्वर प्रसाद के पदभार ग्रहण करने के बाद प्रबंधन, स्वास्थ्य विभाग और राज्य सरकार को कई उम्मीदें भी थी।डॉ कामेश्वर प्रसाद के आने के बाद भी स्थिति में नहीं हो पाया कोई सुधारः वर्ष 2020 में डॉ कामेश्वर प्रसाद ने जब रिम्स में बतौर निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया था तो उस वक्त कहा जाता था कि झारखंड के स्थानीय होने के नाते डॉ कामेश्वर प्रसाद रिम्स में बेहतर सुविधा मरीजों के लिए मुहैया कराएंगे।

लेकिन करीब ढाई साल बीत जाने के बाद स्थिति ढाक के तीन पात जैसी ही बनी रही। जो सवाल पूर्व निदेशक डॉ डीके सिंह के जाने के दौरान रिम्स की व्यवस्था पर उठ रही थी, वही सवाल वर्तमान निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद के जाने के दौरान भी बनी हुई है।

## एक से पांच जून तक होगी राष्ट्रीय रैंकिंग रोलर रोड स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता

**रांची।** चौथी राष्ट्रीय रैंकिंग रोलर रोड स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता एक जून से 5 जून तक होटवार में खेली जाएगी। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के शुरू होने से पहले प्रतिभागियों के लिए अभ्यास सत्र 30 और 31 मई को रखा गया था। देश के सभी राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों से इस प्रतियोगिता में लगभग 1200 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।प्रतिभागियों के लिए अभ्यास सत्र अलग-अलग राज्यों के लिए अलग झ अलग समय निर्धारित किया गया था। 30 और 31 मई को तड़के सुबह 5 बजे से 9 बजे तक झारखंड, आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, केरेला, पश्चिम बंगाल, जम्मू- कश्मीर, राजस्थान, बिहार और चंडीगढ़ के प्रतिभागियों ने अभ्यास सत्र में भाग लिया जबकि शाम 5 बजे से 9:30 बजे तक कर्नाटका, तेलांगना, झारखंड, पंजाब आदि राज्यों ने अभ्यास सत्र में भाग लिया।

## पृष्ठ एक के शेष

**योजनाओं में न बरतें...**
जलापूर्ति योजनाओं के लिए जो पाइप लाइन बिछाई जा रही है उसको लेकर कई शिकायतें मिल रही हैं, जहां पाइपों की क्वालिटी को लेकर सवाल उठ रहे हैं, वहीं उसे बिछाने में मानकों का पालन नहीं हो रहा है। इससे जलापूर्ति योजना कैसे सफल होंगी, इसे सहज समझा सकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पाइप लाइन बिछाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो। इसमें जो भी मानक तय किए गए हैं, उसका पूरा पालन किया जाना चाहिए।
मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं लेकिन कई बार इसमें असमानताएं देखने को मिलती हैं। जरूरतमंदों तक इसका लाभ नहीं पहुंच पाता है। यह किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। तमाम अधिकारी इसे गंभीरता से लें और जनकल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंदों और लाभुकों तक पहुंचाने का कार्य सुनिश्चित करें।
मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की इतनी बड़ी व्यवस्था में योजनाओं के क्रियान्वयन में थोड़ी बहुत गलतियां तो होती ही रहती हैं लेकिन इसकी संख्या इतनी ज्यादा नहीं होनी चाहिए कि गुड गवर्नेंस पर असर पड़े। अधिकारियों को इस बात पर ध्यान देने की जरूरत है। यदि कहीं गलतियां हो रही हैं, उसका समाधान निकालने की दिशा में त्वरित पहल होनी चाहिए।

**झारखंड के 80 विद्यालयों के नाम...**
सरकार को सौंपा था लेकिन अब हेमंत सरकार ने राज्य में 80 स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिया है। ऐसे में इन सभी स्कूलों का पुराना नाम हटाकर मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय किया जाना है। यहां लोगों की मांग ये है कि स्कूल का नाम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया की जगह नदिया हिन्दू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कर दिया जाए। इस संबंध में झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं झारखंड शिक्षा सचिव से मुलाकात करेगा। पूरे विषय वस्तु की जानकारी देते हुए विद्यालय का नाम ना बदलने का आग्रह उनसे किया जायेगा। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि नदिया हिंदू उच्च विद्यालय का नाम बदले जाने के फैसले से सरकार एवं प्रशासन के खिलाफ अभिभावकों एवं आम जनता में व्यापक जन-आक्रोश है। सरकार द्वारा 'नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय' के नाम को बदलकर उत्कृष्ट विद्यालय की सूची में इसे डालकर इसका नाम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय किया जाना है जो कि बिल्कुल गलत एवं दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है।

**अभी यह है बिजली दर...**
-ऑनलाईन या किसी डिजिटल मोड के माध्यम से किए गए बिल की पूरी राशि की तय तिथि के भीतर भुगतान की गई राशि पर 1 प्रतिशत छूट मिलेगी, जिसकी जिसकी अधिकतम सीमा 250 रूपए तक होगी.
- लोड फैक्टर रिबेट सभी उपभोक्ताओं को दिया जाएगा। जिनका लोड फैक्टर 65 प्रतिशत से अधिक होगा, जिसकी अधिकतम सीमा 15 प्रतिशत होगा।
- वोलटेज छूट केवल ऊर्जा शुल्क पर लागू होगी। यदि उपभोक्ता जेएसईआरसी (विद्युत आपूर्ति कोड) के तहत आते हैं तो वोल्टेट छूट 33 केवी पर 3 प्रतिशत, 132 केवी पर 5 प्रतिशत तक होगी। फिक्स चार्ज वसूली घंटों को आपूर्ति संख्या से जुड़ा होगा। एचटी कंज्यूमरों के लिए कम से कम 23 घंटे और एलटी कंज्यूमरों को 21 घंटे बिजली आपूर्ति समय रखा गया।
- प्रीपेड मीटरिंग पर स्विच करने एवं प्रीपेड मीटर लगाने के एक महीने के भीतर जमा पूरी सिक्यूरिटी मनी वापसी की जाएगी।
-आयोग ने हर महीने 1 प्रतिशत की छूट को बरकरार रखा है, जिसकी अधिकतम सीमा बिलिंग राशि के 3 प्रतिशत तक होगा।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

**ई-प्रोक्योरमेंट अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना संख्या – DWSD/MED/RRP/02/2023-24 (1st Call) / दिनांक 31.05.2023

1. कार्य का नाम :– वित्तीय वर्ष 2023–24 के तहत पलामू जिला के मेदिनीनगर प्रमंडल अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में 32mm व्यास के I.M-II हैण्ड पम्प के क्षतिग्रस्त राईजर पाईप, सी0आई0 सिलिन्डर एवं कनेक्टिंग रॉड इत्यादि को सम्परिवर्तित कर नलकूप को चालू करने का कार्य "टर्न की" के आधार पर।

| ग्रुप सं0 | नलकूपों की सं0 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| MED RRP-1 | 105 Nos. | 15,32,370/- | 31,000/- | 5000/- | 01 (एक) माह |
| MED RRP-2 | 100 Nos. | 14,59,400/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |
| MED RRP-3 | 100 Nos. | 14,59,400/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |
| MED RRP-4 | 100 Nos. | 14,59,400/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |
| MED RRP-5 | 100 Nos. | 14,59,400/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |
| MED RRP-6 | 100 Nos. | 14,59,400/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |

2. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 03/06/2023 / 04.00 बजे अपराह्न में।
3. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 08/06/2023 / 05.00 बजे अपराह्न तक।
4. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय :– 09/06/2023 / 05.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 10/06/2023 / 04.00 बजे अपराह्न में।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– (1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। (2) अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
7. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।
8. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 :– 9835068475
9. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 0651-2490920

नोटः– 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
2. विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–22 (स्वी0)/राँची, दिनांक 26.05.2023
3. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

PR 298870 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, चतरा

**अत्यावश्यक सूचना**

एतद द्वारा संवेदक शिवलिंगम कन्स्ट्रक्शन प्रा॰ लि॰ हरि बाबु कॉलोनी, कनहरी हिल रोड, मटवारी, जिला–हजारीबाग को समाचार पत्र के माध्यम् से सूचित किया जाता है कि राज्य सम्पोषित योजनान्तर्गत् मुख्य पथ मंझगांव से गेरवा सिमाना भाया मंझगांव मंदिर तक पथ निर्माण कार्य (लं॰–2.80 कि॰मी॰) कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 में आवंटित किया गया है। एकरारनामा के आलोक में कार्य प्रारम्भ की तिथि 02.09.2022 एवं समाप्ति की तिथि 01.09.2023 को है। इस कार्यालय का पत्रांक–366, दिनांक–28.02.2023 के द्वारा आपको निर्देश दिया गया था कि आपके द्वारा समर्पित Work Programme के अनुसार कार्य को पूर्ण करें। परन्तु आपके द्वारा समर्पित Work Programme के तहत् कार्य नहीं किया जा रहा है। दिनांक– 22.05.2023 को अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि कार्य की प्रगति बहुत ही धीमी है। कनीय अभियन्ता, ईटखोरी प्रशाखा का पत्रांक– शुन्य, दिनांक– 12.05.2023 के द्वारा भी अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त् कार्य में Sub Grade का कार्य आंशिक रूप से करके पथ के Shoulder में जहाँ–तहाँ मिट्टी को रख कर छोड़ दिया गया है। पुलिया निर्माण हेतु Diversion बनाकर पुलिया निर्माण कार्य अत्यन्त ही धीमी गति से किया जा रहा है, जिससे आम जनताओं को आवागमन एवं धूलकण उड़ने से काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है तथा लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि दिनांक–15.06.2023 तक मानसुन का भी आगमन् हो जाता है। जिसके फलस्वरूप वर्षा के कारण किये गये अधूरे मिट्टी, पुलिया इत्यादि के कार्य से लोगों के आवागमन में कठिनाई होने की संभावना रहेगी। पथ के चैनेज 1231 मी॰ में Flexible Pavement (B.T. कार्य) कराना है। ऐसा प्रतीत होता है कि मानसुन के पूर्व कार्य को पूर्ण करना संभव नहीं है एवं आपके द्वारा बिना संपीडन के किए गए मिट्टी के कार्य के कारण अनेक गांवों का संपर्क अवरूद्ध हो जाएगा।

अतः आपको समाचार पत्र के माध्यम् से निर्देश दिया जाता है कि कार्य में तेजी लायें एवं ससमय कार्य को पूर्ण करें। अन्यथा एकरारनामा की कंडिका 03 के तहत् आवश्यक कार्रवाई करते हुए आपके एकरारनामा को विखण्डित करते हुए काली सूची में डालने हेतु उच्चाधिकारियों को अनुशंसा कर दी जायेगी।

इसे अतिआवश्यक समझें।

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.298868 Rural Work Department(23-24):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, चतरा

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या– EE/NREP/CHATRA/15/2023-24 दिनांक– 31.05.2023

1. मद का नामः DMFT योजना अन्तर्गत :–

| क्र॰ सं॰ | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | टण्डवा | बड़गाँव | बड़गाँव | पैक्स भवन निर्माण। | 2446788.00 | 49000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 02 | टण्डवा | बेंती | बेंती | पैक्स भवन निर्माण। | 2446788.00 | 49000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 03 | टण्डवा | धनगड्डा | धनगड्डा | पैक्स भवन निर्माण। | 2446788.00 | 49000.00 | 5000.00 | 3 माह |

2. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि – 09.06.2023
3. ई –निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 16.06.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. (i) एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा एवं (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 17.06.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 19.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता एन॰आर॰ई॰पी॰ चतरा
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं॰ – 9572666229 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई–निविदा शूल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउण्ट से ही निर्गत बैंक ड्राप्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन॰आर॰ई॰पी॰ चतरा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. Ucan Registration फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www. jharkhand tenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा

PR 298823 NREP(23-24).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन0आर0ई0पी0, चतरा

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या– EE/NREP/CHATRA/14/2023-24दिनांक– 31.05.2023

1. मद का नामः DMFT योजना अन्तर्गत :–

| क्र॰ सं॰ | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सिमरिया | बन्हे | सिमरिया | सहबान मियाँ के घर लव मुर्शिद आलम के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 783484.00 | 15700.00 | 1250.00 | 1 माह |
| 02 | सिमरिया | बन्हे | सिमरिया खुर्द | भुईयाँ टोला से विनय पासवान के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1070711.00 | 21500.00 | 2500.00 | 1 माह |
| 03 | सिमरिया | बन्हे | बन्हे | थाना रोड से बगीचा वाला रोड मेन रोड टण्डवा सिमरिया कला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3894106.00 | 77900.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 04 | सिमरिया | बन्हे | बन्हे | ग्राम टिकुलिया में नरेश सिंह के घर से दबोर पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2426345.00 | 48600.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 05 | सिमरिया | बन्हे | गोवाखुर्द | जुगन भुईयाँ के घर से तेजा गंझू के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 798746.00 | 16000.00 | 1250.00 | 1 माह |
| 06 | सिमरिया | बन्हे | बन्हे | कासीम के घर से हलीम मियाँ के घर तक पी0सी0सी0 पथ निमार्ण। | 2466231.00 | 49400.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 07 | सिमरिया | बन्हे | बन्हे | बैजु सिंह के घर से बिरजु भुईयाँ के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 659014.00 | 13200.00 | 1250.00 | 1 माह |
| 08 | सिमरिया | बन्हे | बन्हे | सिमरिया कला में टिकुलिया में नदुली भुईयाँ के घर से गोला राम के घर तक पी0सी0सी0 पथ निमार्ण। | 1520000.00 | 30400.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 09 | सिमरिया | जाँगी | चाडरम | संतोष गंझू के घर से विफा भुईयां के घर तक पी0सी0सी0 पथ निमार्ण। | 1212009.00 | 24300.00 | 2500.00 | 1 महा |

2. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि – 09.06.2023
3. ई –निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 16.06.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. (i) एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा एवं (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 17.06.2023पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 19.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता एन॰आर॰ई॰पी॰ चतरा
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं॰ – 8789430732 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई–निविदा शूल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउण्ट से ही निर्गत बैंक ड्राप्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन॰आर॰ई॰पी॰ चतरा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. Ucan Registration फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www. jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा

PR 298821 (NREP)23-24*D

# ऑस्ट्रेलियाई टीम विराट, पुजारा के बारे में बात करेगी : पोंटिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**


ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में भारत की उम्मीदों की कुंजी हो सकते हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम आगामी मैच से पहले उम्मीद के मुताबिक बल्लेबाजी के इन दिग्गजों पर चर्चा करेगी। पुजारा ने किसी भी अन्य टीम की तुलना में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अधिक टेस्ट रन और शतक बनाए हैं और पोंटिंग के अनुसार डब्ल्यूटीसी फाइनल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पुजारा उस रिकॉर्ड की ओर मुड़ सकते हैं। नंबर 3 के विश्वसनीय बल्लेबाज ने पहले ही



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 टेस्ट मैचों में 2033 रन और पांच शतक बना लिए हैं और अब जब टीमें 7 जून से डब्ल्यूटीसी फाइनल में भिड़ेंगी तो भारत की संभावनाओं के लिए पुजारा की फॉर्म महत्वपूर्ण होगी। विराट कोहली को निर्णायक मैच में भारत की उम्मीदों की दूसरी कुंजी के रूप में देखा जा रहा है, खासकर अब जब वह फॉर्म में लौटे हैं और मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे और अंतिम टेस्ट में आत्मविश्वास से भरे 186 रन बना चुके हैं। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, ऑस्ट्रेलियाई टीम विराट के बारे में बात करेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है, और वे पुजारा के बारे में बात करेंगे। वे दो ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर बात की जानी चाहिए। पुजारा अतीत में और ऑस्ट्रेलिया में उनके पक्ष में एक कांटा रहा है, और यह विकेट संभावित रूप से ऑस्ट्रेलियाई पिच की तरह बहुत अधिक होगा। वे जानते हैं कि उन्हें पुजारा को जल्दी आउट करना होगा।

पोंटिंग ने कहा, वे यह भी जानते हैं कि पिछले कुछ हफ्तों में विराट शायद टी20 क्रिकेट में अपने पूर्ण सर्वश्रेष्ठ फॉर्म पर वापस आ गए हैं। उन्होंने मुझे बताया कि अभी उन्हें जो लग रहा है वह यह है कि वह लगभग अपने सर्वश्रेष्ठ पर वापस आ गए हैं, और यह ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए एक बार के मैच में जाने के लिए एक अशुभ चेतावनी है। जबकि पोंटिंग ने कप्तान रोहित शर्मा को एक बल्लेबाज के रूप में जोड़ा कि भारत को द ओवल में डब्ल्यूटीसी फाइनल को प्रभावित करने की आवश्यकता होगी, उन्होंने परिणाम पर प्रभाव डालने के लिए युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का भी समर्थन किया। गिल को हाल ही में चार मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला में अंतिम दो टेस्ट के लिए चुना गया था और उन्होंने इस साल की शुरूआत में अहमदाबाद टेस्ट में 128 रन बनाकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने का दावा किया था। 23 वर्षीय ने ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे पर 2020 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और 51.8 की औसत से 259 रनों से प्रभावित किया, लेकिन अभी तक शीर्ष क्रम में लगातार अपनी जगह नहीं बना पाए हैं। के.एल. राहुल चोट के कारण डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर हो गए। यह गिल के लिए चमकने और एक उच्च-दांव संघर्ष में अपनी छाप छोड़ने का समय हो सकता है।

# किरण जॉर्ज क्वार्टर फाइनल में कैरोलिना मारिन से हारीं अश्मिता



**एजेंसी। बैंकाक**

किरण जॉर्ज ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 इवेंट में पहली बार क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया, लेकिन अश्मिता चालिहा को पूर्व ओलंपिक और विश्व चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से गुरुवार को हार का सामना करना पड़ा। ओडिशा ओपन 2022 चैंपियन किरण जॉर्ज ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए राउंड ऑफ 16 में दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी चीन के वेंग होंग यांग को सीधे गेमों में 21-11, 21-19 से हराया। किरण जॉर्ज ने बुधवार को पहले दौर में चीन के तीसरी वरीयता प्राप्त शि यू-की को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। महिला एकल में, अश्मिता 2016 रियो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता और तीन बार की विश्व चैंपियन (2014, 2015, 2018) मारिन से 21-18, 21-13 से हार गईं।

पुरुषों के एकल संघर्ष में, किरण जॉर्ज ने थाई राजधानी में इंडोर स्टेडियम हुआमार्क में कोर्ट 2 पर खेले गए मैच में पहले गेम में 2-2 के स्कोर के बाद शुरूआती बढ़त लेते हुए 6-3 की बढ़त बना ली। चीनी शटलर ने हालांकि स्कोर 8-8 से बराबर कर लिया। लेकिन किरण जॉर्ज फिर से 12-9 से आगे हो गए और 21-11 से पहला गेम जीत लिया।

दूसरा गेम कांटे की टक्कर का था जिसमें बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 59वें स्थान पर मौजूद 23 वर्षीय भारतीय ने 5-2 की शुरूआती बढ़त बना ली लेकिन उनके चीनी प्रतिद्वंद्वी ने 5-5 से बराबरी कर ली। लीड ने नियमित अंतराल पर हाथ बदले क्योंकि खिलाड़ी 17-17 तक बराबरी पर थे। किरण जॉर्ज 19-17 से आगे हो गए लेकिन वांग ने फिर स्कोर 19-19 से बराबर कर लिया। भारतीय शटलर ने अब अगले दो अंक जीतकर 39 मिनट में मैच जीत लिया और अंतिम आठ में पहुंच गए।

अश्मिता ने अपने राउंड ऑफ 16 के शुरूआती गेम में मारिन के साथ अच्छा संघर्ष किया, जिसने 5-0 की बढ़त बना ली। अश्मिता ने मार्जिन घटाकर 4-5 और फिर 7-8 कर दिया क्योंकि वह प्रत्येक अंक के लिए लड़ी।

# सेविला ने रिकॉर्ड सातवीं बार जीता यूरोपा लीग का खिताब




**एजेंसी। बुडापेस्ट**

सेविला ने बुधवार को एएस रोमा को पेनल्टीशूट आउट में 4-1 से हराकर रिकॉर्ड सातवीं बार यूरोपा लीग का खिताब जीता। मैच में रोमा ने शानदार शुरूआत की। 34वें मिनट में पाउलो डायबाला ने गोल कर रोमा को 1-0 से आगे कर दिया। इसके बाद मैच के 55वें मिनट में रोमा के डिफेंडर गियानलुका मैनसिनी के आत्मघाती गोल की बदौलत सेविला ने 1-1 की बराबरी कर ली। तय समय तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं, जिसके बाद शूटआउट का सहारा लिया गया, गोंजालो मोंटील ने विजयी किक मारी, जैसा कि उन्होंने फ्रांस के खिलाफ विश्व कप फाइनल में अर्जेंटीना के लिए किया था, और सेविला को सातवीं बार खिताब दिला दिया। शूटआउट में सेविला के कीपर यासिन बाउनो नायक बनकर उभरे, उन्होंने गियानलुका मैनसिनी और रोजर इबनेज से पेनल्टी बचाई। वहीं, सेविला ने अपने शुरूआती चार मौकों को गोल में बदलकर खिताब पर कब्जा किया। रेफरी एंथोनी टेलर द्वारा मैच में 14 येलो कार्ड दिए गए जो यूरोपा लीग के मैच में अब तक का सबसे अधिक है। मैच में कुल मिलाकर लगभग 30 मिनट का ठहराव समय था। बता दें कि सेविला के लिए यह सीजन काफी कठिन रहा है। सीजन के दौरान सेविला का ला लीगा में काफी खराब प्रदर्शन रहा, इस दौरान उसने अपने दो प्रबंधकों को निकाल दिया।

## एशिया कप 2023 : एसीसी ने बनाया प्लान

# पाक के बिना होगा एशिया कप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एशियन क्रिकेट काउंसिल द्वारा 2 सितंबर से 17 सितंबर तक आयोजित किए जाने वाले एशिया कप जिसकी मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है और इसका विवाद रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आपको बता दें की एसीसी अध्यक्ष जय शाह ने पाकिस्तान के बिना इस टूर्नामेंट को करवाने का प्लान बनाया है। शाह ने पाकिस्तान के हाइब्रिड मॉडल को अपनाने से इंकार कर दिया है। इससे पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा है और उसके पास मेजबानी गंवाने या टूर्नामेंट से बाहर होने का ऑपशन नहीं बचा है।

वहीं एशिया क्रिकेट काउंसिल ने इस टूर्नामेंट का आयोजन श्रीलंका में करवाने का फैसला लिया है और इसकी तैयारी भी शूरु कर ली है। अगर पाकिस्तान को एशिया कप में हिस्सा लेना है तो उसे श्रीलंका में ही खेलना होगा। अगर पाकिस्तान इस




विकल्प को स्वीकार करने से मना करता है तो उसे एशिया कप से बाहर ही रहना होगा। टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार आईपीएल फाइनल के दौरान हुई बैठक में एशिया कप की बाकी टीमें पाकिस्तान के बिना खेलने को तैयार हैं।

### एसे हुआ पूरा विवाद

इस साल एशिया कप की मेजबानी का अधिकार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पास है। आपको बता दें की पाकिस्तान के साथ भारत के सुरक्षा सम्बंध सही नहीं हाने की वजह से बीसीसीआई ने अपनी टीम को भेजने से इंकार दिया है। जिसके बाद पीसीबी अध्यक्ष नजीम सेठी ने हाईब्रीड मॉडल भी सुझाया जिसमे कहा गया था, भारतीय टीम अपने सारे मैच पाकिस्तान से बाहर खेलेगी। लेकिन इसे स्वीकार करने से बीसीसीआई ने मना कर दिया है। जिसके बाद श्रीलंका ने मेजबानी के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। इसका आखिरी फैसला एसीसी की बैठक में लिया जाएगा।

### ऋषभ पंत करेंगे वापसी, बीसीसीआई सूत्र ने बताया लौटने का वक्त



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज-विकेटकीपर ऋषभ पंत दिसंबर 2022 में एक सड़क हादसे में चोटिल हो गए थे। चोटें लगने की वजह से वह कुछ महीनो से क्रिकेट से से दूर है, इसी वजह से वह आईपीएल 2023 सीजन में भी भाग नहीं ले सके। आपको बता दें की इंग्लैंड में होने वाला वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल खेलने की भी कम संभावना है।

# अफगानिस्तान के राशिद खान श्रीलंका के खिलाफ पहले दो वनडे से बाहर

**एजेंसी। कोलंबो**

अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान, जिन्होंने इस सप्ताह की शुरूआत में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडिया प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 का फाइनल खेला था, उनकी पीठ के निचले हिस्से में चोट लग गई है और वह श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही वनडे सीरीज के पहले दो मैचों से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि राशिद पूर्ण चिकित्सा निगरानी में रहेंगे, और 7 जून को अंतिम मैच के लिए लौटने की उम्मीद है। तीन मैचों की श्रृंखला शुक्रवार (2 जून) को हंबनटोटा में पहले वनडे के साथ शुरू होगी, दूसरा मैच दो दिन बाद उसी मैदान पर खेला जाएगा। एकदिवसीय श्रृंखला के सात दिन बाद, अफगानिस्तान को चटोग्राम में बांग्लादेश के खिलाफ एकमात्र टेस्ट खेलना है। राशिद आईपीएल 2023 में मोहम्मद शमी




के बाद गुजरात टाइटन के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज थे। उनकी टीम सोमवार रात फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स से हार गई थी। वह 27 विकेट के साथ टूर्नामेंट के संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। राशिद की गैरमौजूदगी में मोहम्मद नबी, मुजीब उर रहमान और नूर अहमद को अफगानिस्तान के स्पिन विभाग में अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। पिछले महीने, अफगानिस्तान ने श्रीलंका वनडे के लिए हशमतुल्लाह शाहिदी के नेतृत्व में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी। आगामी एकदिवसीय विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने के बाद, अफगानिस्तान अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की तैयारी के लिए श्रीलंका के खिलाफ सीरीज पर नजर गड़ाए हुए है।

# क्रिकेट वेस्ट इंडीज नए निदेशक की तलाश में

**एजेंसी। सेंट जोन्स (एंटीगा)**

क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) नए निदेशक की तलाश कर रहा है क्योंकि जिमी एडम्स का कार्यकाल जून के अंत में समाप्त होने वाला है। एडम्स, जिन्होंने वेस्ट इंडीज के लिए 54 टेस्ट और 127 एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले, जनवरी 2017 से इस भूमिका में हैं। सीडब्ल्यूआई ने घोषणा की है कि पद के लिए नए आवेदकों की समय सीमा 14 जून है। एडम्स का कार्यकाल समाप्त होने वाला है जब उनका अनुबंध समाप्त हो जाएगा, नए उम्मीदवार को इस महत्वपूर्ण भूमिका को निभाने का अवसर मिलेगा। सीडब्ल्यूआई के सीईओ जॉनी ग्रेव ने कहा, हम पिछले साढ़े छह वर्षों में जिमी द्वारा किए गए नेतृत्व और योगदान के लिए बेहद आभारी हैं। उन्होंने विशेष रूप से कोच शिक्षा और विकास, खेल विज्ञान और चिकित्सा के संबंध में और हाल ही में लॉन्च के साथ हमारी उच्च-प्रदर्शन संरचना तथा एंटीगा में कूलिज क्रिकेट ग्राउंड (सीसीजी)



पर आधारित हमारी अकादमी पर काम किया है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि जिमी खेल, विशेष रूप से वेस्टइंडीज क्रिकेट में योगदान देना जारी रखेंगे। इसके अलावा, क्रिकेट के निदेशक के रूप में एडम्स के नेतृत्व में, क्रिकेट वेस्ट इंडीज ने कैरेबियन प्रीमियर लीग की शुरूआत की और एक नई चयन नीति लागू की जिसमें अलग-अलग महिला और युवा चयन पैनल नियुक्त करना शामिल था। एडम्स के कार्यकाल में, वेस्टइंडीज की पुरुष टीम को मैदान पर महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

# जियोसिनेमा पर 12 करोड़ से अधिक लोगों ने देखा आईपीएल का खिताबी मुकाबला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के खिताबी मुकाबले को जियोसिनेमा पर 12 करोड़ से अधिक लोगों ने देखा। इसी के साथ आईपीएल 2023 विश्व स्तर पर सबसे ज्यादा देखा जाने वाला डिजिटल इवेंट बन गया। जियोसिनेमा के रिकॉर्ड तोड़ कंज्यूमर इंगेजमेंट के पीछे का कारण यह था कि टाटा आईपीएल के इस आधिकारिक डिजिटल स्ट्रीमिंग पार्टनर ने 2023 सीजन को 12 भाषाओं में फैंस के सामने पेश किया, जिसमें 17 फीड्स थे। ये प्रसारण दर्शकों को एआर-वीआर और 360 डिग्री व्यूइंग के साथ मैच को हर कोण से देखने की आजादी देते थे। इस कारण आईपीएल देखने का फैंस का अनुभव पहले से अधिक रोचक और एक्शन भरपूर बन गया। इसी कारण प्रति मैच हर मैच में दर्शकों द्वारा इस प्लेटफार्म पर औसतन 60 मिनट समय बिताया गया। जियोसिनेमा 2.5 करोड़ से




अधिक डाउनलोड रजिस्टर हुए। यह एक ही दिन में सबसे अधिक इंस्टॉल किए गए किसी भी ऐप की रिकॉर्ड संख्या है। पहले चार हफ्तों के दौरान इसे अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिली और उसके बाद, जियोसिनेमा ने फैंस को प्रसन्न करने के लिए 360-डिग्री व्यूइंग फीचर जारी किया, जो डिजिटल पर इमर्सिव फैन इंगेजमेंट की शक्ति को प्रदर्शित करता है। जियोसिनेमा ने -जीतो धन धना धन- की शुरूआत करके और 30 से अधिक शहरों में फैंस को टाटा आईपीएल फैन पार्कों में आमंत्रित करके अपने डिजिटल-फर्स्ट आफरिंग का विस्तार किया। वायाकॉम 18 स्पोर्ट्स के सीईओ अनिल जयराज ने कहा, 'जियोसिनेमा ने टाटा आईपीएल के दौरान अपने प्रायोजकों और विज्ञापनदाताओं को कई ऑफर दिए। इनमें टारगेटिंग, फ्लेक्सिबिलिटी ऑफ कास्ट, मेजरमेंट, इंटरेक्टिविटी, रीच और इंट्रीगेशन शामिल हैं। डिजिटल पर उल्लेखनीय इन्गेजमेंट और पार्टिसिपेशन इस उद्योग में एक महत्वपूर्ण मोड़ है जहां दर्शकों और विज्ञापनदाताओं दोनों ने अपनी पसंद और प्राथमिकता स्पष्ट कर दी है। इससे दर्शकों की संख्या के साथ-साथ ऐड एक्स को आगे बढ़ने के लिए एक महत्वपूर्ण रास्ता मिल गया है।

**परेशान** | आईओसी ने पहलवानों के खिलाफ पुलिस कारवाई की निंदा की

# आईओए से एथलीटों की सुरक्षा करने का आग्रह किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने सप्ताहांत में प्रदर्शनकारी पहलवानों के साथ दिल्ली पुलिस की कथित बदसलूकी की निंदा करते हुए इसे 'परेशान करने वाला' बताया और रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जांच के दौरान अधिकारियों से 'खिलाड़ियों की सुरक्षा' सुनिश्चित करने का आग्रह किया। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग, खेल की विश्व शासी निकाय, द्वारा इसी तरह के एक बयान के करीब, आईओसी ने भी भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से विरोध करने वाले पहलवानों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया।

23 अप्रैल से, ओलंपियन बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट के नेतृत्व में प्रमुख भारतीय पहलवान जंतर-मंतर पर धरना दे रहे थे, जिसमें एक



नाबालिग सहित महिला एथलीटों के यौन उत्पीड़न को लेकर बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग की जा रही है।

सप्ताहांत में भारतीय पहलवानों के साथ व्यवहार बहुत परेशान करने वाला था। आईओसी जोर देकर कहता है कि पहलवानों द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद स्थानीय कानून के अनुसार निष्पक्ष, आपराधिक जांच की जानी चाहिए। आईओसी ने कुछ मीडिया घरानों को दिए एक बयान में कहा, ₹हम समझते हैं कि इस तरह की एक आपराधिक जांच की दिशा में पहला कदम उठाया गया है, लेकिन ठोस कार्रवाई दिखाई देने से पहले और कदम उठाने होंगे। हम आग्रह करते हैं कि इस प्रक्रिया के दौरान इन एथलीटों की सुरक्षा और भलाई पर विधिवत विचार किया जाए और जांच तेजी से निष्कर्ष पर पहुंचे।

आईओसी ने इस मामले के संबंध में, खेल के लिए वैश्विक शासी निकाय यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के साथ अपने करीबी संचार की भी पुष्टि की। आरोपों की शुरूआत से ही, आईओसी यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के साथ निकट संपर्क में रही है, जिसने पहले ही उपाय कर लिए हैं। आईओसी इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए सक्षम खेल प्राधिकरण के रूप में यूडब्ल्यूडब्ल्यू का समर्थन करता है क्योंकि यह भारत में कुश्ती के खेल के शासन से संबंधित है। हमें यूडब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा सूचित किया गया है कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष वर्तमान में नहीं हैं।

आईओसी अपने सभी प्रयासों में और खेल में उत्पीड़न और दुर्व्यवहार से एथलीटों की सुरक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघों और एनओसी के लिए आईओसी दिशानिर्देशों के ढांचे में यूडब्ल्यूडब्ल्यू का समर्थन करना जारी रखेगा।

बयान में कहा गया है, आईओसी भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से एथलीटों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करने और यह सुनिश्चित करने के लिए भी आग्रह करता है कि डब्ल्यूएफआई के चुनाव योजना के अनुसार हो रहे हैं और यूडब्ल्यूडब्ल्यू के नियमों के अनुरूप हो रहे हैं।

पिछले सप्ताह के अंत में, विरोध करने वाले पहलवानों को दिल्ली पुलिस ने नए संसद भवन की ओर उनके मार्च के दौरान हिरासत में लिया था। जैसे ही प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा घेरा तोड़ने की कोशिश की, एक भयंकर संघर्ष छिड़ गया - पहलवानों और पुलिस ने एक दूसरे के साथ धक्का-मुक्की और हाथापाई की।

अगले दिन, पहलवानों ने धमकी दी कि वे अपने पदक हरिद्वार में गंगा नदी में बहा देंगे और इंडिया गेट पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर चले जाएंगे।

इस घटना के बाद, यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने मंगलवार को एक कड़े बयान में पहलवानों के साथ मारपीट की निंदा की और 45 दिनों की समय सीमा के भीतर चुनाव प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर भारतीय कुश्ती महासंघ को निलंबित करने की भी धमकी दी।

